■ वर्ष 29 अंक 95 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर रविवार 29 सितम्बर 2024 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

30वीं नेशनल कांफ्रेंस ऑफ इंडियन सोसाइटी ऑफ ओरल इंप्लांटोलॉजिस्ट में बोले मुख्यमंत्री

## आयुष्मान योजना के तहत दांत के इलाज की सिफारिश करेंगे

इंदौर।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वे आयुष्मान योजना के तहत दांत के इलाज की सिफारिश करेंगे। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब आयुष्मान योजना के तहत 70 साल से ऊपर के लोगों को भी इलाज की सुविधा दी है। इतना ही नहीं आयुष्मान कार्डधारी को एयर एम्बुलेंस की सुविधा भी दी जा रही है। सीएम शनिवार को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 30वीं नेशनल कांफ्रेंस ऑफ इंडियन सोसायटी ऑफ ओरल इंप्लांटोलाजिस्ट का शुभारंभ करने आए थे।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर क्षेत्र में नवाचार किए और ऐसे कामों को प्रोत्साहन दिया है। जब प्रदेश में हमारी सरकार बनी तो हेल्थ और हेल्थ एजुकेशन दो मंत्रालय थे। मैंने सबसे पहले दोनों को एक किया, ताकि हेल्थ की सुविधा भी अच्छी



मिले और एजुकेशन व्यवस्था भी ठीक रहे।

### चिकित्सा क्षेत्र में इन्वेस्टमेंट पर 40 फीसदी सब्सिडी

सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश में चिकित्सा के क्षेत्र में इन्वेस्टमेंट करने पर सरकार की तरफ से 40 फीसदी तक की सब्सिडी दी जा रही है। मध्यप्रदेश देश का दिल है, आप दिल के करीब आइए। सरकार जमीन से लेकर हर तरह की मदद आपको करेगी।

### दांत तोड़ने की बात सब करते हैं

सीएम ने कहा कि यहां दांत तोड़ने की बात तो सब करते हैं, लगाने वाले कम मिलते हैं। आपकी दुनिया बहुत अलग है। पहले नकली दांत लगाते थे, जिसे साफ करना पड़ता है। अब तो इंप्लांट करा लो और भूल जाओ। निकालने और साफ करने का झंझट नहीं। कार्यक्रम में मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक मालिनी गौड़, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित कई नेता व दंत चिकित्सक मौजूद थे।

# बेंगलुरु कोर्ट का निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर का आदेश

## इलेक्टोरल बॉन्ड्स के जरिए जबरन वसूली का आरोप

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक स्पेशल कोर्ट ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। वित्त मंत्री पर इलेक्टोरल बॉन्ड्स के जरिए जबरन वसूली का आरोप लगाया गया है। जनाधिकार संघर्ष परिषद के आदर्श अय्यर ने बेंगलुरु में शिकायत दर्ज कर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुये अदालत ने बेंगलुरु के तिलक नगर पुलिस



स्टेशन को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को होगी। इधर, इस खबर के सामने आने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्रीय वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। सिद्धारमैया ने कहा है कि, कर्नाटक भाजपा के नेता सीतारमण के इस्तीफे के लिए कब प्रदर्शन और मार्च करेंगे। अगर निष्पक्ष जांच होती है, तो प्रधानमंत्री मोदी और कुमारस्वामी को भी इस्तीफा देना चाहिए।

### शिकायत में जेपी नड्डा का भी नाम

जनाधिकार संघर्ष परिषद ने अप्रैल में 42वीं एसीएमएम कोर्ट में दायर याचिका में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ईडी अधिकारियों, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं, तत्कालीन भाजपा कर्नाटक अध्यक्ष नलिन कुमार कटील, बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया है कि अप्रैल 2019 से अगस्त 2022 तक व्यवसायी अनिल अग्रवाल की फर्म से लगभग 230 करोड़ रुपए और अरबिंदो फार्मेसी से 49 करोड़ रुपए चुनावी बॉन्ड के जरिए वसूले गए।

### सुको ने कहा था- स्कीम असंवैधानिक

15 फरवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक फंडिंग के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- यह स्कीम असंवैधानिक है। बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। कोर्ट ने एसबीआई और चुनाव आयोग को आदेश दिया था कि वह इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा पूरा डेटा सार्वजनिक करे।

### वित्त मंत्री ने कहा था- स्कीम वापस लाएंगे

लोकसभा चुनाव से पहले वित्त मंत्री ने बॉन्ड स्कीम को दोबारा लाने का संकेत दिया था। निर्मला सीतारमण ने एक इंटरव्यू में कहा कि अगर हम सत्ता में आए तो इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को फिर से वापस लाएंगे। इसके लिए पहले बड़े स्तर पर सुझाव लिए जाएंगे। हालांकि कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने उनके इस बयान पर कहा था- अब बीजेपी लोगों को और कितना लूटना चाहती है।

**यह है पूरा मामला**

इस योजना को 2017 में ही चुनौती दी गई थी, लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई। 12 अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी पॉलिटिकल पार्टियों को निर्देश दिया कि वे 30 मई, 2019 तक एक लिफाफे में चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी चुनाव आयोग को दें। हालांकि, कोर्ट ने इस योजना पर रोक नहीं लगाई। बाद में दिसंबर, 2019 में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए एक आवेदन दिया। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया कि किस तरह चुनावी बॉन्ड योजना पर चुनाव आयोग और रिजर्व बैंक की चिंताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार किया था।

# 26 नवंबर से पहले होंगे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

### मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दी जानकारी

मुंबई।



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। इसके पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। तारीखों का ऐलान अगले महीने होने की उम्मीद है। राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस एस संधू दो दिन के महाराष्ट्र दौरे पर हैं। उन्होंने यहां विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर, सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस, समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके अलावा उन्होंने शिवसेना, शिवसेना यूबीटी, मनसे, बसपा, आप समेत 11 पार्टियों से मुलाकात की। सभी पार्टियों ने मांग की है कि दिवाली, देव दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहारों को ध्यान में रखकर चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाए। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हमने महाराष्ट्र सरकार से उन अधिकारियों का तबादला करने का अनुरोध किया है, जो अपने गृह जिले या मौजूदा पोस्टिंग में 3 साल से अधिक समय से सेवा दे रहे हैं। यह वोटर्स का अधिकार है कि उन्हें पता हो किस कैंडिडेट का क्रिमिनल बैकग्राउंड है। पार्टियों को अपने कैंडिडेट के बारे में ये जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए।

## गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**शिवपुरी।** शिवपुरी में तीन बच्चों की गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। शनिवार सुबह संजय पिता कारू बंजारा उम्र 8 साल, रवि पिता सरवन बंजारा उम्र 9 साल और नीरज पिता धारा बंजारा उम्र 10 साल खेलते-खेलते बस्ती से बाहर आए और गड्ढे में भरे पानी में नहाने लगे। इसी दौरान गहराई में चले जाने पर तीनों डूब गए। इनमें नीरज 6 बहनों का इकलौता भाई था। घटना जिले के कोलारस थाना क्षेत्र के निवोदा गांव में बंजारा समाज की बस्ती की है।

## मुठभेड़ में 2 आतंकी ढेर, एएसपी सहित 4 सुरक्षाकर्मी घायल

**श्रीनगर।** कश्मीर में कुलगाम के आदिगाम देवसर इलाके में शनिवार को एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों आकिब अहमद शेरगोजरी और उमैस वानी को मार गिराया। गोलीबारी में सेना के 4 जवान और कुलगाम के एएसपी घायल हुए हैं। पांचों को इलाज के लिए श्रीनगर शिफ्ट किया गया है। उधर, जम्मू में कठुआ जिले के लहरी गांव रसानी में भी आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। यहां सुरक्षाबलों की पेट्रोलिंग पार्टी पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की। यहां दो से तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। एनकाउंटर जारी है।

## इच्छामृत्यु को लेकर गाइडलाइन जारी

### आईएमए के अध्यक्ष बोले- इससे तनाव में आएंगे डॉक्टर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु यानी गंभीर रूप से बीमार मरीजों का लाइफ सपोर्ट हटाने को लेकर नई गाइडलाइन का ड्राफ्ट जारी किया है। इसमें कहा गया है कि डॉक्टरों को कुछ शर्तों को ध्यान में रखकर बेहद सोच-समझकर ये फैसला लेना होगा कि मरीज का लाइफ सपोर्ट हटाया जाना चाहिए या नहीं। गाइडलाइन्स में चार शर्तें तय की गई हैं, जिनके आधार पर यह फैसला लिया जाएगा कि लाइफ सपोर्ट को रोकना मरीज के हित में उचित है। यह तब किया जाएगा जब यह साफ हो कि गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीज को लाइफ सपोर्ट से कोई फायदा होने की संभावना नहीं है, या लाइफ सपोर्ट पर रखने से मरीज की तकलीफ बढ़ने और गरिमा को नुकसान पहुंचने की संभावना हो। सरकार की इन गाइडलाइन्स को लेकर मेडिकल फ्रेटरनिटी में असंतोष देखा जा रहा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. आर.वी. असोकन ने कहा कि ये दिशा-निर्देश डॉक्टरों को कानूनी जांच के दायरे में लाएंगे और उन पर तनाव डालेंगे।

## जम्मू-कश्मीर में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनेगी: मोदी

### प्रधानमंत्री ने कहा- अब कोई भी देश के खिलाफ साजिश रचने की हिम्मत नहीं करेगा

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में ऐतिहासिक चुनाव हो रहे हैं, क्योंकि पहली बार केंद्र शासित प्रदेश में पूर्ण बहुमत वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार बनेगी। श्री मोदी ने यह भी कहा कि सितंबर 2016 में हुई सर्जिकल स्ट्राइक ने भारत के दुश्मनों को हिलाकर रख दिया है और अब कोई भी देश के खिलाफ साजिश रचने की हिम्मत नहीं करेगा, क्योंकि आतंकवाद के आकाओं को पता है कि मोदी उन्हें कहीं भी छुपकर ढूंढ निकालेंगे। प्रधानमंत्री ने जम्मू में विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनकी आखिरी चुनावी रैली है, क्योंकि एक अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर में चुनाव खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा आज 28 सितंबर है, पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक सर्जिकल स्ट्राइक की सालगिरह है। इसी दिन हमने दुश्मनों को उनके घरों में घुसकर मारा और दुनिया को दिखाया कि



यह नया भारत है, जिसे अब और हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा कि 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकवाद के आकाओं को सबसे बड़ा सबक सिखाया है क्योंकि अब कोई भी भारत की संप्रभुता को छूने की हिम्मत नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री ने कहा 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकवाद के समर्थकों को सबक सिखाया है कि भारत की संप्रभुता को छूने की हिम्मत कोई नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई भारत के खिलाफ कोई हरकत करता है, तो मोदी सरकार उन्हें कहीं भी छुप जाने की जगह नहीं देगी और उन्हें सबक सिखाएगी।

### भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि

उन्होंने पूछा क्या वे वोट के लायक हैं? उन्होंने कहा कि आज स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की जयंती भी है। उन्होंने कहा आज मैं इस शहीद नायक को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। श्री मोदी ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों के दौरान उन्होंने चुनावी रैलियों को संबोधित करने के लिए जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों की यात्रा की। उन्होंने कहा मैं जहां भी गया, मैंने लोगों में भाजपा के प्रति बहुत उत्साह देखा। जम्मू-कश्मीर के लोग कांग्रेस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और नेशनल कांफ्रेंस से थक चुके हैं।

## मणिपुर में फिर हिंसा: मैतेई गांव में अंधाधुंध फायरिंग



**इंफाल।** मणिपुर के जिरीबाम जिले में शनिवार 28 सितंबर को फिर हिंसा हुई। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध उपद्रवियों ने सुबह करीब 11:30 बजे मोंगबुंग मैतेई गांव में अंधाधुंध फायरिंग की। गांव के वालंटियर ने जवाबी कार्रवाई की। फिलहाल गोलीबारी जारी है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा रहा है। दूसरी तरफ चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों में आज बंद का दूसरा दिन है। इसके कारण बाजार बंद रहे। सड़कें वीरान दिखीं। अधिकारियों ने बताया कि कुकी-जो समूहों ने दोनों जिलों में आज रविवार 29 सितंबर तक बंद का आह्वान किया है। इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम और कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन सहित अन्य कुकी समुदाय सिक्योरिटी एडवाइजर कुलदीप सिंह के बयान का विरोध कर रहे हैं। कुलदीप सिंह ने 20 सितंबर को दावा किया था कि मणिपुर में म्यांमार से 900 कुकी उग्रवादी घुस गए हैं। पुलिस ने कांगपोकपी जिले के लोइचिंग रिज से दो 303 राइफल, मैगजीन के साथ एक 9 मिमी पिस्तौल, कारतूस, चार हैंड ग्रेनेड, दो डेटोनेटर और एक देसी मोर्टार और लंबी दूरी का इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार जब्त किया है।

# दिव्यांग बच्चों की परेशानियां समझे न्याय व्यवस्था : सीजेआई




नई दिल्ली।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि न्याय व्यवस्था को दिव्यांग बच्चों की जरूरतों को समझना चाहिए। मेरी दो दिव्यांग बेटियां हैं, जिन्होंने मेरा दुनिया देखने का नजरिया ही बदल दिया है। सीजेआई बाल संरक्षण पर नौवे नेशनल एनुअल स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन वर्कशॉप को संबोधित कर रहे थे। सीजेआई, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और जस्टिस नागरत्ना ने दिव्यांग व्यक्तियों पर हैंडबुक जारी की। यह समाज को सही शब्दावली का इस्तेमाल करने में मदद करेगी। सीजेआई ने कहा कि हमारी न्याय व्यवस्था में पुलिस से लेकर कोर्ट रूम तक दिव्यांग बच्चों की परेशानियों को समझा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को शारीरिक चुनौतियों के साथ-साथ समाज में मौजूद गलत धारणाओं का भी सामना करना पड़ता है। दिव्यांग लिंग, जाति और आर्थिक स्थिति के साथ मिलकर और भी अधिक भेदभाव पैदा करती है। उन्होंने जूडिशल सिस्टम में पुनर्स्थापनात्मक न्याय (रेस्टोरेटिव जस्टिस) के तरीकों को शामिल करने पर जोर दिया, जिससे बच्चों को शिक्षा और वोकेशनल ट्रेनिंग मिल सके। समानता, सम्मान और भेदभाव न होना दिव्यांग बच्चों के मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि ऐसे दिव्यांग बच्चों का कोई डाटा नहीं जो सेक्सुअल ऑफेंस से पीड़ित होते हैं या कानून के साथ कैसे भी टकराते हैं। ऐसे दिव्यांग बच्चों के मुद्दों के दायरे को समझे बिना नीतियां कैसे बना सकते हैं और समाधान कैसे लागू कर सकते हैं? इस पर उन्होंने सुझाव दिया कि हमें जुवेनाइल जस्टिस के फ्रेमवर्क में डेटा कलेक्शन सिस्टम को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# केंद्र की नीतियों ने युवाओं का भविष्य बर्बाद किया

## कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- युवा विरोधी हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

नई दिल्ली।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवा विरोधी हैं और उनकी नीतियों ने युवाओं के लिए रोजगार के कोई अवसर पैदा नहीं किए हैं, जिससे देश का युवा बर्बाद हो गया है। खड़गे ने कहा बेरोजगारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं है। युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने में मोदी जी का सबसे बड़ा योगदान है। अभी आए पीएलएफएस के आँकड़ों को अगर बारीकी से देखें तो लाख कोशिशों के बावजूद ये सरकारी डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री से सवाल किया और कहा, नरेन्द्र मोदी को बताना चाहिए क्या 2023-24 में युवा बेरोजगारी 10.2 प्रतिशत के भयावह स्तर पर नहीं है। रंग-बिरंगे नारे देने और फोटोबाजी करने के बजाय प्रधानमंत्री ने युवाओं को नौकरियां देने के लिए क्या किया। क्या ये सच नहीं है कि जिन महिलाओं के पास रेगुलर आय की नौकरी है उनकी संख्या अब सात वर्षों में सबसे कम होकर मात्र 15.9 प्रतिशत रह गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा गाँव-देहात में अनपेड नौकरी करने वाली महिलाओं की संख्या 2017-18 के 51.9 प्रतिशत से बढ़कर अब 67.4 प्रतिशत नहीं हुई है, जो ग्रामीण बेरोज़गारी को दर्शाता है। विनिर्माण क्षेत्र पर रोज़ाना ढिंढोरा पीटने वाली मोदी सरकार ने इसमें पिछले सात वर्षों में रोज़गार में बढ़ोतरी क्यों नहीं की है। ये आंकड़ा 2017-18 के 15.85 प्रतिशत से लुढ़ककर अब 11.4 प्रतिशत कैसे रह गया।

## भाजपा ने हरियाणा का आत्मसम्मान तक छीन लिया : राहुल गांधी



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर शनिवार को जमकर हमला करते हुए कहा कि उसने पिछले एक दशक के दौरान हरियाणा की समृद्धि को ध्वस्त करके उसे बर्बाद कर दिया है। राहुल ने एक्स पर कहा भाजपा ने एक दशक में हरियाणा से उसकी समृद्धि, उसके सपने और शक्ति छीन ली। अग्निवीर से देशभक्त युवाओं की आकांक्षाएं छीन ली, बेरोजगारी से परिवारों की हंसी छीन ली और महंगाई से महिलाओं की आत्मनिर्भरता। काले कानून लाकर किसानों का हक़ तक छीन लेने का प्रयास किया तो नोटबंदी और गलत जीएसटी से लाखों छोटे व्यापारियों का मुनाफा छीन लिया। उन्होंने कहा अपने मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए हरियाणा का आत्मसम्मान तक छीन लिया। कांग्रेस की आने वाली सरकार दर्द के दशक का अंत करेगी।

# बिचारपुर कोल माईन, अल्ट्राटेक सीमेन्ट लिमिटेड में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

## स्वच्छता मित्रों को किया गया सम्मानित

शहडोल ।

भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा-2024 दिनाँक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 के तहत संभागीय मुख्यालय के समीप संचालित बिचारपुर कोल माईन, अल्ट्राटेक सीमेन्ट लिमिटेड, ग्राम सिंदूरी (चुनियाँ) के संस्थान प्रमुख सैयद खादरी के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा-2024 बड़े हर्षोल्लाष से मनाया जा रहा है, जिस कड़ी में शनिवार दिनाँक 28.09.2024 को सफ़ाई मित्र सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के मुखिया कलेक्टर डॉ. केदार सिंह (आई.ए.एस.), जिला पंचायत सीईओ अंजली रमेश (आई.ए.एस.) एवं अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर अरविंद शाह (आई.ए.एस.) की उपस्थिति गरिमामयी रही। स्वच्छता पखवाड़ा 2024 में निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप कलेक्टर,




जिला पंचायत सीईओ एवं अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर द्वारा बिचारपुर कोल माईन में कार्यरत सफ़ाई मित्रों के उत्साहवर्धन हेतु उन्हे पुरस्कृत किया, तथा च्एक पेड़ माँ के नामज्ज थीम के तहत वृक्षारोपण किया एवं खदान परिसर एवं आस पास क्षेत्र पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु जन जागरूकता रैली का आयोजन भी किया। विदित हों कि, स्वच्छता पखवाड़ा 2024 में निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप बिचारपुर कोल माईन में दिनाँक 17 सितम्बर 2024 स्वच्छता पखवाड़ा- 2024 बड़े ही हर्षोल्लाष से मनाया जा रहा है, जिसके तहत निर्धारित तिथि अनुसार विभिन्न कार्यक्रम जैसे स्वच्छता शपथ और बैनर, स्टैण्डी, डिजिटल प्रदर्शन, कार्यालय एवं माईन परिसर में स्वच्छता अभियान, च्एक पेड़ माँ के नामज्ज थीम के साथ वृक्षारोपण अभियान, कार्यालय के समीपवर्ती स्थान पर स्वच्छता अभियान, सफ़ाई मित्रों को मास्क, सैनिटाइजर, दस्ताने और अन्य सुरक्षा उपकरणों का वितरण, निबंध, वाद-विवाद, नारा लेखन, ड्राइंग, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता तथा कचरे से कला बनाने की परियोजना, तथा वॉकथॉन, सफ़ाई मित्र अभियान का आयोजन का कार्यक्रम किया गया साथ ही दिनाँक 01.10.2024 को निकटवर्ती विद्यालय ग्राम सिंदूरी स्थित माध्यामिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय एवं संचालित आँगनबाड़ी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, भी किया जाएगा।

अल्ट्राटेक सीमेन्ट लिमिटेड, बिचारपुर कोल माईन, सिंदूरी में आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के कार्यक्रम में खदान में कार्यरत समस्त कर्मचारियों, श्रमिकों ने बढ़-चढ़ कर अपनी अपनी सहभागिता दिखाई।



# वृक्ष ही जीवन का आधार है करें पौधरोपण : विधायक

### पेड़ों को जीवित रखना हम सब की जिम्मेदारी : कलेक्टर

**शहडोल ।** संभागीय मुख्यालय शहडोल के नगर पालिका शहडोल अंतर्गत सरफ़ा डैम में शनिवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान व एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान देश भर में चलाया गया है, इस अभियान में सभी लोग अपनी सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पेड़ों की बहुत आवश्यकता है, वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं जो जीव जंतुओ के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण को हरा भरा बनाने में सहभागिता निभाए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि पौधों का रोपण करें और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों की रक्षा करना हम सब की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया तथा सूखा एवं गीला कचरा के निपटान के संबंध में जानकारी दी गई।

शहडोल नगरपालिका के सरफ़ा डैम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए विधायक मनीषा सिंह कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आर.अंजली, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला सहित काफी संख्या में विद्यार्थियों ने पौधों का रोपण किया तथा पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी ली। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे ने किया।

# विज्ञापन प्रतियोगिता में दिखाए हुनर

हटा।

अग्रवाल समाज हटा द्वारा महाराजा अग्रसेन की जयंती पखवाड़ा समारोह के अंतर्गत अग्रवाल धर्मशाला हटा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। अभी तक के आयोजनों में प्रतिभागी घर से तैयारी करके आते थे और की गईं तैयारी को मूर्तरूप देकर अपना हुनर दिखाते थे किंतु एडवरटाइजिंग की दुनिया प्रतियोगिता में उपस्थित दर्शक दीर्घा में से ही समाज के एक पंच सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता अपना हुनर दिखाने से खुद को नहीं रोक पाए और अपने व्यवसाय का बेहतर ढंग से विज्ञापन प्रदर्शन किया। शुक्रवार को अग्रवाल धर्मशाला में एडवरटाइजिंग की दुनिया प्रतोयोगिता आयोजित हुई जिसके प्रायोजक श्रीमती ऋतु हरेंद्र अग्रवाल रही। पंजीकृत प्रतियोगियो से प्रेरित होकर समाज के पंच किराना ब्यापारी सुरेश फौजदार ने चना जोर गरम के बिक्रय का जोरदार विज्ञापन प्रस्तुत किया। इसी तरह समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता और मंच संचालक राकेश छेवला वालों ने रंग पेंट बिक्रय का शानदार प्रस्तुतिकरण किया। इनकी देखादेखी प्रतियोगिता से इतर अनेक प्रस्तुतियां हुई जिससे उपस्थितजनों ने आनंद का अनुभव किया। इस कार्यक्रम के अलावा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता अंतर्गत बासुदेव बनाने की प्रतियोगिता भी आयोजित हुई जिसमें 4 बच्चों ने बासुदेव का अभिनय किया। आयोजन के पूर्व परंपरानुसार महाराज अग्रसेन की आरती पूजन समाज अध्यक्ष उमेशचंद बजाज एवं पंचगण सुरेश फौजदार, नंद कुमार, रवि कुमार, जगदीश अग्रवाल ने महिला मंडल के सदस्यों एवं प्रतिभागियों की उपस्थिति ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजनों की उत्साहपूर्वक उपस्थिति रही।

# एनसीसी कैडेटों ने द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन

शहडोल।

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय विशेष सर्वेक्षण शिविर का आयोजन गोरतरा एवं हरदी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले गाँव में किया गया, शिविर के माध्यम से हर घर शौचालय विषय पर कुलगुरु प्रो. रामशंकर के मार्गदर्शन में वैज्ञानिक पद्धति के माध्यम से सर्वेक्षण कर एनसीसी कैडेटों द्वारा कचरे के प्रबंधन और स्वच्छता संबंधी




उपायों की जानकारी ली गई तथा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । रैली के दौरान ग्रामीणों को साफ सफाई कचरा प्रबंधन और शौचालयों के उचित उपयोग के बारे में जागरूक किया गया । रैली का उद्देश्य ग्राम वासियों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था रैली के माध्यम से खुल शौंच और नालियों के रख रखाव के लिए ग्राम वासियों से शपथ दिलाई गई।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के साथ सवच्छता कार्यशाला का आयोजन करना एवं प्रारंभिक अवस्था से ही सवच्छता के महत्व को समझाना और उन्हें स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करना था ।एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ गणेश सिंह साण्ड्या तथा महिला प्रशिक्षिका निशा सोनी के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।



## एक मिनिट प्रतियोगिता का आयोजन

**हटा।** अग्रसेन जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को अग्रवाल धर्मशाला हटा में एक मिनिट प्रतियोगिता दो वर्गों में अयोजित की गई। एक मिनट जूनियर प्रतियोगिता में 19 बच्चों ने हिस्सा लिया। वहीं एक मिनिट सीनियर प्रतियोगिता में 30 बालिकाओं महिलाओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के प्रायोजक अग्रवाल प्रतिभा विकाश मंच रहा। निर्णायक राकेशकांत अग्रवाल एवं भोले फौजदार रहे। आयोजन में समाज अध्यक्ष उमेशचंद बजाज पंच नंद कुमार अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, प्रतिभा विकास मंच के पंकज फौजदार, सौरभ अग्रवाल, रीतेश फौजदार, सत्यम अग्रवाल, सक्षम, दिव्यांशु, आकाश सहित महिला और बच्चों की उपस्थिति रही।

# सागर में हुई इन्वेस्टर मीट संभाग के लिए सौगात होगी : राज्यमंत्री

### दमोह में लग रही है 4 से 5 हजार करोड़ की इंडस्ट्री

दमोह।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री लखन पटेल ने कहा सागर संभाग में ये दूसरी इन्वेस्टर मीट हुई है, पहले जयंत मलैया उद्योग मंत्री थे उस समय 2008 में इन्वेस्टर मीट हुई थी। कल सागर में 23500 करोड़ के इन्वेस्टमेंट होने का प्रॉमिस उद्योगपतियों ने किया हैए दमोह जिले के लिए ओएनजीसी का प्लेटफार्म हटा के आसपास मिला है, कुछ बटियागढ का हिस्सा है, उसमें गैस की बहुत अपार संभावना है। जबेरा और पथरिया के बाद बकेनी में कैंप लगा हुआ है, वहाँ पर भी अपार संभावना है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा जहां तक हटा का सवाल है, हटा में एक साल से डेढ़ साल के अंदर वहाँ काम शुरू कर दिया जायेगा। इसका मतलब यह है कि वहाँ सारी व्यवस्थाएँ हो गई हैं। दूसरी हटा में सीमेंट इंडस्ट्री भी आ रही हैं, गैसाबाद के पास वह भी लगभग 2 हजार करोड़ की योजना है। राज्य मंत्री ने कहा अगर दमोह में 4 से 5 हजार करोड़ की इंडस्ट्री लग रही है, यह दमोह की दिशा और दशा दोनों बदलने का काम करेगी, इससे लगभग चार से पांच हजार लोगों को रोजगार मिलेगा जो की दमोह के लिए बड़ी सौगात है और भी 2 इंडस्ट्री आनी थी लेकिन किन्हीं कारणों से वह उसमें शामिल नहीं हो पाए लेकिन मेरी उनसे लगातार बात चल रही है जो यहाँ पर इंडस्ट्री लगाने में इंट्रेस्टेड है। उन्होंने कहा कल जो इन्वेस्टर मीट हुई है, वह पूरे संभाग के लिए सौगात होगी, मुख्यमंत्री ने जो कहा है वह बहुत बड़ी बात है, अभी तक एक राज्य से दूसरे राज्य में नदी से नदी जोड़ने की बात थी, अब प्रदेश के अंदर भी नदी से नदी को आपस में जोड़ने की बात उन्होंने कही है। मुझे लगता है जो हमारा सपना हैए नर्मदा नदी को कोपरा-सुनार में जोड़ना, वो सपना बहुत जल्द ही पूरा हो सकेगा क्योंकि जो हमारे राज्य के अंदर की नदियां जोड़ने की बात होगी तो निश्चित रूप से ये बहुत महात्वाकांक्षी योजना है और इसके साथ.साथ बुंदेलखंड का पूरा नक्शा बदल जाएगा।

# बेलाताल टापू पर हवन-भंडारा आज



**दमोह।** पितृ तर्पण के अवसर पर बेलाताल टापू के साई मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के आखिरी दिवस कथा व्यास पं. कमलेश्वरानंद महाराज ने उपस्थित कथा श्रोताओ को कथा श्रवण कराते हुए कहा कि ऐसी मान्यता है कि इन अवसरों पर जो खाना बनता है वह अगर कौआ खा ले तो हमारे पितरों तक पहुंचता है क्योंकि अमृत मंथन में कौआ ने भी अमृत चखा था कथा आगे बढ़ाते हुए कहा कि श्रीकृष्ण की बुआ सुभद्रता का पुत्र शिशुपाल का वह रूकमणी से विवाह करना चाहता था किन्तु भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी बुआ को बचन दिया था कि शिशुपाल के सौ अपराध माफ कर देगे उसके बाद उसने गलती की तो वह उसका अपराध क्षमा नहीं करेंगे। शिशुपाल ने भगवान श्रीकृष्ण के दरवार में सौ बार भला बुरा कहा श्रीकृष्ण ने उसे समझाना चाहा किन्तु वह गलती पर गलती करता रहा सौ अपराध के बाद श्रीकृष्ण ने सुर्दशन चक्र से उसका गर्दन काटकर वध कर दिया और रूकमणी जो बचपन से ही प्रभु का सुमरन करती थी उनका भगवान श्रीकृष्ण के साथ विवाह हुआ। कथा विश्राम के साथ समस्त महिलाओं एवं पुरूषों ने फूल की होली खेली।

# रेत का अवैध परिवहन करते वाहन जब्त



**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले में लगातार रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है। शनिवार को निवास चौकी पुलिस ने बिना टीपी लिए रेत का अवैध परिवहन कर रहे ट्रक को पकड़ा है। अवैध रेत और टीपर वाहन सहित दोनों की कुल कीमत 2 लाख 58 हजार हैं।निवास चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रियंका सिंह ने बताया कि गस्त के दौरान महुआ गांव बरका रोड में टीपर क्रमांक एमपी 53 जीए 1950 का चालक वाहन में रेत लोड कर परिवहन करते मिला। जिसे रोक कर टीपी चेक की गई तो वाहन में कोई भी टीपी नहीं पाई गई। इसलिए वाहन में लोड रेत अवैध रूप से परिवहन करता हुआ पाया गया है। खनिज अधिनियम की अलग-अलग धाराओं में अपराध दर्ज कर ट्रक को जब्त कर लिया गया है और विवेचना की जा रही है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक प्रियंका सिंह चौकी प्रभारी निवास, सहायक उप निरीक्षक त्रिवेणी पाल, प्रधान आरक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, सचिन तिवारी आरक्षक सत्येंद्र, प्रवीण और मोहित की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से रेप

**शहडोल।** कोतवाली थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 16 वर्षीय किशोरी के साथ दूर के रिश्तेदार युवक ने शादी का झांसा देकर जंगल ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। शनिवार को परिजनों ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी रावेंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपी युवक ने किशोरी को शादी का झांसा देकर अपने वाहन में बैठा लिया और पाली रोड में स्थित ग्रीन गार्डन के आगे जंगल ले गया। जंगल में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाएं। किशोरी ने आरोपी को मना किया। लेकिन आरोपी युवक ने किशोरी की बात नहीं मानी और जबरदस्ती उसके साथ घटना को अंजाम दिया है। जब किशोरी घर पहुंची तब परिजनों को घटना की जानकारी दी। जानकारी जब परिजनों को लगी। तब वह पुलिस के पास पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई। आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# सोन नदी से रेत का अवैध खनन

### बुढार पुलिस ने एक ट्रैक्टर जब्त किया, वाहन मलिक गिरफ्तार

**शहडोल।** शहडोल जिले की बुढार पुलिस ने शनिवार को दिनदहाड़े सोन नदी से रेत निकालकर परिवहन करते पुलिस ने एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस को देखकर चालक फरार हो गया। पुलिस ने शनिवार को वाहन मलिक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

बुढार थाना क्षेत्र के चगेंरा सोन नदी घाट क्षेत्र में यह कार्रवाई बुढार



पुलिस ने की। वरिष्ठ अधिकारियों को स्थानीय लोगों ने अवैध उत्खनन की जानकारी दी थी, जिसके बाद थाना प्रभारी को कार्रवाई करने के निर्देश मिले थे।

इसके बाद स्थानीय पुलिस जब मौके पर पहुंची तो ट्रैक्टर ट्राली में अवैध रेत लोड कर परिवहन किया जा रहा था। मौके पर दो ट्रैक्टर मौजूद थे, लेकिन एक ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर भागने में सफल हुआ। वहीं दूसरा ट्रैक्टर चालक ट्राली से रेत को जमीन पर अनलोड कर मौके पर वाहन छोड़ कर फरार हो गया।बुढार पुलिस ने ट्रैक्टर को मौके से जब्त कर लिया।

इसके बाद वाहन मालिक राजेंद्र चौधरी और अज्ञात चालक पर कई धाराओं में मामला दर्ज कर वाहन मालिक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। चालक की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी संजय जयसवाल ने बताया कि एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। पुलिस देखकर चालक फरार हो गया, वाहन मालिक को गिरफ्तार किया गया है।

# यात्री बस ने बाइक को रौंदा दो छात्रों की मौके पर मौत

## बस लेकर फरार हुए ड्राइवर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

डिंडौरी।

सिटी कोतवाली क्षेत्र में टांकी नाला के पास शनिवार को जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर यात्री बस बाइक को रौंदते हुए निकल गई। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर एसडीएम राम बाबू देवांगन, निरीक्षक गिरवर सिंह उईके स्टाप के साथ पहुंचे और जाम खुलवाया। घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस यात्री बस और ड्राइवर को अभिरक्षा में लेकर जांच कर रही है।



जिला अस्पताल में पहुंचे परिजनों ने बताया कि गोपालपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के सड़वा छापर गांव के आशीष झरिया और विवेक बंसल निजी कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्र थे। दोनों किराए के मकान में साथ रहते थे।शनिवार को दोस्त की बाइक नंबर एमपी 52 जेड ए 7965 से गांव जा रहे थे। तभी सामने से आ रही बस क्रमांक एमपी 18 पी 0182 ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पीछे बाइक में बैठा छात्र बस के कांच से टकरा गया। जिससे बस का कांच टूट कर सड़क में बिखर गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों छात्रों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों छात्रों को मृत घोषित कर दिया।

### बस लेकर फरार हुए चालक को पकड़ा

छात्रों को रौंदने के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर डिंडौरी बायपास पर गिरफ्तार किया। ड्राइवर घटनास्थल चार किमी दूर निकल गया था। वहीं पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार करने के साथ ही बस को जब्त कर लिया।

### पुलिस अभिरक्षा में बस ड्राइवर और बस

सिटी कोतवाली निरीक्षक गिरवर सिंह उईके ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मर्ग कायम किया जा रहा है। बस और ड्राइवर को शिवकुमार निवासी कुई थाना शाहपुर से पूछताछ की जा रही है।

# आजादी के परवाने थे शहीद भगत सिंह

## कांग्रेस व विभिन्न संस्थाओं ने जयंती पर किया याद



जबलपुर (स्वतंत्र मत)। आजादी के परवाने भगत सिंह की जन्म जयंती पर शहर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि आजादी के परवाने आज भी जिनको उनके विचारों के कारण याद किया जाता है। क्रांतिकारी अमर शहीद बलिदानी सरदार भगत सिंह की जयंती पर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा के नेतृत्व में सरदार भगत सिंह चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी विष्णु विनोदिया, डॉ. प्रशांत मिश्रा, रितेश बंटी गुप्ता, उमेश पटेल, चमन पासी, प्रिंस सलूजा, रितेश नोतलानी, श्रीमती बलविंदर मान, राधा गुप्ता, अनीता पटेल, संदीप जैन, दिलीप कुरील, जान विल्सन, राकेश रैकवार आदि उपस्थित रहे।



### एमबीएम ने शहीद को किया नमन

मध्य भारत मोर्चा द्वारा गोरखपुर स्थित शहीद आजम भगत सिंह जी को माल्यार्पण कर उनको याद किया। मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव ने कहा की देश की आजादी के लिए अपनी प्राणों का बलिदान देने वाले मां भारती के सच्चे सपूत को हम नमन करते हैं। शहीदे आजम हमारे दिलो में जिंदा है और हमेशा रहेंगे। इस दौरान मोर्चा के महासचिव आशीष मिश्रा, निखिल साहू, निहाल यादव, सुभम अहिरवार, दीपक परिहार उपस्थित थे।

### हिन्दू उत्सव समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान



हिन्दू उत्सव समिति जाबालिपुरम द्वारा शहीदे आजम भगतसिंह जी की जयंती पर जेडीए पार्क स्थित प्रतिमा के समीप स्वच्छता अभियान चलाया गया व प्रतिमा को दूध व शहद से साफ करते हुए माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम संयोजक उदित पिल्ले ने बताया कि मुख्यवक्ता पूर्व नगरनिगम अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने भगतसिंह जी के छात्र जीवन के दौरान किये गये आंदोलन के विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अमित वर्मा, प्रिंस भसीन, प्रमोद सक्सेना, देवेंद्र शर्मा, संजय ठाकुर, गौरव सिंह, ध्रुव यादव, यशवंत बामने, वेदप्रकाश अहिरवार, आकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

# जीवन भर का व्यवहार व विचार अंतिम काल में मस्तिष्क पर पुन: आते हैं : स्वामी प्रबुद्धानंदजी



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

गोपाल सदन, गोपाल विहार में श्री गोपाललालजी महाराज ट्रस्ट एवं चिन्मय मिशन के संयुक्त सप्त दिवसीय ज्ञान यज्ञ में प्रवचन हो रहे हैं. प्रसंग है प्रजापति महाराज दक्ष द्वारा आयोजित यज्ञ उत्सव में भगवान शंकर के बार-बार समझाने के बाद भी माता सती अपने पिता द्वारा आयोजित यज्ञ उत्सव में शामिल होने पीहर पहुंची। यज्ञ मंडप में उन्होंने देखा कि सब देवता ऋ षि, मुनि, आचार्य के लिये यथोचित आसन है और वो निमंत्रित भी हैं पर महादेव शिव के लिये न कोई आसन है, न निमंत्रण और ना ही मेरी उपस्थिति पर कोई ध्यान दिया जा रहा। अपने पति भगवान शिव का अनादर तथा पिता घर में स्वयं की उपेक्षा ने देवी सती को व्यथित और क्रोधित हो गई तथा अपमान के कारण स्वयं को यज्ञाग्नि में भस्म करने का निर्णय ले लिया। देह त्याग के समय उनके हृदय में यह अभिलाषा थी कि जब जब मेरा जन्म हो मैं शिवजी की ही अर्धांगिनी बनूं। महादेव से ही विवाह हो इस विचार, वृत्ति और संकल्प इच्छा के साथ सती ने यज्ञ अग्नि को अंगीकार कर स्वयं को भस्म कर दिया।

इस प्रसंग की मीमांसा करते हुए स्वामी प्रबुद्धानंदजी ने बताया कि पंचतत्व में विलीन होते समय जो विचार, इच्छा, वृत्ति मन और मस्तिष्क में रहती है। तदनुरूप दूसरा जन्म होता है, सती का दूसरा जन्म उनकी अन्त समय की वृत्ति अनुरूप पर्वतराज हिमालय मैनका के घर हुआ। पर्वत आत्मजा होने के कारण पार्वती कहलाई और जीवन विसर्जन के समय महादेव की अर्धांगिनी बनने की उनकी जो मनसा, वाचा, कर्मणा से अभिलाषा थी वह परिपूरित हुई। स्वामी जी ने बताया कि यह नियम सार्वकालिक सास्वत है और हम सब पर समान रूप से प्रभावी है। इसके साथ यह भी सत्य है कि है कि जीवन भर जिस तरह के आचार, विचार, व्यवहार में रहते हैं, अन्त समय में वही विचार मन मस्तिष्क में आते हैं। इसलिए शास्त्र और आचार्य सदाचरण और सत्संग करते रहने का आग्रह करते हैं। स्वामीजी की अगवानी स्वागत प्रकाश मालपानी, खुशालचंद शर्मा एमके नेमा, गिरिराज चाचा, प्रशांत शर्मा ने तथा व्यास पीठ वंदन आरती पद्मा महेश्वरी, अंजु धगट, रेणु अग्रवाल और संचालन विवेक अग्रवाल ने किया।

# साथी कर्मचारियों ने दी भाव भीनी विदाई




जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

एआईएएनजीओ जीसीएफ ब्रांच ने सेवा निवृत्त हुए प्रभु चंद्र विश्वकर्मा को साथी कर्मचारियों द्वारा भाव भीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुकेश शर्मा और पुष्पेंद्र राय के द्वारा पुष्प माला पहनाकर एवं श्रीफल भेंट किया गया। इसके उपरांत आशीष सहाय, मुकेश बट्टी और जी मंगलेश के द्वारा एसोसिएशन का स्मृति चिन्ह भेट किया गया। इस दौरान संजय शॉ, अध्यक्ष राजेन्द्र आसाटी, अंजनी कुमार, अजय सिंह, दिनेश पाली, कुमार विभु, सोमेंद्र धुरंधर, श्याम विश्वकर्मा, सुरेश खरे, मनीष चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

# होली-दीपावली पर भी फ्री करें रसोई सिलेंडर



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारत में चुनावी राजनीति के लिए हिन्दू और मुस्लिम मतदाताओं के बीच खाई को और गहरा किया जा रहा है, जबकि भाजपा के कार्यकर्ताओं को मंदिर-मस्जिद और कृष्ण जन्मभूमि जैसे मुद्दों में उलझाकर, युवाओं को आन्दोलन के नायक बना दिया गया है। हाल ही में, जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के घोषणापत्र में और भारत के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा मेंढर की जनसभा में यह घोषणा की गई कि ईद और मोहर्रम पर प्रत्येक परिवार को दो-दो मुफ्त गैस सिलेंडर दिए जाएंगे।

उक्त बांते कहते हुए इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. पुरुषोत्तम तिवारी ने कहा कि भाजपा ने कभी भी हिन्दुओं के लिए होली, दीपावली, दुर्गा पूजा, या दशहरा जैसे त्योहारों पर मुफ्त गैस सिलेंडर देने की घोषणा नहीं की। उन्होंने इसे हिन्दुओं के साथ भाजपा का दोहरा रवैया करार दिया। श्री तिवारी ने कहा कि दूसरे त्यौहारों में भी लोगों को निशुल्क गैस वितरित किया जाए।

# एपीएन सीबीएसई स्कूल ने निकाली स्वच्छता रैली



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

स्वच्छ भारत अभियान के राष्ट्रीय मिशन के अनुरूप एपीएन सीबीएसई सीनियर सेकेन्डरी स्कूल केंट ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुये विविध आयोजन संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं सीबीएसई प्राचार्या तनूजा श्रीवास्तव के संयोजन में सीनियर और जूनियर छात्रों व सीबीएसई स्टॉफ के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करते हुये सभी के लिये एक मिशाल कायम की। वहीं दूसरी ओर राजीव गांधी वार्ड क्रमांक-1 में स्वच्छता जागरुकता संदेश हेतु छात्रों के द्वारा बैनर लेकर रैली निकाली गई। जिसमें वार्ड के आम जन मानस को अपने आसपास स्वच्छता बनाये रखने के लिये न केवल आव्हान किया बल्कि प्रेरित भी किया।

रैली में प्रमुख रूप से सह-प्रबंधक मयंक श्रीवास्तव, कॉलेज रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, सीबीएसई उप-प्राचार्या पायल विनायक, को-आर्डीनेटर स्वाति नौटियाल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण सहायक कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# श्रीराम ने किया ताड़का-अहिल्या का उद्धार



### गोविंदगंज रामलीला की भावपूर्ण प्रस्तुति

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोविंदगंज रामलीला के विशाल मंच पर शनिवार रात ताड़का, मारीज वध-अहिल्या उद्धार की लीला हुई। इस दौरान उमड़ी अपार जनमेदिनी ने प्रभु श्रीराम की बाल लीला के अदभुत चित्रण का दर्शन लाभ लिया। व्यासपीठ से पं वासुदेव शास्त्री ने कहा कि ताड़का वध वस्तुत: हमारे अंदर के विकार की ईश्वरीय लीला है। हम अपने अंदर के राम को जगाकर बुराइयों की ताड़का का वध कर सकते हैं।

रामलीला मंच पर आज ताड़का वध की लीला गजब थी। अट्टहास करती आई राक्षसी ताड़का को देख छोटे बच्चे इधर-उधर भागने लगे। भगवान ने एक बाण से उसके प्राण हर लिये। इसके बाद उन्होंने अहिल्या उद्धार का भावपूर्ण मंचन किया गया। आज राम के रूप में विश्वामित्र के रूप में सीताराम शास्त्री, ओम दुबे, लक्ष्मण के रूप में प्रखर पांडे, ताड़का के रूप में आकाश पाठक ने शानदार अभिनय किया।

**आज सजेगी पुष्पवाटिका**×अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि रामलीला मंच पर आज नगर दर्शन पुष्प वाटिका गौरी पूजन की लीला होगी। मंच पर महामंत्री मनीष पाठक के निर्देशन पर वृंदावन वाटिका का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही नगर दर्शन के तहत जनकपुर के हाट का चित्रण किया जाएगा।



# भोलेनाथ की भक्ति से मिलती है मुक्ति

### शिव पुराण कथा में सुरेंद्र दुबे शास्त्री के उद्गार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भगवान शिव का पूजन करने वाले को भुक्ती और मुक्ति दोनो प्राप्त होती हैं। जी भी भक्त निष्कपट होकर भगवान शिव की भक्ति करता है, वह इस संसार के सुखों को भोगकर मृत्यु होने पर मुक्ति प्राप्त कर लेता है। कलयुग में तो केवल शिव का नाम जपने और कीर्तन करने से ही जीव का कल्याण हो जाता है। लेकिन कलयुग के प्रभाव से ग्रसित होने के कारण मनुष्य सांसारिक मोह में फंसा रहता है और स्वयं का हित नही कर पाता है। इसलिए कितनी भी व्यस्तता हो हम सभी को भगवान शिव का पूजन, दर्शन और भजन करने के लिए समय निकालना चाहिए।

उक्त उद्गार कथावाचक शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र दुबे शास्त्री जी महाराज ने शक्तिभोग चौक, विजय नगर में आयोजित शिव पुराण कथा में व्यासपीठ से व्यक्त किए। आयोजक शिरीष दुबे व अपर्णा दुबे ने व्यासपीठ का पूजन कर शास्त्री जी महाराज का अभिनंदन किया। कथा में आशीष दुबे, अंशु दुबे, शुभम दुबे, अपूर्वा दुबे,डॉ. सारिका दुबे झा, डॉ. योगेश झा, एडवोकेट राजेश शर्मा, सोमिन, अमीषा, अंश, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# टीआई, सीएसपी के नाम पर जबरन वसूली, झूठा केस बना रहे पुलिसकर्मी

### पीड़ित ने झूठे केस में फंसाने का लगाया आरोप

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

बेलबाग थाने में पदस्थ 2 पुलिस कर्मियों पर एक व्यक्ति द्वारा झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया गया है। दरअसल इस मामले में बेलबाग थाना अंतर्गत गलगला टोरिया निवासी शेख शेरा पिता शेख बकरीदी ने एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस कप्तान के नाम लिखित शिकायत देते हुए बताया कि विगत 17 सिंतबर को वह दरगाह में था, उस दौरान 5 अन्य लोग भी रहे। इसी दौरान बेलबाग थाने में पदस्थ पुलिस कर्मी शिवशंकर यादव और विनीत आए, जिन्होंने सबका मोबाइल फोन चेक किया। इस दौरान मोबाइल पर उन्हें कुछ नहीं मिला। इसके बाद वे शेख शेरा से कहने लगे की सट्टे की खूब मुखबिरी करता है। इतना कहते हुए उसे जबरन गाड़ी में बैठा कर ले गये। साथ ही 5000 देने की डिमांड की। इसके बाद उसपर जबदस्ती सट्टे का झूठा केस बना दिया। शिकायतकर्ता के मुताबिक इसके पहले भी उसके उपर पुलिस कर्मियों द्वारा सट्टे का झूठा केस बनाया जा चुका है। शिकायकर्ता के मुताबक बेलबाग थाने में पदस्थ पुलिस कर्मी शिवशंकर यादव और विनीत द्वारा सट्टा खिलाने वाले इक्कु की गवाही डालने की बात कही गई, शेख शेरा ने बताया कि उक्त पुलिस वाले हफ्ते का पैसा लेने आते हैं और सीएसपी, टीआई के नाम से ये लोग मोटी रकम ऐंठते हैं।

पीड़ित ने दोनों पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग पुलिस कप्तान से की है साथ की उल्लेख किया है कि अगर शिकायत दर्ज नहीं की जाती तो वह एसपी कार्यालय में आत्महत्या कर लेगा।

# राजभाषा परववाड़ा का उत्साह पूर्वक समापन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जीआईएफ में कार्यकारी निदेशक सुकान्त सरकार के संरक्षण व मुख्यातिथ्य में राजभाषा पखवाड़ा समारोह उत्साह पूर्वक सम्पन हुआ। इस दौरान हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों, अधिकारियों ने उत्साहित होकर भाग लिया विजेताओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। निर्माणी के कार्यकारी निदेशक सुकांत सरकार, संयुक्त महाप्रबंधक सुमंता कुमार बसाक, उप महाप्रबंधक व राजभाषा अधिकारी हेमंत पाखले, सुरक्षा अधिकारी अंचित कुमार, कार्य प्रबंधक एवं मीडिया प्रभारी गिरि विकाश ज्ञान बाबू, अतिथि वक्ता प्रमोद दुबे, अनिल शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### विश्व रेबीज दिवस पर रैली से किया जागरूक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विश्व रेबीज दिवस पर सेठ गोविंद जिला चिकित्सालय परिसर से जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को रेबीज के फैलावए उपचार एवं उचित घाव प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया ताकि इस बीमारी के कारण होने वाली मृत्यु को कम किया जा सके। सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि मनुष्य में 95 से 96 प्रतिशत रेबीज के केस कुत्ते के काटने से होते हैं। सभी के सहयोग रेबीज़ के प्रसार को रोका जा सकता है और लोगों की जान बचाई जा सकती है। रैली में डीएचओ डॉ आर के व्यास, डीएचओ डॉ विनीता उप्पल, डॉ केके वर्मा, डीपीएम विजय पाण्डेय, ईओ सुश्री श्रेया अवस्थी स्टॉफ उपस्थित रहा।

# जबलपुर में सेमी कंडक्टर यूनिट के लिये प्रयास हों

## मुख्यमंत्री को फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष हिमांशु खरे ने दिया मांग पत्र



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष तथा जबलपुर संघर्ष समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने शहर विकास से जुड़े अहम् मुद्दों पर चर्चा कर एक मांग पत्र सौंपा। एक जानकारी में उन्होंने ने बताया कि जबलपुर स्थित बीएसएनएल टेलीकॉम फैक्ट्री में सेमी कंडक्टर ईकाई की स्थापना होना चाहिए जिसमें आधुनिक तकनीक से चिप का निर्माण हो। इस प्रयास से जबलपुर का आर्थिक विकास होगा, रोज़गार सृजन होगा तथा युवाओं का रोज़गार के लिए पलायन भी रुकेगा। हिमांशु खरे ने बताया की भारत सेमी कंडक्टर के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है तथा देश विदेश के अनेकों यूनिट भारत में स्थापित हो रहे हैं। इसी श्रृंखला में भारत के प्रधानमंत्री भी अनेकों प्रयास कर रहे हैं। जबलपुर में इस उद्योग के स्थापना का मार्ग प्रशस्त करने एवं निवेशकों को जोड़ने के आशय से हिमांशु खरे एवं फेडरेशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक शर्मा, निवृतमान अध्यक्ष डॉ राधाशरण गोस्वामी, कार्यसमिति सदस्य अरुण पवार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से चर्चा की।

### बोटैनिकल गार्डन और चिड़ियाघर

मांग पत्र में बताया गया कि बीएसएनएल टेलीकॉम फैक्ट्री परिसर में जैव विविधता के तहत हज़ारों वृक्ष पर्यावरण को संतुलित कर रहे हैं। उक्त भूमि में जैव विविधता से परिपूर्ण बोटैनिकल गार्डन एवं भोपाल के वन विहार की तर्ज़ पर चिड़ियाघर की स्थापना की जाये।

### वायुसेवा कनेक्टिविटी सुचारु हो

जबलपुर की फ्लाइट कनेक्टिविटी को सुचारु करने प्रयास हों ताकि जबलपुर पूर्व की भाँति पुणे, चेन्नई, अहमदाबाद, कोलकाता से पुन: जुड़ सके। बिना सुचारु वायुसेवाओं के वृहद निवेश को आकर्षित करना संभव नहीं है। उपरोक्त मांगों पर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव ने कार्य करने आश्वासन दिया तथा सेमी कंडक्टर ईकाई की स्थापना के विषय में समुचित प्रयास करने आश्वस्त किया।

# बीएसएनएल में हिन्दी परववाड़ा का समापन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** दूरसंचार निर्माणी जबलपुर परिमंडल में हिन्दी पखवाड़ा के समापन किया गया। परिमंडल के प्रभारी महाप्रबंधक नवल डोंगरे के मुख्य आतिथ्य, सहायक महाप्रबंधक आरएन यादव की अध्यक्षता एवं परिमंडल के पूर्व वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। लक्ष्मी कांत शर्मा ने कहा कि भाषा का संबंध संस्कृति और भूगोल से भी है। आज प्रौद्योगिकी और चिकित्सा विज्ञान की भाषा भी हिन्दी होने लगी है। उन्होंने हिन्दी शब्दों के क्लिष्ट होने के आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि शब्द कोई भी कठिन नहीं होता। केवल उसका प्रचलन और अप्रचलन ही उसे सरल या कठिन बनाता है। इस अवसर पर मुख्य लेखाधिकारी सुषमा मंडेलिया, समप्र मोहन लाल मेहरा, समप्र आशुतोष खरे, लेखाधिकारी सुश्री सुशीला सिंह, कामना बहोरिया, सहित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे ।

### छात्रों को साइकिल का वितरण

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रमखिरिया में शासन की छात्र छात्राओं को योजना के तहत नि:शुल्क साइकल का वितरण किया गया। इस दौरान 52 पात्र विद्यार्थियों को साइकिल का वितरण सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े एवं जिला पंचायत सदस्य पुष्पराज सिंह बघेल, सिहोरा बीईओ अरविन्द धुर्वे, सीएम राइज प्राचार्य अशोक उपाध्याय आदि द्वारा किया गया।

# संरक्षित जल स्त्रोत सुरक्षित जीवन के आधार है




उमरिया

शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में विकास संवाद केंद्र एनजीओ गैर सरकारी संगठन के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर स्थित सार्वजनिक तालाब की साफ सफाई एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण पर परिचर्चा आयोजित की गई स कार्यक्रम कार्यक्रम में विकास संवाद केंद्र से जिला समन्वयक भूपेंद्र त्रिपाठी सामुदायिक कार्यकर्ता ,श्री संपत नामदेव फूल बाई सिंह एवं नगीना सिंह सामुदायिक कार्यकर्ता महाविद्यालय में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को जल स्त्रोतों के संरक्षण उमरिया जिले के पुराने जल स्त्रोत मढ़ी बाग क्षेत्र में आकाश कोट ,बाजा कुंड आदि जल स्त्रोतों के सामुदायिक नेतृत्व में संरक्षण की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की स शासकीय आदर्श महाविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ नियाज अहमद अंसारी ,महाविद्यालय संरक्षक डॉ अभय कुमार पांडे प्राध्यापक रसायन विज्ञान , डॉ अरुणेंद्र बहादुर सिंह ,डॉ रामवृक्ष द्विवेदी, श्रीमती तबस्सुम बानो , श्री सुनील हिरवे के संयुक्त संयोजन में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत सार्वजनिक जल स्त्रोतों की सफाई गतिविधि का आयोजन किया गया स आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ अभय पांडे द्वारा उमरिया नदी की जीवन रेखा उमरार नदी के बारे में जानकारी एवं छात्र-छात्राओं को गंदगी नहीं फैलाएंगे और फैलाने वाले रूपों को रोकेंगे उपरोक्त संकल्प संदेश प्रसारित किया गया स 'विकास संवाद के श्री भूपेंद्र त्रिपाठी जी' द्वारा विकास संवाद के द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक उत्थान के कार्यों को बताते हुए उमरिया जिले के आकाशकोट एवं बाजा कुंड गांव में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं जल उपलब्धता के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई कार्यक्रम में विकास संवाद की सामुदायिक कार्यकर्ता श्रीमती फूलबाई सिंह एवं नगीना सिंह द्वारा सुमधुर सामूहिक गीत ष् 'आ गए जहां कदम जिंदगी को ढूंढते हुए,गीत गा रहे हैं आज हम रागिनी को ढूंढते हुए के द्वारा सामाजिक जागरूकता एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण संवर्धन का संदेश दिया गया स छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय स्थित जल सरोवर की सफाई एवं उसकी अधो संरचना में विकास के संबंध में जल स्त्रोत पर पहुंचकर साफ-सफाई की गई स कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ राजीव तिवारी अतिथि विद्वान

# बिलासपुर से कटनी रेल मार्ग की 24 ट्रेनें कैंसिल
## नर्मदा एक्सप्रेस सहित कई महत्वपूर्ण ट्रेनें प्रभावित

उमरिया

दक्षिण पूर्व रेलवे बिलासपुर से कटनी होकर गंतव्य को जाने वाली 24 ट्रेनों को रद्द किया गया है। रेल मंडल बिलासपुर की ओर से दी गई जानकारी में बिलासपुर से इंदौर सहित कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को कैंसिल किया गया है रेलवे विभाग की ओर से बताया गया कि बिरसिंहपुर पाली रेलवे स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 24 सवारी ट्रेनों को कैंसिल किया गया है वही बरौनी से गोंदिया तक चलने वाली ट्रेन का मार्ग परिवर्तित किया गया है इसके अलावा कई वीकली ट्रेनों को निरस्त किया गया है वही बरौनी से गोंदिया तक चलने वाली बरौनी गोंदिया एक्सप्रेस का रूट बदल गया है। रेलवे विभाग की ओर से यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि रेलवे की अधिकृत पूछताछ सेवा या टोल फ्री नंबर 139 पर संपर्क करके ही यात्रा करें।

***नवरात्र में होगी भक्तों को परेषानी***- विदित हो कि शारदेय नवरात्र 3 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही है। जिसकी तैयारियां मंदिर प्रबंधन व्दारा दी की जा रही है। रेल्वे व्दारा रद्द की गई गाडियों से जिले के बाहर से आने वाले भक्तो को मंदिर तक पहुंचने में भारी परेषानियों का सामना करना पडेगा । विदित हो कि बिरसिंहपुर पाली स्थित मां



विरासिनी मंदिर तथा नौरोजाबाद स्थित मां ज्वालामुखी मंदिर में नवात्र के समय भारी संख्या में भीड मां के दर्षन करने आती है , लेकिन ट्रेनों बंद हो जाने पर भक्तों की भीड मे कमी देखी जा सकती है।

***ये ट्रेने रहेगी कैंसल***- जिन ट्रेनों को रद्द किया गया है उनमें दिनांक 30 सितंबर से 11 अक्टूबर'2024 तक बिलासपुर से चलने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 1 से 12 अक्टूबर'2024 तक इंदौर से चलने वाली 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 30 सितंबर से 10 अक्टूबर' 2024 तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18236 बिलासपुर दृभोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 2 से 12 अक्टूबर'2024 तक भोपाल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 2 से 11 अक्टूबर'2024 तक जबलपुर से चलने वाली 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 3 से 12 अक्टूबर' 2024 तक अम्बिकापुर से चलने वाली 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 1 से 9 अक्टूबर'2024 तक बिलासपुर से चलने वाली 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 2 से 10 अक्टूबर' 2024 तक रीवा से चलने वाली 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 4, 7, 9 एवं 11 अक्टूबर'2024 को रीवा से चलने वाली 11751 रीवा-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । दिनांक 05, 08, 10 एवं 12 अक्टूबर'2024 को चिरमिरी से चलने वाली 11752 चिरमिरी-रीवा पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । दिनांक 03, 07 एवं 10 अक्टूबर' 2024 को लखनऊ से चलने वाली 12535 लखनऊ-रायपुर गरीब रथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 04, 08 एवं 11 अक्टूबर'2024 को रायपुर से चलने वाली 12536 रायपुर-लखनऊ गरीब रथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 04, 08 एवं 11 अक्टूबर'2024 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22867 दुर्ग-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 05, 09 एवं 12 अक्टूबर'2024 को निज़ामुद्दीन से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22868 निज़ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 6 एवं 8 अक्टूबर'2024 को दुर्ग से चलने वाली 18203 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 7 एवं 09 अक्टूबर'2024 को कानपुर से चलने वाली 18204 कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 06 अक्टूबर' 2024 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 7 अक्टूबर' 2024 को अजमेर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।दिनांक 03 एवं 10 अक्टूबर'2024 को दुर्ग से चलने वाली 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 05 एवं 12 अक्टूबर' 2024 को नौतनवा से चलने वाली 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 3 से 11 अक्टूबर'2024 तक चिरमिरी से चलने वाली 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । दिनांक 3 से 11 अक्टूबर'2024 तक चंदिया रोड से चलने वाली 08270 चंदिया रोड-चिरमिरी-पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । दिनांक 5, 8, 10 एवं 12 अक्टूबर'2024 को चिरमिरी से चलने वाली 05755 चिरमिरी-अनुपपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । दिनांक 5, 8, 10 एवं 12 अक्टूबर'2024 को अनुनपुर से चलने वाली 05756 अनुपपुर-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । दिनांक 02 से 11 अक्टूबर' 2024 तक कटनी से चलने वाली 06617 कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी ।दिनांक 03 से 12 अक्टूबर'2024 तक चिरमिरी से चलने वाली 06618 चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी ।

***परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां***- दिनांक 02 से 10 अक्टूबर' 2024 तक बरौनी से चलने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बरौनी-कटनी-जबलपुर- नैनपुर-बालघाट-गोंदिया होकर चलेगी । दिनांक 02 से 10 अक्टूबर'2024 तक गोंदिया से चलने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया-बालघाट-नैनपुर-जबलपुर-कटनी-बरौनी होकर चलेगी ।



# शारदा मंदिर परिसर में हुई वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक

उमरिया

शारदा मंदिर परिसर मे हुई वरिष्ठ नागरिग पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक मे संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया है 5 अक्टूबर 2024 बैठक मे नई कार्यकारणी का गठन किया जावेगा एवं जिन पदाधिकारी क़ो रसीद बुक जारी की गई है वह सभी पदाधिकारी अपनी रसीद बुक लेकर बैठक मे उपस्थिति होवें। रसीद बुक नहीं लाने पर यह माना जावेगा कि आपके द्वारा बुक की सारी रसीद काटी जा चुकी है तो उनका हिसाब बैठक मे प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे । बैठक मे ज्यादा से ज्यादा सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित होने का कस्ट करें बैठक मे पेंशन फोरम की बैठक के संव ध मे चर्चा होंगी बाद मे कलेक्टर साहब क़ो गयापनभी सौपा जावेगा

## जिले में बीते 24 घंटे में 2.8 मिमी वर्षा दर्ज

उमरिया

अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि जिले में बीते 24 घंटे में 2.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है जिसमें बांधवगढ़ में 2.1 मिमी, मानपुर में 4.4 मिमी, पाली में 6.2 मिमी, नौरोजाबाद में 3.6 मिमी, करकेली में 3.8 मिमी, वर्षा शामिल है । जिले में 1 जून से लेकर 28 सितंबर तक 1034.7 मिमी वर्षा रिकार्ड गई है जिसमें बांधवगढ में 1082.6 मिमी, मानपुर में 942.2 मिमी, पाली में 891.8 मिमी, नौरोजाबाद में 1027.3 मिमी, चंदिया में 1061.8 मिमी, करकेली में 1087 मिमी वर्षा, बिलासपुर में 1140 मिमी वर्षा शामिल है । जबकि गत वर्ष इसी अवधि तक कुल 937 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई थी जिसमें बांधवगढ में 1112.7 मिमी, मानपुर में 808.5 मिमी, पाली में 1028.8 मिमी, नौरोजाबाद में 861.4 मिमी, चंदिया में 954.2 मिमी, करकेली में 744.8 मिमी, बिलासपुर मे 1057.7 मिमी वर्षा शामिल है ।

# वित्तीय साक्षरता एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम संपन्न



उमरिया

मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक पाली द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं स्वच्छता ही सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नाबार्ड के अधिकारी विकास कुमार जैन ,मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारीगण ,भारतीय स्टेट बैंक जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सेवक राम सोनवानी की उपस्थित रहे । शिविर में राजस्थानी कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को स्वच्छता एवं वित्तीय साक्षरता से अवगत कराया गया ।

## जिला जेल उमरिया में बंदियों ने पितृ तर्पण कर किया आत्मबोध

**उमरिया।** जेल अधीक्षक डी0 के0 सारस ने बताया कि जेल में परिरूद्ध बंदियों ने पितृ पक्ष के अवसर पर अपने स्वर्गीय पितृ एवं मातृ पक्ष के लिये विधिवत पूजन पाठ कर तर्पण किया। पितृ तर्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपने स्वर्गीय परिजनों को याद कर उन्हें आत्मशान्ति की प्रार्थना की तथा उनके लिये जेल मे ही तर्पण क्रिया किये। गायत्री परिवार उमरिया से मनोज एवं उमेश्वरी तथा दीपक एवं अंकुश ने यह कार्यक्रम विधि विधान से सम्पन्न कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये जेल अधीक्षक डी. के. सारस एवं जेलर / उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को एवं ड्यूटीरत प्रमुख मुख्य प्रहरी / जेल के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी ने बंदियो को अनुशासन में रखकर बंदियों को कार्यक्रम में सम्मिलित कराया गया ।

## मारपीट करने पर मामला कायम

**उमरिया।** पाली थाना अंतर्गत ग्राम नरवार में आरोपी व्दारा फरियादी से गाली गालौज करते हुए मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी अनुसार अरूण कुमार कुषवाहा पिता गरीब लाल कुषवाहा उम्र 30 साल निवासी ग्राम नरवार की षिकायत पर आरोपी संतोष यादव निवासी ग्राम नरवार पर मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## आरोपी पर दहेज अधिनियम के तहत मामला कायम

**उमरिया।** चंदिया थाना अंतर्गत ग्राम सेमडारी मे फरियादी से आरोपियो व्दारा दहेज की मांग को लेकर गाली गालौज करते हुए मारपीट की गई एवं जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी अनुसार मेघना सिंह गौतम पति संदीप उर्फ विजय सिंह गौतम उम्र 34 साल निवासी ग्राम सेमडारी की षिकायत पर आरोपी संदीप उर्फ विजय सिंह गौतम पिता पदम सिंह गौतम सहित दो अन्य पर पुलिस ने 85, 296,115, (2), 351 (2), 3(5) बी एन एस ,34 द0प्र0अधिनियम के तहत मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## अवैध मदिरा जब्त

**उमरिया।** पाली थाना अंतर्गत आरोपिया पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसके पास से अवैध मदिरा जप्त की है। बताया जाता है कि आरोपिया सुनीता कोल पति छोटे लाल उम्र 45 साल निवासी इंद्रा आवास कालोनी घुनघुटी पर कार्यवाही करते हुए उसके पास से 6 लीटर हाथ भटटी की कच्ची महुआ जप्त की है जिसकी कीमत 600 रूपये है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# सामुदायिक भवन उमरिया में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

उमरिया

जिला मुख्यांलय स्थित सामुदायिक भवन उमरिया में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत स्व सहायता समूहों का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम सामुदायिक भवन उमरिया में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्व सहायता समूह की महिलाओ को संबोधित करते हुए कहा गया कि बेटी है तो कल है । आज बेटियां बेटो से कम नही है । बेटियों ने हर क्षेत्र में अपने आप को बेहतर साबित किया है । उन्होने आव्हान करते हुए कहा कि बेटियों को षिक्षा अर्जित करने के लिए निष्चित रूप से स्कूल भेजे। स्कूल जाने पर निषुल्क सायकिल, गणवेष, मध्यान्ह



भोजन की सुविधा प्रदेष सरकार व्दारा उपलब्ध कराई जाती है । बेटियों की चिंता करते हुए सरकार ने लाडली लक्ष्मी योजना प्रारंभ की जिसके तहत बेटियों के शिक्षा दीक्षा पूरी करवा रही है । इस अवसर पर विध सह परवीक्षा अधिकारी मो0 आषिफ व्दारा पास्को एक्ट के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला समन्वयक अनामिक बाहेष्वर, पंकज मिश्रा, विवेक व्दिवेदी सहित बडी संख्या में स्व सहायता समूह की महिलाएं, आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका उपस्थित रही।

## जिला अस्पताल से निकाली गई स्वच्छता रैली

**उमरिया।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिले में स्वच्छता पखवाडे का संचालन किया जा रहा है । स्वच्छता पखवाडे में शासन प्रशासन के साथ साथ जन मानस भी आगें आकर जन सहभागिता निभा रहा है । स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिला अस्पताल उमरिया से स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से नागरिकों को अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग रखने, घरों एवं दुकान से निकलने वाले कचरे को कचरा गाडी में फेकने, स्वच्छता बनाये रखने में सहभागिता दर्ज करानें, साथी रे हाथ से हाथ मिलाना- गंदगी दूर भगाना, स्वच्छ भारत है एक बढा अभियान, सब मिलकर करे।

# केन्द्रीय विद्यालय में घटना से बचाव हेतु मॉकड्रिल का आयोजन




उमरिया

केन्द्रीय विद्यालय उमरिया में आग जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम के तहत छात्रों और शिक्षकों को ऐसी किसी घटना के लिए तैयार करने के लिए स्कूल में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास के क्रम में छात्रों और शिक्षकों को शामिल करते हुए नगर पालिका से आए अग्निशामक दल द्वारा आग की आपात स्थिति का सामना करने के लिए अभ्यास आयोजित किया गया । उपस्थित छात्र छात्राओं को अग्निशामक यंत्र की कार्य प्रणाली के बारे में बताया गया। इसके अलावा आग लगने की संभावना के बारे में क्या करें और क्या नहीं करें इस बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर मॉकड्रिल की निगरानी प्राचार्या ने की। उन्होंने विद्यार्थियों से इस मॉकड्रिल के संबंध में उनकी धारणा के बारे में बातचीत की और आपातकाल के समय बरती जाने वाली सावधानियां के बारे में समझाईस दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण व छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय बधिर जन सप्ताह एवं विश्व सांकेतिक भाषा दिवस पर स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**उमरिया।** अंतर्राष्ट्रीय बधिर जन सप्ताह (23 से 29 सितंबर) और विश्व सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर केंद्रीय विद्यालय नौरोजाबाद में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान डीईआईएम रीता बहरानी द्वारा केंद्रीय विद्यालय नौरोजाबाद के सभी शिक्षकों को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से अवगत कराया । कार्यक्रम के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक के सभी बच्चों को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार प्रदान किया जाता है । शिविर में डॉक्टर रीना



गुप्ता द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा श्रवण बाधिता से संबंधित जांच और उपचार ऑडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट पवन कुमार द्वारा किया गया। प्रिंसिपल संतोष कुमार द्विवेदी द्वारा स्वास्थ्य विभाग का आभार प्रकट करते हुए कहा गया कि एक बच्चे के लिए शिक्षा के साथ-साथ उसका स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। एक बच्चे का भविष्य उसकी शारीरिक और मानसिक विकास पर ही निर्भर करता है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से आरबीएस के प्रबंधक रीता बहरानी, आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रीना गुप्ता ,ऑडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट पवन कुमार तथा केंद्रीय विद्यालय नरोजाबाद से प्राचार्य संतोष द्विवेदी, वरिष्ठ शिक्षक सुजीत कुमार पॉल स्टाफ नर्स कोमल सिंह संयोजक अनुज राय तथा मुख्य अध्यापक दिनेश कुमार झारिया और समस्त स्टाफ शामिल रहे।


## कार्यालय नगर परिषद मानपुर जिला उमरिया (म.प्र.)

क्र./1216/न.परि./2024 — **निविदा सूचना** — मानपुर दिनांक 26.09.24

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि | निविदा आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_370928_1 | Construction of RCC Drain Ward No. 08 Pattihai Tola | (1) 06 माह (2) 1456613/- | (1) 2000/- (2) 10925/- | 21.10.2024 | प्रथम निविदा |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद मानपुर**
**जिला - उमरिया म.प्र.**

# व्याख्यान कार्यक्रम में बोले डॉ. पवन स्थापक
# विनम्र एवं उदार शासक थीं महारानी अहिल्याबाई

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडला सम्पर्क विभाग द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरदार पटैल कॉलेज डिंडौरी रोड खैरी में आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एचपी झारिया भा.व.से. सेवानिवृत्त वनमंडल अधिकारी एवं मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. पवन स्थापक निदेशक देवजी नेत्रालय जबलपुर के साथ हीरानंद चन्द्रवंशी जिला संघचालक मंचासीन रहे। यहां पर रितेश अग्रवाल विभाग संपर्क प्रमुख द्वारा संघ के मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ राष्ट्र के सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक एवं आर्थिक पुनरूत्थान के बारे में बताया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एचपी झारिया ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर साधारण से किसान के घर पैदा हुई एक महिला थी जिन्होंने सदैव अपने राज्य और वहां के लोगों के हित में ही कार्य किया। उनके कार्य की प्रणाली बहुत ही सुगम एवं सरल है अर्थात इन्होंने अपने राज्य के लोगों के





साथ बड़े ही प्रेम पूर्वक एवं दया के साथ व्यवहार किया। अहिल्याबाई होल्कर के इतिहास के बारे में इस ब्लॉग में हम आपको उनके बारे में बताएंगे। उन्होंने कई युद्धों में अपनी सेना का नेतृत्व किया और हाथी पर सवार होकर वीरता के साथ लड़ीं। वे मालवा प्रांत की महारानी थी। अहिल्याबाई होल्कर ने समाज की सेवा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। मुख्य वक्ता डॉ. पवन स्थापक ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई की पहचान एक विनम्र एवं उदार शासक के रुप में थी। उनके ह्रदय में जरूरमदों, गरीबों और असहाय व्यक्ति के लिए दया और परोपकार की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। उन्होंने समाज सेवा के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया था। अहिल्याबाई हमेशा अपनी प्रजा और गरीबों की भलाई के बारे में सोचती रहती थी इसके साथ ही वे गरीबों और निर्धनों की संभव मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती थी। उन्होंने समाज में विधवा महिलाओं की स्थिति पर भी खासा काम किया और उनके लिए उस वक्त बनाए गए कानून में बदलाव भी किया था।

दरअसल अहिल्याबाई के मराठा प्रांत का शासन संभालने से पहले यह कानून था कि अगर कोई महिला विधवा हो जाए और उसका पुत्र न हो तो उसकी पूरी संपत्ति सरकारी खजाना या फिर राजकोष में जमा कर दी जाती थी लेकिन अहिल्याबाई ने इस कानून को बदलकर विधवा महिला को अपनी पति की संपत्ति लेने का हकदार बनाया। इसके अलावा उन्होंने महिला शिक्षा पर भी खासा जोर दिया। अपने जीवन में तमाम परेशानियां झेलने के बाद जिस तरह महारानी अहिल्याबाई ने अपनी अदम्य नारी शक्ति का इस्तेमाल किया था वो काफी प्रशंसनीय है।

अहिल्याबाई कई महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। अहिल्याबाई होल्कर का जन्म महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के चौड़ी नामक गाँव में मनकोजी शिंदे के घर सन् 1725 ई। में हुआ था। साधारण शिक्षित अहिल्याबाई 10 वर्ष की अल्पायु में ही मालवा में इतिहासकार ई. मार्सडेन के अनुसार होल्कर वंशीय राज्य के संस्थापक मल्हारराव होल्कर के पुत्र खण्डेराव के साथ परिणय सूत्र में बंध गई थीं। अपनी कर्तव्यनिष्ठा से उन्होंने सास-ससुर, पति व अन्य सम्बन्धियों के ह्रदयों को जीत लिया। समयोपरांत एक पुत्र, एक पुत्री की माँ बनीं।अभी यौवनावस्था की दहलीज पर ही थीं कि उनकी 29 वर्ष की आयु में पति का देहांत हो गया।सन् 1766 ई. में वीरवर ससुर मल्हारराव भी चल बसे। अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से एक महान साया उठ गया। शासन की बागडोर संभालनी पड़ी। वह एक सामान्य से किसान की पुत्री थी। उनके पिता मान्कोजी शिन्दे के एक सामान्य किसान थे। सादगी और घनिष्ठता के साथ जीवन व्यतीत करने वाले मनकोजी की अहिल्याबाई एकमात्र अर्थात इकलौती पुत्री थी। अहिल्याबाई बचपन के समय में सीधी साधी और सरल ग्रामीण कन्या थी।

अहिल्याबाई होल्कर भगवान में विश्वास रखने वाली औरत थी और वह प्रतिदिन शिवजी के मंदिर पूजन आदि करने आती थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अहिल्याबाई होल्कर के द्वारा उनके जीवन काल में किये गये बहु आयामी कार्यों को स्मरण करने के निमित्त व्याख्यान है। इस दौरान जिला सम्पर्क प्रमुख साजिश यादव ने कार्यक्रम के समापन पर आभार व्यक्त किया। तो वहीं नगर संपर्क प्रमुख डॉ. शेषमणी गौतम ने मंच का संचालन किया। वहीं सुश्री उर्वशी ने कार्यक्रम समापन पर वंदेमातृम गीत गाया।



## बिसौरा में विधिक जागरूकता शिविर

**मण्डला/निवास।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश एवं तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार लडिया के निर्देशन में व पदमिनी सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी निवास की अध्यक्षता में शासकीय हाई स्कूल बिसौरा निवास में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं विधिक सहायता एवं सलाह, महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध, घरेलू हिंसा, भरण पोषण के संबंध में विस्तार से समझाया गया। बच्चो को स्मार्ट फोन से होने वाली हानियों से बचाने के लिए मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी गई आयोजित शिविर में शासकीय हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य आशाराम मरावी अन्य शिक्षक विमल धर द्विवेदी, मिथिलेश दुबे, कुमारी करुणा मरावी, टीकाराम रैदास एवं अनिल कछवाहा और विधिक सेवा समिति के स्टाफ की उपस्थिती रही।

## आटो से गिरी महिला घायल

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** विकासखंड नारायणंज के ग्राम रतनपुर चौकी क्षेत्र में सवारी आटो से उतरते समय एक वृद्ध महिला नीचे गिर गई। जिसके कारण वृद्ध महिला को गंभीर चोट आई। चोटिल महिला को तत्काल उसी सवारी आटो से वृद्ध महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज उपचार के लिए लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मंडला जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जहां वृद्ध महिला का उपचार चल रहा है।

## माहिष्मती नागरिक बैंक की वार्षिक सभा सम्पन्न

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** माहिष्मती नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड मण्डला की 40 वीं वार्षिक साधारण सभा 27 सितंबर को बैंक के मीटिंग हॉल में बैंक के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटैल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक ए.आर. पटेल द्वारा मीटिंग हाल में उपस्थित हुऐ अंशधारियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया एवं बैंक के वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन 2023-24 का अपने मुखार बिंद से वाचन किया गया तत्पश्चात बैंक के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल द्वारा अपने उद्बोधन में बैंक की प्रगति में सहायक पूर्व संचालक मण्डल के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया एवं बैंक के सभी अंशधारियों, अमानतदारों को भी अपनी बहूमूल्य निधियों को बैंक में निवेश कर बैंक प्रगति में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया तथा ऋणी सदस्य जो नियमित रूप से अपने ऋण की अदायगी कर रहे हैं उन्हें भी धन्यवाद दिया एवं जो अंशधारी सक्रिय नहीं हैं उन्हें बैंक में सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया गया तथा शहर के सभी आमजनों से अपील की गई कि अपने शहर का अपना शहरी सहकारी बैंक से जुड़कर बैंक प्रगति में अपनी सहभागिता प्रदान करें तथा बैंक को पूर्ण रूप से डिजीटल करने एवं प्रतिस्पर्धा के इस युग में अन्य सभी बैंकों से कदम से कदम मिलाकर चलते हुये सभी सदस्यों को बेहतर बैंकिंग सुविधा प्रदान करने हेतु आश्वासन दिया। बैंक के उपाध्यक्ष संजय मिश्रा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अंशधारियों को अपना बहूमूल्य समय प्रदान करने एवं बैंक की प्रगति में सहयोग करने हेतु आभार प्रदर्शित कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। इस मौके पर विनीत कुमार चौरसिया, संचालक मण्डल के सदस्य शशि पटेल, कन्हैया मूलचंदानी, धीरज अग्रवाल, विभोर अग्रवाल, राजीव चौरसिया, कीर्ति दुबे,विमला झारिया, दिलीप चौरसिया, जैकी मूलचंदानी एवं बैंक प्रधान कार्यालय मण्डला, शाखा बम्हनी बंजर, शाखा बिछिया का स्टाफ उपस्थित रहा।

## भगत सिंह को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

शनिवार को शहीद भगत सिंह की 117 वीं जयंती के अवसर पर बुधवारी स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया गया। यहां पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार सुनील दुबे अन्ना महाराज ने माल्यार्पण करते हुए शहीद भगत सिंह की जीवन परिचय से उपस्थितजनों को अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में अपने प्रेरक नारा जो हर एक सुनने बाले भारतीय के दिल में ज्वाला बन के आग उगलती थी इंकलाब जिंदाबाद इंकलाब जिंदाबाद के साथ देश को आजाद करने में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति देकर स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। इस अवसर पर पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल एवं समाजसेवी




राजा शुक्ला ने भी माल्यार्पण करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पतंजलि योग समिति से सुनील बाली, रामगोपाल पटेल, राजेंद्र उपाध्याय, अरविंद जोशी, सुनील कुमार मिश्रा, अशोक सोनी, बबब्ल खरया, श्रीलाल नंदा , जगदीश कछवाहा, ओमप्रकाश चौकसे, राजाराम जोशी, महेंद्र कुमार बर्वे, लीना सोनवानी एवं अन्य नगर वासियों ने क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह आजाद की बुधवारी चौक में स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर दीप पज्वलित कर माल्यार्पण पश्चात श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## पूर्णिमा शुक्ला ने जीता सिल्वर मेडल

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

भारतीय वूशु संघ द्वारा उत्तराखंड के देहरादून में 21 से 26 सितंबर तक 33वीं सीनियर नेशनल वूशु चैंपियनशिप महाराणा प्रताप स्टेडियम में आयोजित की गई। जिला वूशु संघ सचिव माया रजक ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ राजपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बाजवा एवं भूपेंद्र सिंह बाजवा, भारतीय वूशु संघ के सीईओ सोहेल अहमद ने शनिवार को महाराणा प्रताप स्टेडियम में किया मध्यप्रदेश वूशु संघ के अध्यक्ष एनके त्रिपाठी ने बताया की स्पर्धा में मध्यप्रदेश की कुल 42 खिलाड़ी एवं भारतीय वूशु दल की प्रशिक्षण सचिव सारिका गुप्ता विश्वामित्र ऑवाडी के मार्गदर्शन में भाग लिया प्रतियोगिता में जिले के दो खिलाड़ी पूर्णिमा रजक एवं तुषार झारिया मध्यप्रदेश टीम से भाग लिया। 6 से 8 सितंबर को सिवनी में राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें इन खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीत कर अपना स्थान पक्का किया था इस प्रतियोगिता में इंडिया की 40 से अधिक इकाइयों के 1200 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए जिनमें विभिन्न राज्यों और अर्धसैनिक वलों की शुभकामनाएं वही पूर्णिमा ने हर वर्ष की तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया मध्यप्रदेश ने कुल 11 पदक प्राप्त किया 2 स्वर्ण, 3 रजत 6 कांस्य पदक मिले हैं।

## पोषक तत्व प्रबंधन पर प्रशिक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में रबी फसल 2024-25 की तैयारी के लिए कृषि विभाग द्वारा सभी विकासखंडों में किसानों को मृदा स्वास्थ्य एवं संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उपसंचालक कृषि के निर्देशानुसार मृदा स्वास्थ एवं फर्टिलिटी योजनांर्गत 24 सितंबर 2024 को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नैनपुर एवं बीजाडांडी के द्वारा कृषकों को प्रशिक्षण दिया गया। कृषकों को सॉइल हेल्थ कार्ड की महत्ता की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी और असंतुलन की पहचान करने में सॉइल हेल्थ कार्ड रिपोर्ट किसानों के लिए आवश्यक है। प्रशिक्षण में कृषकों को मृदा परीक्षण कार्ड के आधार पर जिन पोषक तत्वों की कमी मृदा में पाई गई उसकी पूर्ति हेतु उर्वरक का सही मात्रा में उपयोग किये जाने की पूर्ण जानकारी दी गई।

## बम्हनी नपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।

स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत नगर परिषद बम्हनी बंजर में वृहद स्वच्छता अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, नागरिकों एवं समस्त कर्मचारी एवं सहयोगी आदि की उपस्थिति में नगर के साप्ताहिक बाजार स्थल पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। एवं चिन्हित एक स्थान में सामुहिक श्रमदान किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्कूल संवाद का कार्यक्रम सरस्वती ज्ञानमंदिर में आयोजित किया गया जिसमे बच्चो को स्वच्छता के बारे में बताया गया साथ ही गीले एवं सूखे कचरे के बारे में बताया गया। घर की स्वच्छता के साथ विद्यालय की स्वच्छता का पाठ बताया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत नगर परिषद बम्हनी बंजर में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन सभी 15 वार्डो में किया गया जिसमे स्वास्थ विभाग की टीम के समन्वय से सभी सफाई मित्र का चेक अप किया गया साथ ही आवश्यक दवा का भी



वितरण किया गया एवं भारत सरकार और मध्यप्रदेश शासन स्तर से मिलने वाली सभी योजनाएं के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बताया गया की स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत प्रतिदिन सफ़ाई से संबंधति सभी गतिविधियां संचालित की जा रही है साथ ही 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस मनाया जावेगा जिसमे प्रात काल में स्वच्छता ही सेवा श्रमदान कार्यक्रम एवं मुख्य कार्यक्रम समय 3 बजे से होगा जिसमे स्वच्छता पखवाड़ा में सभी सफाई मित्रो को पुरुस्कृत किया जावेगा।

## नवांकुर संस्था की बैठक सम्पन्न

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** विकासखंड बीजाडांडी के ग्राम धनवाही में आदिवासी लोक नृतक दल नवांकुर संस्था प्रमुख जगतसिंह परतेजी के निवास में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति, एक पेड़ मां के नाम अभियान समेत अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला समन्वयक राजेन्द्र चौधरी, नगर विकास प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्था प्रमुख देवप्रकाश पांडे, प्रतिभा विकास समिति चरगांव माल नवांकुर संस्था प्रमुख हरिलाल परतेती, विकासखंड समनवयक श्रीमती मंजुलता पांडेय उपस्थित रहीं।

## सटोरिया और खाईबाज पर संगठित अपराध की कार्यवाही

मण्डला।

जिले में समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना चौंकी प्रभारियों को संगठित अपराधों मे लिप्त व जुआॅ, सट्टा खिलाने वालों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। मंडला अनुभाग अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के निर्देशन में थाना कोतवाली की टीम द्वारा प्राप्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए 3 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथ पकड़े गये 3 आरोपियों एवं संगठित अपराध में संलिप्त 2 खाईवाल के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध किये गयें। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान ने बताया थाना कोतवाली पुलिस को कस्बा भ्रमण के दौरान विश्वसनीय मुखबिर से सट्टा पट्टी लिखे जाने के संबंध में सूचना मिली थी जिसपर




दो विशेष टीम गठित कर मुखबीर के बताये स्थान पर जाकर अलग अलग टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा गया। पान ठेलें में सट्टा पर्ची लिखते एक व्यक्ति रंगे हाथ पकड़ा हसीब खान पिता अहमद खान उम्र 34 नर्मदा जी वार्ड का होना बताया जिसके कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी, एक डाट पेन एवं सट्टा पट्टी का नगदी रकम 610 रूपये को जप्त किया गया। उक्त आरोपी ने पुछताछ में योगेश चौरसिया नर्मदा जी वार्ड मंडला के लिए कमीशन पर सट्टा पर्ची लिखना बताया। वहीं बस स्टैंड मंडला में दबीश देकर आरोपी सुरेन्द्र सोनी पिता रंगीलाल सोनी उम्र 44 साल निवासी कम्पोस कालोनी को पकड़ा गया जिससे सट्टा-पट्टी, एक डाट पेन एवं सट्टा-पट्टी का नगदी रकम 615 रूपये को जप्त किया गया। उक्त आरोपी ने प्रदीप चौरसिया पिता कपूर चंद चौरसिया उम्र 52 वर्ष निवासी सुभाष वार्ड मंडला के कहने पर कमीशन पर सट्टा पर्ची लिखना बताया। तो सूचना पर आरोपी तुलसी रजक पिता स्व. तीरथ रजक उम्र 48 वर्ष निवासी सिंहवाहिनी वार्ड मंडला के बुधवारी स्थित प्रेस की दुकान में दबीश दी गई। जिससे सट्टा-पट्टी, एक डाट पेन एवं सट्टा पट्टी का नगदी रकम 670 रूपये को जप्त किया गया। उक्त आरोपी ने प्रदीप चौरसिया पिता कपूर चंद चौरसिया उम्र 52 वर्ष निवासी सुभाष वार्ड के कहने पर कमीशन पर सट्टा पर्ची लिखना बताया। उक्त दोनों के द्वारा संगठित होकर सट्टा-पट्टी लिखकर रूपये पैसे का दाव लगाकर अवैध लाभ कमाये पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध सट्टा अधिनियम की धारा 4क, भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 49, 112(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। कार्यवाही के दौरान सहायक उप निरीक्षक खेमराज राणा, भुवनेश्वर वामनकर, प्रधान आरक्षक चंद्र कुमार वरकड़े आरक्षक संतराम, रामचंद्र कुरवेती की भूमिका रही।



## शहीद भगत सिंह की 117वीं जयंती पर भाजपाईयों ने दी श्रद्धांजलि

**नैनपुर।** नगर के शहीद स्मारक स्थल मुख्य मार्ग पर 117वीं जयंती पर शहीद भगतसिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर भाजपाइयों के द्वारा अमर शहीदो को नम् आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दोरान देश के अमर शहीदो व बलिदानियों का स्मरण कर सभी को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान जिला महामंत्री भगवती श्रीधर, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, श्रीमति उषा गोस्वामी, श्रीमति राखी खंडेलवाल , गणेश कोकडयिां , मुकेश पांडे, जुगल किशोर बघेल, देवेन्द्र मिश्रा, सुनील जघेला, संजय सिसोदिया , सुजीत शुक्ला , दिलीप दास, ओम झारिया , अब्दुल एजाज, के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ओर नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने शहीद भगत सिंह जी की प्रतिमा पर माला पहनाकर पुष्प अर्पित किए।

## सड़क पर फैली गिट्टियां दुर्घटनाओं को दे रही निमंत्रण

### बालाघाट सड़क मार्ग पर ओव्हरलोड डम्परों से हो रही समस्या

**नैनपुर (स्वतंत्र मत )।** नैनपुर से बालाघाट सड़क मार्ग पर बिखरी पड़ी गिट्टियां दुर्घटनाओ को निमंत्रण दे रही हैं। इस मार्ग में डंफरो की बेजा आवाजाही ने इस समस्या को और बड़ा दिया है। बालाघाट सड़क मार्ग पर प्रवेश करते ही डंफर का आतंक देखने को मिल जाता है। गिट्टी से भरे ओवर लोड वाहन किस तरह घटना को आमादा है ये यहां सामान्य रूप से देखा जा सकता है। नगर नैनपुर अति संवेदनशील है। आये दिन होने वाली दुर्घटनाओ में लोग हताहत हो रहे हैं। वैसे भी बालाघाट मार्ग के कुछ स्पॉट दुर्घटनाओ के लिए चिन्हित है। ऊपर से सड़क में फैली ये गिट्टियां यहां आवागमन को न केवल प्रभावित कर रही हैं। अपितु दुर्घटनाओ का भी यहां अंदेशा बना हुआ है। इस ओर खनिज विभाग,



आर टी ओ के साथ स्थानीय प्रशासन को अपना ध्यान आकर्षित करने की आवश्यकता है। कल बालाघाट सड़क मार्ग पर जा रहे डंफरो ने गिट्टी गिराई जिस के चलते भारत ज्योति विद्यालय सिविल अस्पताल नैनपुर तक आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जब यह बात जन सामान्य तक पहुंची तो नगर पालिका परिषद नैनपुर के द्वारा गिट्टी सड़क मार्ग से हटाई गई। आये दिन होने वाली इस समस्या से स्थाई निजात पाने की आवश्यकता है । वरना जब कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है तो प्रशासन के पास लकीर पीटने के अलावा और कोई चारा नही बचता है। अपेक्षा है इस मार्ग पर डंफरो के आवागमन के साथ ओव्हर लोड वाहनों को नियंत्रित करने के सार्थक प्रयास किये जायेंगे।




## महाविद्यालय के सामने हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ सौंपा गया ज्ञापन

**नैनपुर (स्वतंत्र मत) ।** नगर के समीपी ग्राम निवारी में सड़क के किनारे हो रहे अतिक्रमण से व्यवस्थाएं बदहाल हैं। मुख्य मार्ग से निवारी ग्राम के अंदर खासकर महाविद्यालय के सामने नितनये अतिक्रमणों से अब केवल लोग ही नही अपितु छात्र छात्राओ को भी परेशानी हो रही है। अब इसके विरोध में महाविद्यालय के छात्र छात्रों ने मोर्चा खोल दिया है। अपनी परेशानी को लेकर नैनपुर एसडीएम एच के घोरमारे एंव पुलिस थाना नैनपुर को कलेक्टर मंडला के नाम ज्ञापन सोप कर अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है। बताया गया कि सैकड़ो की संख्या में नैनपुर व ग्रामीण क्षेत्र से महाविद्यालय में छात्र-छात्राए अध्ययन के लिए पहुंचते हैं । दुकानों में खड़े मनचलो की भीड़ छात्राओं को छेड़छाड़ व छीटाकशी प्रतिदिन करते आ रहे हैं। ज्ञात हो एक के बाद एक लगातार शासकीय भूमि पर सड़क के किनारे कब्जा किया जा रहा है। विद्यार्थियों के आने-जाने में कठिनाईयों का सामना करना होता है। इन दुकानों पर लगने वाली भीड़ से विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को जगाने व इस अतिक्रमण को हटाने छात्र-छात्राओं ने अपनी पीडा सौंपे गए ज्ञापन में व्यक्त की है।

# मुरदों का गाँव

कहानी

धर्मवीर भारती



उस गाँव के बारे में अजीब अफवाहें फैली थीं। लोग कहते थे कि यहाँ दिन में भी मौत का एक काला साया रोशनी पर पड़ा रहता है। शाम होते ही कचें जम्हाइयाँ लेने लगती हैं और भूखे कंकाल अँधेरे का लबादा ओड़कर सड़कों, पगडंडियों और खेतों की मेंड़ों पर खाने की तलाश में घूमा करते हैं।

इसी वजह से जब अखिल ने कहा कि चलो, उस गाँव के आँकड़े भी तैयार कर लें, तो मैं एक बार काँप गया। बहुत मुश्किल से पास के गाँव का एक लड़का साथ जाने को तैयार हुआ। मील भर पहले ही से खेतों में लाशें मिलने लगीं। गाँव के नजदीक पहुँचते-पहुँचते तो यह हाल हो गया कि मालूम पड़ता था, भूख ने इन गाँव के चारों ओर मौत के बीज बोए थे और आज सड़ी लाशों की फसल लहलहा रही है। सामने मुरदों के गाँव का पहला झोंपड़ा दीख पड़ा। तीन और की दीवारें गिर गई थीं और एक और की दीवार के सहारे आधा छप्पर लटक रहा था। दीवार की आड़ में एक कंकाल पड़ा था। साथवाला लड़का रुका, यह। यह निताई धीवर है।

कहाँ? अखिल ने पूछा।

वह, वह निताई धीवर सो रहा है। लड़के ने कंकाल की ओर संकेत किया, वह धीवर था और गाँव का सबसे पट्टा जवान। अकाल पक्ष। भूख से उसकी माँ मर गई। उसके पास खाने को या फिर लकड़ी लाकर निता सजाना तो असंभव था। उसने अपनी नाव बाहर खींची, माँ के शरीर को नाव में रखा, ऊपर से सूखी घास रखी और आग लगा दी। रहा-सहा सहारा भी

चला गया और एक दिन वह भी यहीं भूखा सो गया। यहीं, इसी जगह उसकी माँ ने भी दम तोड़ा था। वह लड़का बोला। हवा का झोंका फिर चला और खोखले बाँसों से गुजरती हुई हवा सन्नाटे में फिसल पड़ी। लड़का चीख पड़ा, वह साँस ले रही है, सुना नहीं आपने? कौन ?

वह, वह जुलाहिन साँस ले रही है।

क्या वाहियात बात है। अखिल ने झुंझलाकर डाँटा, कौन जुलाहिन ?

आपको नहीं मालूम ? वह सामने झोंपड़ी है न, उसी में जुलाहे रहते थे। उसमें से तीन भूख से मर गए। रह गए सिर्फ जुलाहा, जुलाहिन और उनका करघा; मगर भूख से उनकी नसें इतनी सुस्त थीं कि करघा भी बेकार था। उन्होंने पास के जंगल से जड़ें खोदकर खानी शुरू कीं। उनके दाँत नुकीले हो गए, जैसे सियारों की खीसें। जुलाहा बीमार पड़ गया। जुलाहिन जड़ें खोदने जाती थी। एक दिन जड़ें खोदते वक्त खुरपी उसके कमजोर हाथों से फिसल गई और बाएँ हाथ की तर्जनी और अँगूठा कटकर गिर गया। जब वह घर पहुँची तो भूखा व बीमार जुलाहा झल्ला उठा और चिल्लाकर बोला, निकल जा मेरे घर से। अब तू बेकार है। न करघा चला सकती है, न जड़ें खोद सकती है। तब से जुलाहिन का पता नहीं है। मगर कुछ लोगों का कहना है कि वह भूत बनकर गाँव की कक्षों के पास घूमा करती है। वह अभी भी साँस ले रही थी, सुना नहीं आपने ?

अखिल ने मेरी ओर देखा और मैंने अखिल की ओर। हम दोनों आगे बढ़े और जुलाहों के झोंपड़े में घुसे। लड़का ठिठका, मगर हिम्मत दिलाने पर वह भी आगे बढ़ा। हम लोग अंदर गए। लड़के ने अंदर से किवाड़ बंद कर लिये और हम लोगों से सटकर खड़ा हो गया। अखिल ने अपना कैमरा संभाला और फोटो लेने की तैयारी की। इतने में पीछे के किवाड़ खड़क उठे। मेरे रोंगटे खड़े हो गए। अखिल बोला, कोई सियार होगा।

किवाड़ को किसी ने जैसे बार-बार धक्का देना शुरू किया। मैंने सोचा, शायद जिंदा आदमी की गंध पाकर गाँव भर के मुरदे हम पर हमला करने आए हैं। मेरे खून का कतरा कतरा डर से जम गया। लड़का बुरी तरह से चीख पड़ा। अखिल धीमे-धीमे गया, धीरे से किवाड़ खोल दिया। उसके बाद बुरी तरह से चीखकर भागा और मेरे पास आकर खड़ा हो गया।

मैंने जिसे देखा यह आदमी नहीं कहा जा सकता था। उसके बाएँ हाथ में एक खुरपी थी और दाएँ हाथ की दो अधकटी और तीन साबुत उँगलियों में कुछ जड़ें। वह पल भर दरवाजे के पास खड़ी रही, फिर धीरे-धीरे आगे बढ़ी।

मैं चीखना चाहता था, मगर गला जवाब दे चुका था। वह हमारे बिल्कुल पास आकर खड़ी हो गई, जड़ें जमीन पर रख दीं और अपने तीन उँगलियों वाले हाथ को मुँह के पास ले जाकर कुछ खाने का इशारा किया। हम लोगों की जान में जान आई। वह भूखी है, वह आदमी ही होगी; क्योंकि भूख आदमियत की पहचान है। अखिल ने अपने झोले में से केला निकाला और उसकी और फेंक दिया। उसने केला उठाया और मुँह के पास ले गई। मगर फिर रुक गई, उठी और झोंपड़ी के दूसरी ओर चल दी।

हम लोगों को कौतूहल हुआ। हम लोग भी पीछे-पीछे चले। यह औरत सहम के एक कोने में गई। देहाती लड़के ने उसे देखा और पहली बार उसके मुँह से आवाज निकली, जुलाहा। यह तो जुलाहे की लाश है। यह जुलाहिन उसे भी भूत बनाने आई है।

जुलाहिन लाश के पास गई। लाश सड़ रही थी और उसमें चींटियाँ लग रही थीं। उसने केला और जड़ें लाश के मुँह पर रख दीं और हँसी। दूसरे ही क्षण वह बैठ गई और मुरदे की छाती पर सिर रख सुबकने लगी।

यह जुलाहिन है? मगर यह तो कम-से-कम सत्तर बरस की होगी।

सत्तर बरस। इम, द्वह द्वा सहभवाड़ा, देखते नहीं, जहरीली जड़ें खाने से इसकी नसों में पानी भर गया है, मांस झूल गया है। अखिल बोला, इस मुरदे को हटाओ, वरना यह भी मर जाएगी। उसके बाद हम लोग झोंपड़े के भीतर आए। पास में एक गड्ढा था। सोचा, इसी में लाश डाल दी जाए। भीतर आए, लाश के पास से जुलाहिन को हटाया और उसकी लाश भी एक ओर लुढ़क गई। हम लोग थोड़ी देर चुप रहे। फिर मैं बोला-भारी गले से, अखिल, उँगलियाँ कट जाने पर यह निकाल दी गई। फिर किस बंधन के सहारे, आखिर किस आधार के सहारे यह मरने से पहले जुलाहे के पास आई थी जड़ें लेकर क्यों?

अखिल चुप रहा-मुरदों के गाँव की दोनों आखिरी लाशें सामने पड़ी थीं।

अच्छा उठो । अखिल बोला।

हम लोगों ने लाशें उठाई और गड्ढे में डाल दीं। एक ओर जुलाहा, दूसरी ओर जुलाहिन। बाँस के सूखे पत्तों से उन्हें डाँक दिया। मैंने अपनी उँगली से धूल में गड्ढे के पास लिखा-ताजमहल, 1943 और हम चल पड़े।

# राजनीति और ज्योतिष

संतोष उत्सुक

चुनाव हों तो ज्योतिष पर चर्चा और खर्चा बढ़ना लाज़मी है। ज्योतिषी बड़ी समझदारी से गणना खंगालते हैं उसमें अनुभव, जान पहचान, विशवास और समकालीन माहौल का रसायन मिलाकर भविष्यवाणी करते हैं। जिन ज्योतिषियों का राजनेताओं से याराना होता है, वे घुमाफिरा कर या फिर सीधे सीधे उनके पक्ष में भविष्यवाणी करते हैं। ऐसे ज्योतिषी भी हैं जो डरते नहीं। उन्हें अपना काम सही तरीके से करना आता है। वे डंके की चोट पर भविष्य का हाल बताते हैं। उनकी ऐसी बातों से कुछ लोग डंकी जैसा महसूस करते हैं जी।

यह तो होता ही है कि सभी भविष्यवाणियां और सबकी भविष्यवाणियां सच नहीं होती। जब तक भविष्यवाणी सच न हो तब तक ज्योतिषी वीआईपी होता है। झूठ साबित हो जाए तो उसकी साख कुछ समय के लिए गिर जाती है। अगली भविष्यवाणी सच साबित होने तक थोडा व्यावसायिक नुकसान भी हो सकता है। कुछ भी कह लो जी, ज्योतिष, असुरक्षित, अविश्वसनीय, वर्तमान स्वार्थी वातावरण में चुनाव लड़ने वालों के लिए मनोवैज्ञानिक संबल का काम तो करता ही है। हवन, यज्ञ अनुष्ठान किया जाए तो बेचारा उत्साह बरकरार रहता है। उत्साह ज्यादा बढ़ जाए तो नुकसानदेह हो सकता है।

दिलचस्प यह है कि पूरी दुनिया इस समय भारत की दीवानी है। हम हर काम पहले कर चुके हैं जिसका नालायक दुनिया को बाद में



व्यंग्य

पता चला। हमारे देश की तरह, चुनाव के दिनों में, विदेशों में भी राजनीतिज्ञों के साथ साथ ज्योतिषी भी बहुत व्यस्त रहते हैं। अपने फार्मूले लगाकर, भविष्यवाणी करने से उनके व्यवसाय और चाहने वालों में बढ़ोत्तरी हो रही है। समझदार भविष्यवक्ता कह रहे हैं कि उन्होंने तो पिछले साल ही कह दिया था कि कमला के ग्रह बेहतर स्थिति में हैं। इन ज्योतिषियों के अनुयायी बढ़ गए है यानी उनका धंधा चमक रहा है। भी राज़ खुल रहे हैं कि पहले भी फलां फलां नेता सलाह ले चुके हैं। ज्योतिषीय सलाह लेने में हर्ज़ ही क्या है। यह कोई एलोपैथिक दवाई तो है नहीं कि जिस्म पर असर डालेगी। जीवन, कैरियर और सम्बन्धों में तनाव और अनिश्चितता बढ़ रही है तभी नौजवान खूब आकर्षित हो रहे हैं। उनके लिए ज्योतिष एक थैरेपी की तरह काम कर रहा है।

हमारे लिए राष्ट्रीय, शान बढ़ाऊ खुशखबर यह है कि विदेशी ज्योतिषियों ने भी भारतीय ज्योतिषियों की तरह अपने शब्दों और जीभ को अवसर के मुताबिक़ हिलाना सीख लिया है। वे परिस्थितियों और घटनाओं का विश्लेषण करते हुए माथा देखकर तिलक करते हुए सुरक्षित व्यवसाय कर रहे हैं। देखने में आया है कि ज्योतिषी अलग अलग बातें कर रहे हैं जिनमें अवसरवादिता भी झलक रही है। प्रत्याशी के साथ ज्योतिषी को जोड़ा जा रहा है। ज्योतिष और राजनीति का हलवा आम जनता को बहुत स्वादिष्ट लगता है। खुशी की बात यह है कि वहां, यह सब कुछ, हमारे देश की तरह हो रहा है।

## शारदीय नवरात्रि... गुरुवार 03 अक्टूबर से शुरुआत ... शनिवार 12 अक्टूबर को समापन

# डोली में आएंगी माता रानी... पैदल होगी वापसी

मुख्य रूप से दो नवरात्र मनाए जाते हैं, जिसमें से एक चैत्र माह में आती है और दूसमी आश्विन माह में। आश्विन माह के नवरात्र को शारदीय नवरात्र भी कहा जाता है, जिसकी शुरुआत सुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। ऐसे में इस साल शारदीय नवरात्र की शुरुआत गुरुबर 03 अक्टूबर 2014 से हो रही है, जिसका समापन शनिवार 13 अक्टूबर 2004 को होगा। देवी पुराण में इस बात का वर्णन मिलता है कि राम नवरात्र की शुरुआत गुरुवार से होती है, ती देखो का आगमन होली में होता है, वहीं शनिवार के दिन नवरात्र खाय होने का अर्थ है कि मां चरणामुध (पैदल) होकर जाएंगी। मां दुर्गा कर होली पर आगमन शुभ नहीं माना जाता, चहीं मां दुर्गा का चरणायुध प्रस्थान करना भी शुभ नहीं माना जाता। ऐसे में इसका मानत्र के जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। यदि आप नवरात्र का पूर्ण फल प्राप्त करना चाहते हैं, तो इसके लिए कुछ नियमों का ध्यान जरूर रखें।



### पंचांग के अनुसार

आश्विन मास के शुक्ल पथ की प्रतिपदा तिथि का आरंभ 3 अक्टूबर को सुत्रा 12 बजकर 19 मिनट से होगा और इसका समापन अगले दिन 4 अक्टूबर की सुबह 2 बजकर 58 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार, शारदीय नवरात्रि 3 अबटूबर 2024, दिन गुरुवार से आरंभ होगी और इस पर्व का समापन 12 अक्टूबर 2024, दिन शनिवार को होगा। यदि आप चाहते हैं कि आपको नवरात्रि में वाहन की प्राप्ति हो तो मां भगवती सिंह की सवारी करती है, इसलिए मां दुर्गा की पूजा करने के साथ ही सिंह का भी पूजन- अर्चन करें।

सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्येत्र्यंबके गौनी नारायणि नमोस्तुऽते ॥

### जलाएं अखंड ज्योत

नवरात्रि में घटस्थापना जवारे एवं प्रतिमा के साथ अखंड ज्योत की स्थापना की जाती है। अखंड ज्योत के साथ ज्वार की स्थापना करने से संपूर्ण पृथ्वी पर वह, जयघोष एवं अपनी कीर्ति का परचम फैलाते है। आने वाले संकर, दखिता, वाधा, दु:ख, अकाल मृत्यु अ आदि पटनाओं का नाश होता है एवं ज्योत को तरह आयु आरोग्य होकर दीर्घ समय तक होती है।

### पाठ करें प्रतिदिन

नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन उपवास रखकर दुर्गा सप्तशती और देवी का पाठ किया जाता है। इन दिनों में इन पाठों का विशेष महत्व है। माता दुर्गा को अनेक नामों से जाना जाता है। उन्हें ज्ञाना, क्रिया, नित्या, बलपर्दा, शुभ, निशुंभ हरणी, महिषासुर मर्दिनी, चंद मुड विनाशिनी, परमेश्वरी, बड़ा, विष्णु और शिव की वरदान देने वाली भी कहा जाता है। इसके अतिरिका मंत्र का भी जप किया जा सकता है।

### कलश स्थापना का मुहूर्त

शैलपुत्री की नवरात्रि के पहले दिन यानी 3 अक्टूबर को कलश स्थापना करने के साथ-साथ दुर्गा के पहले स्वरूप मां पूजा-अर्चना की जाएगी और व्रत रखा जाएगा। इस वर्ष घटस्थापना पानी कालज स्थापना का का शुभ शुभ मुहूर्त 3 अक्टूबर की सुबह 6 बजकर 15 चिनट से से लेकर सुबह के 7 बरकर 22 मिनट तक रहेगा। इसके साथ ही कलश स्थापना के लिए एक और शुभ मुहूर्त है, जो अभिजीत मुहूर्त है। ये सुबह 11 बजकर 46 मिनट से लेकर दोपहर के 12 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। इस दौरान कलश स्थापना की जा सकती है।

### अष्टमी और नवमी कब है?

विभिन्न पंचांगों के हवाले से ज्योतिष जताते हैं कि इस बार चतुर्थी तिथि की वृद्धि तथा नवमी तिथि का शव होने पर भी पूरा पक्ष 15 और नवरात्र नी दिनों की होगी। भक्तजन नी दिन पात करेंगे। परंतु, 10 अक्टूबर को आतर है। 11 अक्टूबर को महाअष्टमी और नवमी की पूजा होगी। शास्त्रों के अनुसार समधी और अष्टमी मिला रहने पर महाअहमी का अत निषेध माना गया है। 10 की समी और अहर्म दोनों है। इसलिए श्रद्धालु अष्टनों की पूजा न कर सिर्फ महागौरी का दर्शन करेंगे।

### पूजन-कलश स्थापना विधि

सुबह उठकर सबसे पहले जाम मुहूर्त में स्नान करें और साफ चाव पहन से। घर में सहकाई करने के बाद मुख्य द्वार की चौखट पर आम के पतीं का तोरणा लगाएं। पूजा घर की साफा करें और गंगाजल पवित्र कर लें। अब चौकी लगाएं और माता की प्रतिमा स्थापित करें। फिर उत्तर और उत्तर-पूर्व दिशा में कलश की स्थापना करें। चलत के लिए जी के बीज योएं। फिर कलश में एकतांबे के कलश में पानी और गंगाजल डाले। कलश पर अलावा और आन के पत्ते बांध। अब कलश में दूब, अक्षत सुपारी डालें। कलश पर चुनरी और मौली बांधकर एक नारियल रख दें। अब विधि-विधान से मां दुर्गा का पूजन करें। दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। आखिरी में मां दुर्गा की आरती करें और प्रसाद का वितरण करें।

### दुर्गा सप्तशती जप

दुर्गा साशती में दुर्गा देवी की लीला के सुंदर इतिहास के साथ बड़े कठिन एवं दुर्लभ तप, जप और सिद्धि के रहस्य छिपे हुए हैं। कर्म, भक्ति और ज्ञान को विविध मंदाकिनी कहलाने वाला यह ग्रंथ भक्तों के लिए वाचा कल्पतम् है। सभी भक्त इसके सेवन से मनोवांछित दुर्लभतम् वस्तु या स्थिति सहज ही प्राप्त करते हैं और परम् दुर्लभ मोक्ष पाते हैं।

## नवरात्र की तिथियां

**प्रथम नवरात्र**
**3 अक्टूबर, मां शैलपुत्री की पूजा, घटस्थापना का दिन।**
**द्वितीय नवरात्र**
**4 अक्टूबर, मां ब्रह्मचारिणी की पूजा का दिन।**
**तृतीय नवरात्र**
**5 अक्टूबर, मां चंद्रयंटा की पूजा का दिन।**
**चतुर्थ नवरात्र**
**6 अक्टूबर, मां कूष्मांडा की पूजा का दिन।**
**पंचम नवरात्र**
**7 अक्टूबर, मां स्कंदमाता की पूजा का दिन।**
**षष्ठी नवरात्र**
**8 अक्टूबर, मां कात्यायनी की पूजा का दिन।**
**सप्तमी नवरात्र**
**9 अक्टूबर, मां कालरात्रि की पूजा का दिन।**
**अष्टमी नवरात्र**
**10 अक्टूबर, मां सिद्धिदात्री की पूजा का दिन।**
**नवमी नवरात्र**
**11 अक्टूबर, मां महागौरी की पूजा का दिन।**
**विजयदशमी**
**12 अक्टूबर, दुर्गा विसर्जन**

## नवरात्रि के जवारे देते हैं शुभ-अशुभ संकेत

शारदीय नवरात्रि की शुरुआत होने जा रही है। नवरात्रि में कलश स्थापना के साथ ही जवारे बोने का विशेष महत्व है। जवारे की वृद्धि को आने वाले समय के शुभ- अशुभ संकेतों के रूप में देखा जाता है। जानें कैसे जवारे देते हैं शुभ संकेत ।

- यदि अंकुरित जौ का रंग नीचे से आधा पीला और ऊपर से आधा हरा है, तो माना जाता है कि साल का आधा समय अच्छा बीतेगा और आधा समय खराब।
- यदि जौ का रंग नीचे से हरा,ऊपर से पीला है, तो साल का शुरुआती समय ठीक, जबकि आखिरी महीनों का समय परेशानियों भरा बीतने के संकेत होते हैं।
- यदि जौ सफेद या हरे रंग की उगती है, तो यह शुभ संकेत है।
- जौ अंकुरित होने के बाद यदि झड़ने लगे तो यह अशुभ संकेत है।
- जौ बोने के तीन दिन बाद ही वो उगने लगे और हरी-भरी हो जाए तो इसे बेहद शुभ माना जाता है।
- जवारे की वृद्धि तेजी से हो तो माना जाता है कि मां दुर्गा की कृपा से घर में सुख-समृद्धि आएगी।



- पीले रंग में उगने वाले जौ भी घर में खुशियों की दस्तक के संकेत होते हैं।

अशुभ संकेत वाले जवारे आने वाली मुश्किल परिस्थितियों के संकेत भी देते हैं।

- जवारे यदि ठीक से नहीं उगते हैं तो इसे घर के लिए अशुभ माना जाता है।
- जवारे यदि सूखे, टेढ़ी-मेढ़े उगे तो यह में कठिन समय की ओर इशारा करते हैं।
- जौ सूखे और पीले होकर झड़ने लगे तो ये भी एक अशुभ संकेत होता है।
- यदि जवारे की वृद्धि अच्छी न हो या कोई अशुभ संकेत मिल रहे हों, तो मां दुर्गा से अपने कष्टों और परेशानियों को दूर करने के लिए प्रार्थना करें।

## समस्याओं से मुक्ति दिलाएंगे नवरात्रि के 9 प्रसाद



नवरात्रि मां दुर्गा की उपासना और पूजा का उत्सव है। माता के सभी 9 स्वरूप की पूजा की जाती है। इन नौ दिनों में माता को प्रत्येक दिन के अनुसार भोग या प्रसाद अर्पित करने से देवी मां सभी प्रकार की समस्याओं का नाश करती हैं।

1 नवरात्रि का पहला दिन यानि मा शैलपुत्री का दिन। इस दिन देवी मां के चरणों में गाय का शुद्ध घी अर्पित करने से आरोग्य का आशीर्वाद मिलता है तथा सभी व्याधियां दूर होकर शरीर निरोगी रहता है।

2 नवरात्रि का दूसरा दिन मां ब्रह्मचारिणी का होता है। इस दिन देवी मां को शकर का भोग लगाने से वे प्रसन्न होती हैं। इस भोग को देवी के चरणों में अर्पित करने के बाद परिवार के सदस्यों में बांटने से सभी की आयु में वृद्धि होती है।

3 नवदुर्गा का एक रूप है चंद्रघंटा। । मां के इस रूप का पूजन नवरात्रि के तीसरे दिन होता है। इस दिन मां को दूध या दूध से बनी मिठाई या खीर का भोग लगाकर ब्राहमणों को दान करना शुभ होता है। इससे दुखों से मुक्त होकर परम आनंद की प्राप्ति होती है।

4 मां दुर्गा को नवरात्रि के चौथे दिन मालपुए का भोग लगाने से वे प्रसन्न होती हैं। इस भोग को मंदिर के ब्राह्मण को दान करना चाहिए। ऐसा करने से बुद्धि का विकास होने के साथ-साथ निर्णय शक्ति बढ़ती है।

5 नवरात्रि का पांचवा दिन यानि मां स्कंदमाता का दिन। इस दिन माताजी को केले का नैवेद्य चढ़ाना बहुत उत्तम होता है। ऐसा करने से उत्तम स्वास्थ्य और निरोगी काया की प्राप्ति होती है।

6 नवरात्रि के छठवें दिन देवी मां को शहद का भोग लगाना बहुत अच्छा माना जाता है। इस दिन शहद का भोग लगाने से मनुष्य की आकर्षण शक्ति में वृद्धि होती है।

7 नवरात्रि का सलम दिन देवी मां को गुड़ का भोग लगाएं। सातवें नवरात्रि पर मां को गुड़ का नैवेद्य चढ़ाने व उसे ब्राह्मण को दान करने से शोक से मुक्ति मिलती है एवं आने वाले संकटों से रक्षा भी होती है।

8 नवरात्रि के आठवें दिन माता रानी को नारियल का भोग लगाएं और नारियल का दान भी करें। इससे संतान संबंधी सभी परेशानियों से छुटकारा मिलता है और देवी मां की कृपा प्राप्त होती है।

9 नवरात्रि के अंतिम दिन यानि नवमी तिथि के दिन तिल का भोग लगाकर ब्राह्मण को दान दें। इससे मृत्यु भय से राहत मिलती है, साथ ही अनहोनी होने की घटनाओं से बचाव भी होगा।

# अब दुनिया को नहीं डरा पाएगा हसन नसरल्लाह

## इजरायली सेना ने की हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह के मौत की पुष्टि

तेल अवीव/बेरूत

इजरायल की तरफ से हिजबुल्ला चीफ हसन नसरल्लाह को लेकर सबसे बड़ा दावा किया गया है। इजरायल डिफेंस फोर्स ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि हसन नसरल्ला अब दुनिया को आतंकित नहीं कर पाएगा। इजरायली सेना के अरबी भाषी प्रवक्ता अवीचाय अद्रेई ने कहा कि इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की मौत की पुष्टि की गई है। नसरल्लाह 32 वर्षों से ईरान समर्थित समूह का नेतृत्व कर रहा था। यह जानकारी सेना के अरबी भाषी प्रवक्ता अवीचाय अद्रेई ने दी। यह जानकारी एक दिन पहले बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में हिजबुल्लाह के मुख्यालय को निशाना बनाकर इजरायली हमले के बाद दी गई।



इजरायल ने हवाई हमले में चरमपंथी संगठन हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह को मार दिया है। इजरायली ने शनिवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हमले में हसन नसरल्लाह के साथ हिजबुल्लाह के कई शीर्ष कमांडर भी मारे गए हैं। नसरल्लाह की हत्या ईरान समर्थित लेबनानी मिलिशिया के लिए बड़ा झटका होगी। नसरल्लाह ने 32 वर्षों तक हिजबुल्लाह का नेतृत्व किया है। आइए जानते हैं कि नसरल्लाह की मौत के बाद हिजबुल्लाह का क्या होगा।

हाल ही में इजरायली हमले में हिजबुल्लाह के अधिकांश शीर्ष कमांडर मारे गए हैं। इन हमलों के बाद से संगठन की आंतरिक सुरक्षा पर सवाल उठे हैं, लेकिन नसरल्लाह की जगह लेना इन मौतों की तुलना में समूह के लिए कहीं अधिक बड़ी चुनौती होगी।

बेरूस में कार्नेगी मिडिल ईस्ट सेंटर के डिप्टी रिसर्च डायरेक्टर मोहनद हेज अली ने नसरल्लाह की मौत की पुष्टि से पहले टाइम्स ऑफ इजरायल को बताया था कि इस हत्या से पूरा परिदृश्य बहुत बदल जाएगा। हेज अली ने कहा कि नसरल्लाह एक गोंद की तरह है, जिसने इस विशाल संगठन को एक साथ रखा है। हिजबुल्लाह की स्थापना 1980 के दशक में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने की थी। तब से ईरान से इसे ट्रेनिंग से लेकर हथियार तक मुहैया होते रहे हैं। हेज अली ने नसरल्लाह के महत्व को बताते हुए कहा, %लेबानान के शियाओं के लिए वह एक महान शख्सियत बन गए थे।% नसरल्लाह ने हिजबुल्लाह की कमान तब संभाली, जब इजरायल ने समूह के पूर्व प्रमुख को मार दिया था। इसके बाद से ही उनके ऊपर लगातार हत्या का खतरा बना हुआ था।

लंदन में चैथम हाउसी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की एसोसिएट फेलो लीना खतीब का कहना है कि नसरल्लाह की मौत से हिजबुल्लाह खत्म नहीं होगा। लेकिन यह समूह के मनोबल के लिए एक बड़ा झटका होगा। साथ ही इजरायल की सुरक्षा और सैन्य श्रेष्ठता को भी साबित करत है। नसल्लाह की मौत का हिजबुल्लाह की सैन्य क्षमता पर क्या असर होगा, यह भी साफ नहीं है।नसरल्लाह की हत्या के बाद हिजबुल्लाह निश्चित रूप से दबाव में होगा। खतीब का कहना है कि इजरायल इस दबाव को एक नई यथास्थिति में बदलना चाहेगा, जिसमें उसका उत्तरी इलाका सुरक्षित हो। हालांकि, यह जल्दी नहीं होगा। हिजबुल्लाह और इजरायल बीते साल 8 अक्टूबर से एक दूसरे के खिलाफ गोलीबारी कर रहे हैं, जिसके चलते उत्तरी इलाके से बहुत से इजरायलियों को अपना घर छोड़कर जाना पड़ा है।

शिया समूहों के विशेषज्ञ फिलिप स्मिथ ने कहा कि नेता को लेबनान में संगठन के भीतर और साथ ही ईरान में इसके समर्थकों का समर्थन हासिल करना होगा। हिजबुल्लाह के एक करीबी सूत्र ने बताया है कि नसरल्लाह के वारिस माने जाने वाले हाशेम सफीद्दीन शुक्रवार के हमले के बाद भी जिंदा थे।

हिजबुल्लाह के राजनीतिक मामलों की देखरेख करने वाले सफीद्दीन नसरल्लाह के चचेरे भाई हैं। नसरल्लाह की तरह ही वे भी मौलवी हैं, जो पैगम्बर मोहम्मद के वंशज होने का संकेत देते हुए शिया नेताओं की तरह काली पगड़ी पहनते हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने 2017 में सफीद्दीन को आतंकवादी घोषित किया था।

## पबित्रा मार्गेरिटा चार देशों की नौ दिवसीय यात्रा पर जायेंगे

नयी दिल्ली,(वार्ता) विदेश राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा 30 सितंबर से 08 अक्टूबर तक मैक्सिको, ग्रेनेडा, बारबाडोस और एंटीगुआ और बारबुडा सहित चार देशों यात्रा पर जायेंगे। विदेश राज्य मंत्री की यात्रा से भारत और लैटिन अमेरिका तथा कैरिबियन क्षेत्र के बीच संबंध और मजबूत होंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक श्री मार्गेरिटा 30 सितंबर से 02 अक्टूबर तक मैक्सिको की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। वह 01 अक्टूबर को मैक्सिको के राष्ट्रपति के रूप में क्लाउडिया शिनबाम के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वह 02-04 अक्टूबर तक ग्रेनेडा का दौरा करेंगे। जो मई 2018 के बाद से भारत की ओर से पहली मंत्री स्तरीय यात्रा होगी और देश की अब तक की दूसरी ऐसी यात्रा होगी। मार्गेरिट की 04-06 अक्टूबर तक बारबाडोस की यात्रा के दौरान द्विपक्षीय हितों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।यात्रा के अंतिम चरण में विदेश राज्य मंत्री 06-08 अक्टूबर तक एंटीगुआ में रहेंगे। चार देशों की अपनी यात्रा के दौरान विदेश राज्य मंत्री के कार्यक्रम में विदेश मंत्रियों के साथ बैठकें, प्रमुख राजनीतिक, व्यापार, उद्योग जगत के नेताओं, आईटीईसी के पूर्व छात्रों और भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत, द्विपक्षीय परियोजना स्थलों का दौरा शामिल होगा।

## भारतीयों पर ट्रूडो सरकार सख्त

ओट्टावा

कनाडा में गिरती लोकप्रियता और राजनीतिक संकट का सामना कर रहे प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार अब भारतीयों को निशाना बनाने में लगी है। कनाडा की बॉर्डर सिक्योरिटी एजेंसी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्रिटिश कोलंबिया से 950 छात्रों को गिरफ्तार किया है। इनमें अधिकांश भारत के पंजाब से हैं। इन सभी पर आरोप है कि ये स्टूडेंट वीजा पर मंजूर किए गए समय से ज्यादा काम कर रहे थे।



गिरफ्तारी के बाद इन भारतीय छात्रों की कनाडा में स्थायी निवास हासिल करने की संभावना खतरे में पड़ गई है। इसके साथ ही जिन संस्थानों ने इन्हें काम पर रखा था, उनके खिलाफ श्रम कानूनों का उल्लंघन करने के लिए लाखों डॉलर का जुर्माना लगाया गया है।

ट्रू स्कूप की रिपोर्ट के अनुसार, छात्र वीजा पर कनाडा गए ये भारतीय कथित तौर पर वैध वेतनमान से कम पर काम कर रहे थे। कनाडा सरकार ने हाल ही में नए नियमों को लागू किया है, जिसके तहत छात्र वीजा पर विदेशियों को केवल 20 घंटे काम करने की अनुमति है।

कनाडा में काम के लिए न्यूनतम वेतन 35 कनाडाई डॉलर प्रति घंटा है। ये भारतीय सप्ताह में 40 घंटे से अधिक काम करते थे, जिसमें केवल 20 घंटे ही वैध थे। बाकी घंटों के लिए उन्हें कम दर पर भुगतान किया जाता था। इस स्थिति भारतीय छात्रों को असुरक्षित स्थिति में डाल दिया।

कनाडा सरकार ने आप्रवासन को लेकर सख्त रवैया अपनाया है। ट्रूडो सरकार ने देश में अप्रवासियों की संख्या को घटाने की घोषणा की है। ऐसे में अवैध रूप में काम में शामिल होने के चलते इन छात्रों के स्थायी निवास का आवेदन पर खतरे में पड़ गया है। इस घटना के कनाडा में उनके भविष्य पर दीर्घकालिक परिणाम हो सकते हैं।

## स्मार्ट बिजली मीटर को तेजस्वी ने बताया चीटर, 1 अक्टूबर से आंदोलन का किया ऐलान

पटना

बिहार में स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर सियासत तेज हो गई है। नीतीश सरकार पर राष्ट्रीय जनता दल और तेजस्वी यादव आक्रामक हैं। तेजस्वी यादव लगातार स्मार्ट बिजली मीटर को चीटर बता रहे हैं और ऐलान किया है कि वह और उनकी पार्टी पहली अक्टूबर से राज्य में स्मार्ट मीटर के खिलाफ राज्यव्यापी आंदोलन करेंगे। अपने एक्स पोस्ट में तेजस्वी ने लिखा कि बिहार में स्मार्ट मीटर नहीं स्मार्ट चीटर लगा दिया गया है। स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी एवं बिजली के बढ़ते बिलों के खिलाफ 1 अक्टूबर से राष्ट्रीय जनता दल आंदोलन करेगा।



तेजस्वी के इस ऐलान पर भाजपा और राज्य सरकार उनपर हमलावर हो गई है। तेजस्वी यादव के ट्वीट पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि स्वाभाविक है। उनके (तेजस्वी यादव) प्रदेश अध्यक्ष के घर में जब 17त्न कम बिल आ रहा है तो प्रमाण देना चाहिए न कि कहां गड़बड़ी है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट तौर पर बिजली विभाग का मामला है। बिजली विभाग को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निर्देशित किया है कि कहीं भी कोई गड़बड़ हो तो तुरंत जनता को सहयोग करें।

वहीं, मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि ट्वीट करने के अलावा वे करते ही क्या हैं?... उन्हें बिहार से कोई मतलब नहीं रहता है, बिहार के मुद्दों की समझ नहीं है। वे लोग विकास के नाम से चिढ़ते हैं... किसी भी क्षेत्र में जब विकास होता है तो उसमें उन्हें कमी दिखती है। उन्होंने कहा कि जब भारत सरकार ने बिहार के लिए 60,00 करोड़ रुपये बजट में दिए तो वे लोग कितने आग बबूला हो गए थे। जब भी कोई विकास का काम होता दिखता है या सरकार लोकप्रिय होती दिखती है तो इनका काम विरोध करना हो जाता है और कहीं किसी कमरे में बैठकर वे (तेजस्वी यादव) ट्वीट कर देते हैं। इससे पहले तेजस्वी यादव ने समस्तीपुर में अपनी कार्यकर्ता संवाद यात्रा के दूसरे दिन 2025 के विधानसभा चुनाव में सत्ता में आने पर उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो 200 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे। डबल इंजन सरकार और दशकों के बीजेपी/एनडीए शासन के बावजूद देश में सबसे महंगी बिजली बिहार में मिलती है। बिहार की जनता महंगी बिजली बिल और स्मार्ट मीटर की गड़बड़ी से त्रस्त है।

## अमेरिका में हेलेन तूफान से 26 लोगों की मौत

वाशिंगटन, (वार्ता) अमेरिका में शकितशाली तूफान हेलेन के कारण करीब 26 लोगों की मौत हो गई है। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक जॉर्जिया प्रांत में 11 , फ्लोरिडा में सात , दक्षिण कैरोलिना में छह और उत्तरी कैरोलिना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को तूफान हेलेन के नवीनतम प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। गौरतलब है कि अमेरिका में गुरुवार देर रात दस्तक देने के बाद तूफान हेलेन कमजोर होकर एक उष्णकटिबंधीय तूफान में बदल गया।

## जबरन धर्म परिवर्तन का प्रयास, गाजियाबाद में चार गिरफ्तार

गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने मोदीनगर में चार लोगों को लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए मजबूर करने के आरोप में चार गिरफ्तार किया है। पुलिस विदेशी फंडिंग से संभावित संबंधों की जांच कर रही है। 27 सितंबर को गिरफ्तार किए गए सभी चार आरोपियों की पहचान आशु (19), पादरी राशि बलराम सिंह (52), पोलस मसीह (43) और चट्टू कुमार (34) के रूप में हुई है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुरेंद्र नाथ तिवारी के अनुसार, गाजियाबाद के मोदीनगर थाने की निवासी संगीता नाम की महिला ने 22 सितंबर को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने अपने देवर के बेटे आशु (19), उसके साथियों और उसके ससुराल वालों पर आरोप लगाया था कि उन्होंने उसे और उसके पति को जबरन धर्म परिवर्तन के लिए प्रताड़ित किया। पुलिस ने आगे बताया कि जब उसके पति ने विरोध किया, तो आशु और उसके साथियों ने उसे पीटा और जान से मारने की धमकी दी। डीसीपी तिवारी ने कहा, संगीता ने हमें बताया था कि उसके देवर के बेटे आशु और उसके ससुराल वालों ने उनका धर्म परिवर्तन करवाने के लिए उन्हें प्रताड़ित किया। सूचना मिलने के बाद हमने मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। हम इस मामले की जांच कर रहे हैं। गिरफ्तारी और आगे की पूछताछ में आशु ने खुलासा किया कि चारों आरोपी एक संगठन से जुड़े हुए थे, उन्हें हर महीने 3500 रुपये मिलते थे और अब तक उन्होंने 100 से 120 लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया है। गिरफ्तारी के बाद आशु ने कबूल किया कि वे दिल्ली स्थित एक संगठन के लिए काम करते थे और उसी संगठन से उन्हें पैसे मिलते थे। हमने आरोपियों को कल गिरफ्तार किया था। उन्होंने यह भी कबूल किया कि उन्होंने लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए फंसाया और अब तक उन्होंने 120 लोगों के साथ ऐसा किया है। उन्हें संगठन से हर महीने 3500 रुपये मिलते थे। डीसीपी तिवारी ने कहा, यह संभव है कि गिरोह के कई अन्य राज्यों में भी कनेक्शन हों। फिलहाल, हमने चारों आरोपियों के मोबाइल डेटा को रिट्रीव कर लिया है, ताकि पूरे गठजोड़ का खुलासा हो सके। आगे की जांच की जा रही है।



## भारत और सऊदी वरदान, ईरान अभिशाप : नेतन्याहू

न्यूयॉर्क

गाजा और लेबनान पर भीषण हमलों के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना वार्षिक भाषण देने पहुंचे। इजरायली पीएम अपने साथ दो नक्शे लेकर आए थे। नेतन्याहू के दाहिने हाथ में लिए मिडिल ईस्ट के एक नक्शे में ईरान, इराक, सीरिया और यमन को काले रंग में रंगा गया था और इसे %अभिशाप% बताया गया था। नेतन्याहू के बाएं हाथ में एक और नक्शा था जिसमें मिस्र, सूडान, सऊदी अरब और यहां तक कि भारत को भी हरे रंग में दिखाया गया था। इस पर इन देशों को %वरदान% बताया गया था। इजरायली पीएम के इन दोनों ही नक्शों में अहम बात यह थी कि किसी में भी फलस्तीन नहीं था। विश्लेषकों का कहना है कि इजरायली पीएम ने ईरान के अलावा काले रंग से शापित देशों में केवल उन्हें शामिल किया जो ईरान के प्रभाव वाले हैं।

नेतन्याहू ने यह भी दिखाने की कोशिश की कि भारत ईरानी प्रभाव में नहीं है। साथ ही इजरायल मिस्र, सूडान और सऊरी अरब को भी हरे रंग में दिखाया है जो यह बताता है कि इनमें से कुछ देश उसके सहयोगी हैं और कुछ संभावित सहयोगी हैं। ये देश या तो इजरायल के साथ अपने रिश्ते सामान्य कर चुके हैं या फिर सामान्य करने की प्रक्रिया में हैं। अपने भाषण में नेतन्याहू ने ईरान पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह लेबनान, सीरिया और यमन में हिंसा भड़का रहा है। इजरायली पीएम ने यह भी कहा कि ईरान हिज्बुल्लाह को लेबनान में, गाजा में हमास और यमन में हूतियों को वित्तीय और सैन्य मदद दे रहा है। उन्होंने कहा कि इजरायल क्षेत्र में कई मोर्चो पर ईरान समर्थित लड़ाकुओं का सामना करते हुए अपना बचाव कर रहा है।




नेतन्याहू ने हरे वाले नक्शे को दिखाते हुए कहा कि यह उनके अरब पार्टनर देश हैं। हम एक लैंड ब्रिज बना रहे हैं जो एशिया को यूरोप से जोड़ेगा। हम इस ब्रिज के साथ रेललाइन, पाइपलाइन, फाइबर आप्टिक बिछाएंगे जो 2 अरब लोगों को लाभ पहुंचाएगा। उनका इशारा इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकनॉमकि कॉरिडोर की ओर था जिसको लेकर भारत और अमेरिका के बीच एक समझौता हुआ है। यह कॉरिडोर यूएई, सऊदी अरब के रास्ते इजरायल को जोड़ेगा। नेतन्याहू ने काले वाले नक्शे को दिखाते हुए कहा कि ईरान आर्क ऑफ टेरर बना रहा है जो हिंद महासागर से लेकर भूमध्यसागर तक है। विश्लेषकों का कहना है कि इस नक्शे में नेतन्याहू ने सऊदी अरब को जानबूझकर हरा दिखाया है जो यहूदी देश को मान्यता देने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। अक्टूबर 2023 से पहले सऊदी अरब और इजरायल के बीच अमेरिका के हस्तक्षेप के बाद रिश्तों को सामान्य करने को लेकर सहमति बन गई थी लेकिन इससे घबराए हमास ने इजरायल पर खूनी हमला कर दिया।

सऊदी अरब ने अमेरिका के सामने शर्त रखी थी कि वह रक्षा समझौता करेगा। वहीं सऊदी अरब ने इजरायल से कहा था कि वह फलस्तीनी लोगों को छूट दे। सऊदी अरब इस समझौते के जरिए मिडिल ईस्ट की बड़ी ताकत बन चुके इजरायल के साथ रिश्ते बनाकर फायदा उठाना चाहता था। सऊदी ने यह भी कहा था कि इजरायल के साथ रिश्ते तब तक सामान्य नहीं होंगे जब तक कि फलस्तीन देश का गठन नहीं होता। हमास के हमले ने सारा खेल बिगाड़ दिया लेकिन इस ताजा नक्शे से इजरायली पीएम ने यह दिखाने की कोशिश है कि वह अभी भी रियाद के साथ रिश्ते को लेकर सकारात्मक हैं। या फिर कम से कम यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि सऊदी के साथ रिश्ते को लेकर वह आशान्वित हैं।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## आवाज के जादू से संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज किया लता मंगेश्कर ने

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महान पार्श्व गायिका लता मंगेशकर को उनकी 95वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने लिखा, लता दीदी को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं। अपने भावपूर्ण गीतों के कारण वह हमेशा लोगों के दिलों और दिमाग में जिंदा रहेंगी। लता दीदी और मेरा एक खास रिश्ता था। मुझे उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। दशकों से, इस महान गायिका ने अपनी दिल को छू लेने वाली धुनों से लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध किया है जो कालातीत क्लासिक बन गई हैं। 70 साल से ज़्यादा के शानदार करियर और कई भाषाओं में 25,000 से ज़्यादा गानों के शानदार संग्रह के साथ, लता मंगेशकर की मधुर आवाज़ कलाकारों की नई पीढ़ियों को प्रेरित करती रहती है। 28 सितंबर को हम भारत की स्वर कोकिला लता मंगेशकर की 95वीं जयंती मना रहे हैं। इस मौके पर हम आपके लिए गायिका से जुड़ा एक ऐसा रोचक किस्सा लेकर आए हैं जिसके बारे में शायद आप नहीं जानते होंगे। क्या आप जानते हैं कि एक बार लता मंगेशकर को उनकी मधुर आवाज के कारण एक मशहूर निर्देशक ने रिजेक्ट कर दिया था? जी हां! आपने सही पढ़ा। बतौर गायिका उनका दर्जा फिल्म इंडस्ट्री में काफी ऊंचा रहा है। लेकिन ये सच भी किसी से छिपा नहीं है कि इस दिग्गज गायिका को काफी संघर्ष से भी गुजरना पड़ा था।

मामला ट्रेजडी किंग यानी दिलीप कुमार की फिल्म शहीद से जुड़ा है, जिसे एस मुखर्जी ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म के एक गाने के लिए फिल्ममेकर ने लता मंगेशकर का ऑडिशन लिया था। मुखर्जी साहब को गायिका की आवाज पसंद नहीं आई और उन्होंने कहा कि उनकी आवाज बहुत पतली है और मेरी फिल्म के गाने के हिसाब से ये ठीक नहीं है। इस तरह उन्होंने लता ताई को नकार दिया। हालांकि बाद में खुद दिलीप साहब ने लता मंगेशकर की आवाज सुनी और उन्हें एक बड़ी सलाह दी।



चूंकि लता मराठी मूल की थीं, इसलिए उनकी आवाज में मराठी लहजा था। इसलिए दिलीप कुमार ने उन्हें उर्दू के शब्दों का ज्ञान हासिल करने की सलाह दी ताकि उनकी गायकी के शब्दों को बेहतर बनाया जा सके। इसके बाद लता ने काफी मेहनत के बाद उर्दू सीखी और आखिरकार हिंदी सिनेमा की कोकिला बन गई


।बॉलीवुड में लता मंगेश्कर को ऐसी पार्श्वगायिका के तौर पर याद किया जाता है,जिन्होंने अपनी आवाज के जादू से संगीत प्रेमियों के दिलों पर करीब सात दशक तक राज किया। वर्ष 1942 में 13 वर्ष की छोटी उम्र में ही लता के सिर से पिता का साया उठ गया और परिवार की जिम्मेदारी उनके उपर आ गयी। इसके बाद उनका पूरा परिवार पुणे से मुंबई आ गया। लता को फिल्मों में अभिनय करना जरा भी पसंद नहीं था बावजूद इसके परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी को उठाते हुये उन्होंने फिल्मो में अभिनय करना शुरू कर दिया।

वर्ष 1942 मे लता को 'पहली मंगलगौर' में अभिनय करने का मौका मिला। वर्ष 1945 में लता की मुलाकात संगीतकार गुलाम हैदर से हुयी। गुलाम हैदर लता के गाने के अंदाज से काफी प्रभावित हुये। गुलाम हैदर ने फिल्म निमार्ता एस .मुखर्जी से यह गुजारिश की कि वह लता को अपनी फिल्म शहीद में गाने का मौका दे। एस.मुखर्जी को लता की आवाज पसंद नही आई और उन्होंने लता को अपनी फिल्म में लेने से मना कर दिया ।इस बात को लेकर गुलाम हैदर काफी गुस्सा हुये और उन्होंने कहा यह लड़की आगे इतना अधिक नाम करेगी कि बड़े-बड़े निमार्ता-निर्देशक उसे अपनी फिल्मों में गाने के लिये गुजारिश करेगें।

आपको बता दें कि रफी की मृत्यु के बाद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के 1984 संस्करण ने लता मंगेशकर को 'सबसे ज़्यादा रिकॉर्डिंग' श्रेणी में शामिल किया। बाद के संस्करणों में, गिनीज रिकॉर्ड्स ने कहा कि लता मंगेशकर ने 1948 और 1987 के बीच कम से कम 30,000 गाने रिकॉर्ड किए थे।

लता मंगेशकर की सदाबहार आवाज़ ने हमें अनगिनत रोमांटिक गाने दिए हैं जो आज भी हमारे दिलों को छूते हैं। यहाँ कुछ अविस्मरणीय गाने दिए गए हैं जो उनकी जादुई प्रतिभा को दर्शाते हैं। इनमें से प्रत्येक गीत न केवल लता मंगेशकर की असाधारण प्रतिभा को दर्शाता है, बल्कि श्रोताओं के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ता है, जो हमें प्यार के सभी रूपों की याद दिलाता है।

## 42 वर्ष के हुये रणबीर कपूर



रणबीर कपूर आज 42 वर्ष के हो गये। मुंबई में 28 सितंबर, 1982 को जन्में रणबीर को अभिनय की कला विरासत में मिली। रणबीर के पिता ऋषि कपूर और मां नीतु सिंह बॉलीवुड के मशहूर कलाकार रहे हैं। बचपन से ही रणबीर पढ़ाई के साथ-साथ अभिनय के प्रति भी रुचि रखते थे। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के बॉम्बे स्कॉटिश स्कूल से पूरी की। रणबीर ने अपनी स्कूली शिक्षा के बाद, एचआर कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स, मुंबई से कॉलेज की पढ़ाई शुरू की। हालांकि, उन्हें अपने सपनों की ओर बढ़ने का जुनून हमेशा से था। इस जुनून ने उन्हें न्यूयॉर्क की ओर रुख करने के लिए प्रेरित किया, जहां उन्होंने फिल्म निर्माण और अभिनय की गहन जानकारी प्राप्त की।रणबीर ने न्यूयॉर्क के स्कूल ऑफ विजुअल आर्ट्स में फिल्म निर्माण का कोर्स किया। इसके बाद उन्होंने प्रसिद्ध ली स्ट्रासबर्ग थिएटर एंड फिल्म इंस्टीट्यूट से अभिनय का प्रशिक्षण लिया। रणबीर कपूर ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म सांवरिया से की। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी सांवरिया यूं तो टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी लेकिन रणबीर का अभिनय दर्शकों को बेहद पसंद आया। इस फिल्म के लिये रणबीर फिल्म फेयर के डेब्यू पुरस्कार से सम्मानित किये गये। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म वेक अप सिड में रणबीर ने संजीदा अभिनय किया था। इस फिल्म के लिये रणबीर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्म फेयर क्रिटिक्स पुरस्कार दिया गया। वर्ष 2011 में प्रदर्शित फिल्म रॉकस्टार ने रणबीर को फिल्म इंडस्ट्री में सही पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका दिलाई। इस फिल्म के लिये रणबीर को पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्म फेयर पुरस्कार दिया गया। इसी फिल्म के लिये उन्हें फिल्म फेयर का क्रिटिक्स पुरस्कार भी दिया गया।

### अमरन के फर्स्ट लुक में सिंधु रेबेका वर्गीस के रूप में साई पल्लवी का अनावरण



साई पल्लवी फिल्म अमरन में सिंधु रेबेका वर्गीस के किरदार में नजर आयेंगी। राजकुमार पेरियासामी द्वारा निर्देशित और कमल हासन, आर. महेंद्रन और सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित बहुप्रतीक्षित फिल्म अमरन का प्रोमो जारी किया गया है। इस वीडियो की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सिंधु को अशोक चक्र प्रदान करने से होती है।प्रोमो में शिवकार्तिकेयन द्वारा निभाए गए मेजर मुकुंद वरदराजन और सिंधु की मार्मिक प्रेम कहानी की झलक दिखाई गई है। अमरन में राहुल बोस और भुवन अरोड़ा भी हैं। अमरन मेजर मुकुंद वरदराजन और उनकी पत्नी सिंधु की प्रेरक कहानी बताता है, जो प्यार और नुकसान के माध्यम से उनके सफर को दर्शाता है।राजकुमार पेरियासामी द्वारा निर्देशित और कमल हासन, आर. महेंद्रन और सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, गॉड ब्लेस एंटरटेनमेंट के सह-निर्माता के रूप में, अमरन शिव अरूर और राहुल सिंह की पुस्तक इंडियाज मोस्ट फियरलेस में चित्रित कहानी मेजर वरदराजन से प्रेरित है। यह फिल्म 31 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगी।

# राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन

नरसिंहपुर।

राज्य स्तरीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान नरसिंहपुर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले व सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार के मार्गदर्शन में 17 वर्षीय जूनियर बालक- बालिका वर्ग में सम्पन्न हुई। समापन कार्यक्रम जिला खेल युवा कल्याण विभाग के इनडोर हॉल में गोटेगांव विधायक श्री महेन्द्र नागेश के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे व उपाध्यक्ष श्री अजीत सिंह ठाकुर, श्री विक्रांत पटेल, श्री राजेंद्र ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, सहायक कलेक्टर श्री शुभम यादव के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। गोटेगांव विधायक श्री नागेश ने विजेता व उप विजेता, तृतीय स्थान प्राप्त टीमों के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेल में रुचि रखकर आगे बढ़े। अपने माता- पिता के सपनों को पूरा करें। नगर पालिका अध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि खेल और पढ़ाई दोनों पर ध्यान देते हुए अपने भविष्य को उज्जवल बनायें। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अनिल व्यौहार ने प्रतिवेदन का वाचन किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने बालक- बालिका वर्ग में विजेता व उप विजेता एवं फाइनल पर तृतीय स्थान पर रहीं संभागीय व्हालीवाल टीम को कप, शील्ड एवं प्रमाण पत्र के अलावा सहभागिता कर रहे सभी संभाग के बालक- बालिका वर्ग टीम, कोच को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान किये। खेल ध्वज को मुख्य अतिथि विधायक श्री नागेश द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया।



प्रतियोगिता के दौरान जिला प्रशासन द्वारा प्रदेश के 10 संभाग से आये बालक- बालिका वर्ग के खिलाड़ियों एवं ऑफिशियल्स को रेलवे एवं बस स्टैंड से आवास स्थल तक परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। बालक- बालिका वर्ग के लिए प्रथक- प्रथक आवास व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। समस्त संभागों के लिए मैस (भोजन) व्यवस्था शासकीय हाई स्कूल तलापार नरसिंहपुर में की गई। प्रतियोगिता में रेफरी ऑफिशियल्यस कार्यालय लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा नियुक्त एवं अन्य संभागों से आये व्हालीबॉल के जानकार व स्थानीय ऑफिशियल्स के द्वारा की गई। जिला प्रशासन द्वारा राज्य स्तरीय व्हालीबाल प्रतियोगिता के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए जिला स्तर पर विभिन्न समितियों का गठन कर अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गये।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव में हुआ फाइनल मुकाबला

राज्य स्तरीय व्हालीबॉल बारिश के कारण स्थान परिवर्तन कर सम्पन्न कराई गई। प्रतियोगिता नेताजी सुभाष चंद्र बोस इनडोर स्टेडियम नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री श्री जालम सिंह पटेल व गोटेगांव विधायक श्री महेंद्र नागेश ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बालिका वर्ग में उज्जैन संभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिकाओं में जबलपुर तीसरे स्थान पर रही। उपविजेता इंदौर संभाग रहा और और विजेता का खिताब उज्जैन संभाग ने अपने पक्ष में लिया। वही बालक वर्ग में जबलपुर संभाग के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बाजी मारकर विजेता का खिताब हासिल किया। वहीं रीवा संभाग उपविजेता और इंदौर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन कर फाइनल में विजेता, उप विजेता व तृतीय स्थान पर रही टीमों को पुरस्कृत किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आतिशबाजी कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार ने प्रतियोगिता में सफल होने पर प्रतिभागियों को बधाई दी और सभी सहभागियों को आगे मेहनत करने के लिए शुभकामने दी। इस अवसर पर श्री पंकज चौकसे, एसडीएम श्रीमती देवंती परते, पूर्व स्पोर्ट्स आफिसर श्री सत्य नारायण मिश्रा, राज्य व्हालीवाल संघ के पदाधिकारी श्री संतोष राजपूत, जिला व्हालीवाल संघ सचिव श्री मार्डुलेश दुबे, जोनल सेक्रेट्री तकनीकी सहायक श्री मनीष कटारे, श्री पंकज नेमा, श्री आशीष नामदेव, बीएसी श्री उमाशंकर छिरा, व्यायाम शिक्षक श्री मुकेश पटेल, श्री रंजीत घोसी, श्री नीरज पटेल, जिला खेल युवा कल्याण से कोच शाकिर हुसैन, श्री उमाकांत राजपूत, श्री अभिनव चौकसे मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक अग्निहोत्री ने किया।

# सोयाबीन उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन हुआ प्रारंभ

### 20 अक्टूबर तक जारी रहेगा पंजीयन

**नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में प्राइस सपोर्ट स्कीम में सोयाबीन उपार्जन की प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया गया है। बुधवार से सोयाबीन उपार्जन के लिये किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन प्रारंभ हो गया है। किसान सोयाबीन विक्रय के लिये आगामी 20 अक्टूबर, 2024 तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। मंगलवार को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में केन्द्र सरकार के प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत सोयाबीन का पंजीकृत कृषकों से उपार्जन, राज्य उपार्जन एजेंसी म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित द्वारा किए जाने का निर्णय लिया गया।पंजीकृत किसानों से सोयाबीन की खरीदी (उपार्जन) 25 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक की जायेगी। सोयाबीन उपार्जन के लिये 1400 केंद्र बनाये जायेंगे, जिनमें यथा संशोधन भी किया जा सकेगा। प्रदेश में किसानों से 13.68 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 4892 रूपये की दर से उपार्जन किया जायेगा। निर्धारित मात्रा से अधिक उपार्जन होने पर राज्य सरकार अपने स्तर पर सोयाबीन की खरीदी करेगी।

# पूर्व जिला उपाध्यक्ष ठाकुर विमलेश सिंह राजपूत को दी गई श्रद्धांजलि

नरसिंहपुर।

जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में पूर्व जिला उपाध्यक्ष पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता ठाकुर विमलेश सिंह राजपूत के असमय निधन पर शोक सभा की गई जिसमें पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि अल्प समय में श्री राजपूत हमारा साथ छोडकर चले गए उनका जाना न केवल पार्टी बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी अपूर्णीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणो में स्थान दे व परिवार जनो को इस बज्राघात सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस अवसर पर पार्टी के नेतागण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शहीद ए आजम भगतसिंह का जन्मोत्सव पर्व मनाया



नरसिंहपुर।

श्री बाहुबली विद्या मंदिर नरसिंहपुर संस्था परिवार द्वारा अखिल भारतीय ओज कवि अशोक त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में शहीदे आजम भगतसिंह जी का जन्मोत्सव पर्व मनाया गया। कविवर त्रिपाठी सहित स्कूल प्रभारी एन सी जैन वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती छाया नेमा ने अमर शहीद का पूजन अर्चन करते हुए दीप प्रज्ज्वलित किया। विद्यार्थियों ने विचारों कविताओं से भगत सिंह जी की जनसेवा देशभक्ति को उभारा। गुरुजनों में शिक्षिका श्रीमती आरती राय, हेमलता श्रीवास्तव,छाया नेमा जुबैदा बी,कुमारी माहेनूर लाइन,भावना ठाकुर,नंदनी काछी, रुचि कुशवाहा,सलोनी राय,फिजा नाज,वर्षा मांझी ने अमर शहीद के कृतित्व व्यक्तित्व पर गीत गजल और कविताएंप्रस्तुत की। कविवर अशोक त्रिपाठी ने कहा कि जहां अमर शहीदों को श्रद्धा भक्ति से याद किया जाता है वहां राष्ट्रीयता एवं राष्ट्र गौरवान्वित होता है। विद्यार्थी अमर शहीदों से प्रेरणा लेकर मां भारती का गौरव बढ़ायें। उक्त अवसर पर कविवर त्रिपाठी ने भगतसिंह जी सहित देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं सुनाकर आयोजन में समा बांधा कुछ इस तरह से...जिस माटी में जन्म लिया है उसका क़र्ज़ चुकाऊंगा,जब तक धड़कन सांसें हैं मैं गीत राष्ट्र के गाऊंगा।अंत में स्कूल परिवार द्वारा कवि का स्वागत सम्मान और अभिनंदन किया गया। आभार प्रदर्शन एन सी जैन विजय भैया द्वारा किया गया।

# अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर होगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नरसिंहपुर।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एक अक्टूबर को शासकीय जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में वृद्धजनों के लिए हड्डी रोग, नेत्र रोग, मेडिसिन, कान के बहरेपन की जॉच, मनोरोग, दंत रोग, फिजियोथैरेपी आदि विशेषज्ञ की सेवायें उपलब्ध कराई जायेंगी।सिविल सर्जन डॉ. जीसी चौरसिया ने अपील की है कि शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

# तेंदूखेड़ा एवं गोटेगांव विधानसभाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

नरसिंहपुर

संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत गोटेगांव एवं तेंदूखेड़ा विधानसभा में चल रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक की गई जिसमें विधानसभा स्तर के प्रत्येक मण्डल के अंतर्गत आने वाले शक्ति केन्द्रो के बूथो की समीक्षा की गई जिसमें प्रत्येक बूथ से कितने सदस्य बने व पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कितने कितने सदस्य भाजपा परिवार से जोडे है इनका लेखा जोखा बैठक में रखा गया। जिन बूथो पर कार्यकर्ताओं ने सक्रीयता के साथ ज्यादा सदस्य बनाए है उन्हे बधाई प्रेषित की गई एवं जिन बूथो पर कम सदस्य बने है उन पर ज्यादा फोकस करने पर जोर दिया गया।



जिससे प्रदेश नेत्त्व की मंशानुरूप आगामी समय में पिछडे हुए बूथो पर और अधिक ताकत लगाकर सदस्यता बढ़ाई जा सके। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी.अभिलाष मिश्रा, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, जिलामहामंत्री डॉ.हरगोविंद सिंह पटैल, ठाकुर राजीव सिंह, नगरपरिषद अध्यक्ष विष्णू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राहुल कौरव, वंदना पटेल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतागण व मण्डल अध्यक्षगण उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा द्वारा दी गई।

# स्वच्छता संदेश के साथ हुआ रंगोली चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा की अध्यक्षता में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्वच्छता के संदेश के साथ किया गया । जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर बहुत अच्छे ढंग से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।

इस मौके पर सभापति आनंद दुबे, सुरेंद्र गुर्जर ,पार्षद श्रीमती पूजा तिवारी उपस्थित रहकर छात्र- छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया । स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों में नगर पालिका के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग मिल रहा है ।



# मृदुल ने जिले को किया गौरवान्वित

**नरसिंहपुर।** नगर के निवासी मृदुल पटेरिया ने बैंगलुरू नेशनल लॉ कॉलेज से एलएलएम की पढ़ाई पूर्ण कर डिग्री प्राप्त की दीक्षांत समारोह में भारत के चीफ जस्टिस डी. बाय. चंद्रचूर्ण ने उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया जिले को गौरवान्वित करने वाले मृदुल पटेरिया नरसिंहपुर निवासी समीर दत्त पटेरिया, पटेरिया फोटो कॉपी संचालक के सुपुत्र है।

# पत्रकार बीमा योजना में अब 30 सितम्बर तक कर सकते हैं आवेदन

**नरसिंहपुर।** पत्रकार स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना में ऑनलाइन आवेदन करने की तारीख 27 सितम्बर से बढ़ाकर 30 सितम्बर 2024 तक कर दी गयी है। योजना से संबंधित संपूर्ण जानकारी जनसंपर्क विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

### छात्र-छात्राओं ने विभिन्न आकर्षक चित्र बनाकर दिया ऊर्जा संरक्षण का संदेश

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** बीते शुक्रवार को राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार समीपी ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में ऊर्जा संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं के 2 ग्रुप बनाये गए थे जिनमें पहले ग्रुप में 5 से 7 वी एवं दूसरे ग्रुप में 8 वी तक के छात्र छात्राओं ने सहभागिता करते हुए सफेद कार्डशीट पर आकर्षक चित्र बनाकर ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। प्रतियोगिता में ऊर्जा का संरक्षण, पर्यावरण का अनुरक्षण एवं ऊर्जा की बचत पर्यावरण की रक्षक है आदि विषयों पर छात्र छात्राओं ने चित्रों के जरिये कला प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शाला के माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने छात्र छात्राओं को ऊर्जा संरक्षण के विषय मे बताते हुए अपने पड़ोस एवं गाँव मे भी ऊर्जा संरक्षण का संदेश देने की अपील की। प्रतियोगिता में शाला के प्रधानपाठक दशरथ प्रसाद जाटव एवं प्राथमिक शिक्षक श्रीमती किरणलता ठाकुर ने भी छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। प्रतियोगिता के आयोजन में छात्र छात्राओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।



# अमर शहीद भगत सिंह की जन्म जयंती मनाई



**नरसिंहपुर।** अमर शहीद भगत सिंह जी की जन्म जयंती पर सुभाष पार्क स्थित उनकी मूर्ति पर देश की आजादी के लिये अपना बलिदान देने वाले अमर शहीद भगत सिंह जी की जयंती पर उनका नमन कर सभी साथियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। उक्त अवसर पर सभी जनों ने अमर बलिदानी का भावभीना स्मरण कर अमर भगत सिंह अमर रहे के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

# नवोदय की कक्षा 6वीं में चयन परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर

**नरसिंहपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष में भी नवोदय विद्यालय समिति मुख्यालय द्वारा कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन 18 जनवरी 2025 को किया जायेगा। नवोदय की प्रवेश चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन (आवेदन पत्र) का कार्य किया जा रहा है। जिसकी ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर निर्धारित की गई है। ये आवेदन पत्र पूर्णतः ऑनलाईन के माध्यम से ही स्वीकृत किये जायेंगे। जिले में 6 हजार आवेदन भरे जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के विरूद्ध 24 सितम्बर तक 4 हजार 680 आवेदन पत्र भरे गये हैं। विकासखंड गोटेगांव के अंतर्गत 744, चांवरपाठा के अंतर्गत 819, सांईखेड़ा के अंतर्गत 806, चीचली के अंतर्गत 716, नरसिंहपुर के अंतर्गत 924 और करेली के अंतर्गत 617 आवेदन भरे गये हैं। ये आवेदन पत्र नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट https://navodaya.gov.in पर उपलब्ध है।

# शतरंज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

मण्डला/अंजनिया(स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर अनुसार शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रानी दुर्गावती महाविद्यालय, कन्या महाविद्यालय, नैनपुर, बम्हनी बंजर, भुआ बिछिया और मवई महाविद्यालय की टीमों ने भाग ली। आयोजित जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पुरुष वर्ग में आरडी महाविद्यालय मंडला विजेता और शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर उपविजेता रही। महिला वर्ग में रानी दुर्गावती महाविद्यालय मंडला विजेता और कन्या महाविद्यालय उपविजेता रहा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता पश्चात चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। जिसके बाद जिला मंडला टीम का चयन किया गया चयनित खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता जो कि जबलपुर में आयोजित होगी, उसमें सहभागिता दर्ज करेगी। इस प्रतियोगिता में मंडला जिले के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल, डॉ. गुलबहार खान, डॉ. रवि यादव, डॉ. आशीष चतुर्वेदी, डॉ. अनूप परिहार, डॉ. देवेंद्र बघेल, संदीप चौरसिया और संतोष नंदा उपस्थित रहे।

# वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर ने रानी फूलकुंवर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मंडला में स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने इस दौरान वेयरहाऊस की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह सहित निर्वाचन अधीक्षक अरूण, सीके तिवारी सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने ईव्हीएम वेयरहाउस में विधिवत रूप से एंट्री कर प्रवेश लिया। उन्होंने ईव्हीएम वेयरहाउस में व्यवस्था के संबंध में सभी को अवगत कराया। इसके बाद ईव्हीएम वेयरहाउस परिसर की साफ सफाई और सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली।

# नर्मदा तट पर चला सफाई अभियान

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** 148 बटालियन केरिपुबल मण्डला द्वारा नर्मदा नदी के तट रपटा घाट पर विक्रांत सारंगपाणि कमाण्डेन्ट-148 बटालियन के मार्गदर्शन में समाज सेवी श्रीमति गीता साहू, इनर वाइस सोसाइटी से वीरेन्द्र रघुवंशी, नवरत्न परिवार मण्डला के दीपक दुबे, विवाह व्यवसायिक महासंध के तरुण पटेल, जन अभियान परिषद के राजेन्द्र चौधरी, पतंजली योग समिति के रामगोपाल, जिला योग समिति के केडी दुबे, ओम नमो नर्मदे समिति के मीनाक्षी यादव, स्फुटन समिति देवदरा की रागिनी हरदहा एवं नगरपालिका से पुष्पेन्द्र पाण्डेय की उपस्थिति में बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों ने नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ मिलकर साफ सफाई का अभियान चलाया गया एवं सफाई रखने की शपथ भी ली। उक्त कार्यक्रम में मनोरंजन कुमार उप कमाण्डेन्ट, निरीक्षक राकेश कुमार, सूबेदार मेजर के साथ वाहिनी के अन्य जवानों ने बढ़-चढ़ कर इस सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

# पुलिसकर्मियों ने सीखे साइबर ठगों से निपटने के तरीके

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले में पुलिस अधिकारियों को साइबर अपराध अपराधों को रोकने और उसकी जानकारी के लिए शनिवार से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण को साइबर सेल की टीम ने आयोजित किया है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रशिक्षण में जिले के समस्त थानों में पदस्थ साइबर ऑपरेटर ने भाग लिया।



जिला पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता ने बताया कि साइबर क्राइम के शिकार पीड़ितों की थाने स्तर पर ही मदद करने के लिए थानों में पदस्थ ऑपरेटर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिले में साइबर क्राइम के मामले में अब पीड़ित को पुलिस की मदद के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। थाना स्तर पर नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों में निर्धारित अवधि में कार्रवाई के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण लेने वाले कर्मचारियों को वर्तमान में साइबर ठगों के द्वारा नए-नए तरीकों से आम जन से ठगी की जा रही है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की गई है।

इसके अलावा आमजन को जागरूक करना और साइबर अपराधों पर कार्रवाई करना और पीड़ित के साथ हुए फ्रॉड की राशि को तुरंत होल्ड कर रिफंड कराने का भी प्रशिक्षण दिया गया है।

# बलात्कार के आरोपी को पकड़ा

मण्डला/निवास(स्वतंत्र मत)। पुलिस चौकी मनेरी थाना बीजाड़ांडी में 25 सितंबर को प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 245/2024 धारा 376, 376(2) (च), 376(2) (ञ), 376(2) (ठ) भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा एवं एसडीओपी निवास पीएस बालरे के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी मनेरी उप निरीक्षक पुनीत बाजपेई के नेतृत्व में उक्त अपराध के आरोपी सोनू झारिया पिता दीपचंद्र झारिया उम्र 26 वर्ष निवासी मनेरी को पतासाजी हेतू विशेष टीम का गठन कर आरोपी को 28 सितंबर को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी बीजाडांडी निरीक्षक अंतिम पवार, चौकी प्रभारी उप निरी. पुनीत बाजपेई, सहा.उप. निरी. कन्हैया लाल धारने, मनोज कुमार सेन, प्रधान आर. अभिषेक मिश्रा. नारायण उइके, आर. आंनद कोरी, अनुपम तिवारी, म.आर.बीना जादौन, प्रियंका मिश्रा, रुपवती उरेती सैनिक योगेश पटेल की भूमिका रही।

# भगवान भरोसे पेयजल सप्लाई, एक माह से बंद

## बाकल में जल जीवन मिशन के ठेकेदार की लापरवाही जीवन पर पड़ रही भारी

कटनी/बाकल, (स्वतंत्रमत)

लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन में ठेकेदार की हीलाहवाली लोगो पर भारी पड़ रही है।बाकल बस्ती में कही खुदाई करके पाइप लाइन डालकर नालियों की पुराई किये बिना पानी सप्लाई होने से चारो तरफ कीचड़ और गंदगी बजबजा रही है। रास्तो के बाजू से खुदी नालियां और रोड में बिखरी मिट्टी कीचड़ मुसीबत बन चुकी है। बाकल में लगभग ढो करोड़ रुपए की लागत से घर घर पानी पँहुचाने के लिए डेढ़ साल से मन्थर गति से काम चल रहा है। बारिश में कीचड़ के साथ चारो तरफगन्दगी बजबजा रही है। मनोज ताम्रकार अमित विश्कर्मा डॉक्टर सुबोध मोदी रामकुमार सराफ, नरेंद्र सिंघई रजनीश पटेल, रामप्रसाद पटेल का कहना है कि विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदारों की मनमानी के चलते कार्य समय पर नहीं हो रहा और ना ही इस योजना का लाभ सभी लोगों को मिल रहा है।



### त्यौहारों की अनदेखी

जहां नगर में दुर्गा उत्सव भव्यता के साथ लोग मनाते है चल समारोह का भी आयोजन जोरशोर से होता है इस तरह की गढ्ठो भरी सड़क में कैसे लोग चल सकेंगे यह विचारणीय विषय हैलोग आकर भी विभाग को कोसते नजर आ रहे हैं।

### सीट बैल टैक हो रहा लीकेज

नगर में वाटर सप्लाई के लिए बनाई गई पानी की सीटबेल टंकी से की जाती है उसका आधे से ज्यादा पानी टंकी से लीकेज हो रहा हैऔर गांव में लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, वही पानी की टंकी के समीप ही पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई पक्की नाली को भी ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन डालने तोड़फोड़ की गई, जिसके चलते नाली भी मिटी से भरी पडी है नही हो रही पानी निकासी।

### लहूलुहान हो रहे लोग

गांव की तंग गलियों से लेकर मुख्य सड़कों के किनारे अनेको चेम्बर खुले पड़े है। जिससे फिसलकर पैदल राहगीर और दोपहिया वाहन चालक लहूलुहान हो रहे है। लोगों का गिरना लहूलुहान होना आम बात हो गई है वही पाइप लाइन डालकर ठेकेदार ने खुला छोड़ दिया है।

### राजीवनगर मे नही डाली लाइन

ठेकेदार की हद दर्ज की लापरवाही जव नगर के बार्ड क्रमांक 17 मे दो बर्ष बाद भी पाइप लाइन नही डाली 200 की आबादी वाले इस बर्ष के बासी बूंद बूंद पानी को भटकते देखे जा रहे है। बही नगर के अन्य वार्डो मे भी पानी समस्या बनी हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री को दिया था ज्ञापन सरपंच मनोज पटैल ने बताया कि इसके पूर्व भी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी इस समस्या को लेकर बडगांव आगमन पर ज्ञापन दे चुके है।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा अनेकों बार वरिष्ठ अधिकारियों जिला कलेक्टर ई पीएच ई को ठेकेदार द्वारा की जा रही अनियमितता की शिकायत की गई है किंतु इस विषय में हमारी आवाज कोई नहीं सुनता वर्तमान में स्थिति यह है कि काम पूरी तरह से बंद है लोग परेशान हैं।

**मनोज पटेल**
**सरपंच बाकल**



## अग्रसेन जयंती पर कवि सम्मेलन व आनंद मेला का आयोजन आज

**कटनी, (स्वतंत्रमत)।** महाराजा अग्रसेन जी की जन्म जयंती आगामी 3 अक्टूबर को श्री राजस्थानी मारवाड़ी समाज कटनी एवं राजस्थानी महिला मंडल द्वारा भव्यता से मनाई जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष पवन बजाज ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महाराजा अग्रसेन जयंती के शुभ अवसर पर एक सप्ताह पूर्व से ही विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं श्री महालक्ष्मी धर्मशाला, स्टेशन रोड, कटनी में आयोजित की जा रही है । इसी कड़ी में 29 सितंबर दिन रविवार को सायं 6 बजे से राहुल बाग क्रिकेट ग्राउंड में एक विशाल कवि सम्मेलन एवं आनंद मेला आयोजित किया जायेगा व 3 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जी का पुण्य स्मरण करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम मेघावी छात्र छात्राओं का सम्मान एवं पुरुस्कार वितरण, कार्यक्रम सामाजिक सहभोज के साथ संपन्न होगा। अध्यक्ष पवन बजाज एवं महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल ने सामाजिक बंधुओं से सभी कार्यक्रमों में सहभागिता कर महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने की अपील की है।

## महापौर प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक

कटनी, (स्वतंत्रमत)



महापौर प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई । बैठक में विभिन्न प्रस्तावों आउटसोर्स के माध्यम से श्रमिकों के नियोजन, जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक डामलीकरण, सीसी नाली निर्माण, पेवर ब्लाक फ्लोरिंग आदि कार्य, ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी योजनान्तर्गत चिन्हित ट्रांसपोर्टर्स एवं नगर निगम कटनी द्वारा आयुक्त के मध्य निष्पादित पट्टा अनुबंध की विभिन्न शर्तों एवं प्रावधानों का उल्लघंन करने वाले ट्रांसपोर्टर्स का पट्टा अनुबंध निरस्त करने एवं निकाय द्वारा अधिपत्य प्राप्त किये जाने, आईएचएसडीपी योजनान्तर्गत निर्मित भवनों के आवंटन हेतु हितग्राहियों की चयन सूची के अनुशंसा, नगर निगम सीमान्तर्गत कटनी नदी पर निर्मित बैराज के हाइड्रोलिक गेट्स की रिपेयरिंग एवं मेंन्टेनेन्स किये जाने एलईडी स्ट्रीट लाइट 90 वॉट कय हेतु जारी अल्पकालीन निविदा सूचना की पुष्टि एवं निकाय के लोक परिवहन के कार्यों हेतु नियुक्ति चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर की संविदा अवधि में वृद्धि किये जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। उक्त बैठक में निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, निगमायुक्त शिशिर गेमावत, एमआईसी सदस्य बीना बैनर्जी, तुलसा गुलाब बेन, सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, अवकाश जायसवाल, शशिकांत तिवारी, एडसुरेंद्र गुप्ता, उपायुक्त पीके अहिरवार, प्र कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राहुल जाखड़, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहा यंत्री सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, प्र स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, उपयंत्री अश्वनी पांडेय, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा, प्र कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल, सिटी मिशन मैनेजर यश रजक एवं निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## फर्जी हस्ताक्षर करके महिला के खाते से निकाल लिए रुपए

**कटनी।** थाना प्रभारी बहोरीबंद निरीक्षक सुरेन्द्र शर्मा द्वारा अपनी टीम के साथ कई दिनो की कठिन मेहनत के बाद आज 28 सितम्बर जो ग्राम सिमरापटी निवासी प्रीतमलाल चक्रवर्ती, संतोष चक्रवर्ती तथा श्रीमति मंतीबाई चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कराया गया। एक मई को फरियादिया श्रीमति कुसुमबाई रैकवार निवासी मोहतरा थाना बाकल ने रिपोर्ट किया था कि मंतीबाई चक्रवर्ती व संतोष चक्रवर्ती ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर मेरे एसबीआई खाता बहोरीबंद के खाता से निकासी पर्ची भरकर मेरे फर्जी हस्ताक्षर कर मेरे खाते से 63200 रूपये अपने खाता में ट्रांसफर कर लिया है। रिपोर्ट पर अपराध क्र0 133/23 घारा 420,34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। विवेचना के दौरान फरियादिया श्रीमति कुसुमबाई रैकवार संदेही श्रीमति मंतीबाई व संदेही प्रीतमलाल चक्रवर्ती के नमूना हस्ताक्षर व स्वभाविक लिखावट परीक्षण हेतु राज्य परीक्षक विवादित दस्तावेज पुलिस मुख्यलाय भोपाल को भेजे गये थे जांच रिपोर्ट में प्रीतमलाल चक्रवर्ती के द्वारा फरियादिया कुसुमबाई रैकवार के नाम की एसबीआई बहोरीबंद की विड्रावल पर्ची भरकर कुसुमबाई की फर्जी हस्ताक्षर करना पाया गया है। प्रीतमलाल पिता धुन्नीलाल चक्रवर्ती उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम सिमरापटी थाना बहोरीबंद जिला कटनी वर्ष 2017.2018 में एसबीआई एटीएम बहोरीबंद में सिक्यूरिटी गार्ड की नौकरी करता था। उस दौरान कम पढे-लिखे हितग्राहियों के पैसे जमा निकासी के फार्म भरता रहता था उसी दौरान फरियादिया कुसुमबाई रैकवार के एसबीआई खाता से कुसुमबाई के नाम की विड्रावल पर्ची भरकर कुसुमबाई के स्वंय हस्ताक्षर कर छलपूर्वक सात बार में कुल 63,200 रूपये निकाल कर खर्च कर दिया था।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में मनाई गई हेल्थ एंड वैलनेस एक्टिविटी

कटनी (स्वतंत्रमत)

नन्हें नन्हें प्यारे बच्चे भविष्य हैं, इस देश का इसी बात को ध्यान में रखते हुए नन्हें नन्हें प्यारे बच्चों को हेल्थ एंड वैलनेस एक्टिविटी के माध्यम से समझाया गया की कैसे आज जीवन में लोगों की इतनी व्यस्तता बढ़ गई है कि खुद पर ध्यान देने का समय ही नहीं मिलता है। आज कम ही लोग हैं, जो हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करते हैं। वर्क प्रेशर, घर-परिवार की जिम्मेदारी, आर्थिक तंगी, बेरोजगारी आदि के कारण लोगों में चिंता, परेशानी, मानसिक तनाव और अवसाद बढ़ता जा रहा हैए जिससे वो शारीरिक और दिमागी रूप से अस्वस्थ होते जा रहे हैं। यह बहुत जरूरी है कि आप मेंटली और फिजिकली सेहतमंद रहें तभी आप कोई भी काम आसानी से कर सकते हैं। इसके लिए जरूरी है वेलनेस टिप्स वैलनेस टिपस अपनाना। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से आप कई शारीरिक समस्याओं से बचे रह सकते हैं। इससे संपूर्ण वेलनेस भी आप आसानी से पा सकते हैं। यदि आप भी स्वस्थ जीवन जीना चाहते हैं, तो आपको स्मार्ट विकल्पों को चुनना होगा नन्हे बच्चों को उन्हें में से कुछ विकल्पों के बारे में बताया गया। इस उपलक्ष पर विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती जूही जैन प्राचार्यश्रीमती सीमा दुबे, उप प्राचार्य श्रीमती शबनम अख्तर ने बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुनहरे भविष्य की कामना कर अपना आशीष प्रदान किया।

## इलाज के दौरान बालिका की मौत

**उमरिया।** पाली थाना अंतर्गत ग्राम अर्जुनी निवासी बालिका को सर्प ने काट लिया था, जिसका इलाज जिला अस्पताल शहडोल में चल रहा था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी अनुसार मृतिका का नाम पायल यादव पिता लल्लू यादव उम्र 11 साल निवासी ग्राम अर्जुनी है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# भगवान को निर्मल मन से बुलाएं तो अवश्य मिलते हैं

कटनी, (स्वतंत्रमत)



कटनी क्षेत्र के पुरानी बस्ती स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में चल रही श्राद्ध पक्ष की साप्ताहिक भागवत मे शिष्य मंडल द्वारा अपने पूज्य पाद गुरु नीलेश पाठक का भव्य स्वागत किया गया। ध्रुवचरित्र का वर्णन करते हुए बताया की ध्रुव जी पांच वर्ष की आवस्था में भगवान को प्राप्त कर लिया भगवान कभी किसी की अवस्था नहीं देखते सुदामा जी निर्धन थे नन्हें भगवान मिले, भगवान प्रहलाद जी राक्षस कुल में जन्म लिया फिर भगवान मिले मतलब भगवान का निर्मल मन से बुलाये तो अवश्य मिल जाते हशिष्य मंडल के सभी गुरु भाई-बहनों द्वारा आतिशबाजी कर डोल-नगाड़े बजाते हुए शोभायात्रा निकाली। फिर प्रांगण परिसर में पहुंचकर गुरुदेव का पुष्पवर्षा से दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना की गयी। जय-जयकार करते हुए गुरुदेव की स्तुति एवं उनके लिए मंगलमय कामना करते हुए गीत गायन व नृत्य कर हर्षोल्लास का माहौल बनाया, शिष्य मंडल में उपस्थित बहनें माही तिवारी, निहारिका शर्मा, रीना चौदहा, कामिनी चौदहा, मंजू शर्मा, संध्या गुप्ता, आयुषी गुप्ता, उर्वशी गुप्ता, शिखा खमपरिया, मोनिका चौदहा, सोनिया चौरसिया, श्रुति चौदहा, आस्था चौदहा, सोनाली गुप्ता, पलक पांडे, अनायका तिवारी, रोशनी जायसवाल, सिमरन जायसवाल, सारिका चौदहा, कल्पना चौरसिया, पीहू शर्मा, रेखा बरसैयां एवं गुरुभाई रवि शर्मा, ओम ओजस्व तिवारी, संजय चौदहा, राकेश बरसइयां, मोनू चौदहा, कार्तिकेय जायसवाल, राजेश गुप्ता, वैभव पुरवार, ऋषि पुरवार, राधें, शर्मा, राकेश बरसिया का गुरूजी ने आभार प्रकट कर सभी को स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया।

## इंटैक स्थापना दिवस पर रायबहादुर हीरालाल स्मृति व्याख्यानमाला में ठग एवं पिण्डारियों पर उदबोधन देंगे राजेंद्र चंद्रकांत राय

**कटनी, (स्वतंत्रमत)।** कटनी शहर के रायबाड़ा में 1 अक्टूण् सन 1867 में जन्मे ज्ञान के महासागर रायबहादुर हीरालाल जी की 157 वीं जयंती एवं इंटैक कटनी चेप्टर के तीसरे स्थापना दिवस समारोह का आयोजन आगामी 1 अक्टूबर मंगलवार को स्थानीय केसीएस कन्या शाला भवन स्थित भारत कोचिंग सेंटर सभागार में संपन्न होगा। इस अवसर पर प्रारम्भ की जा रही रायबहादुर हीरालाल स्मृति व्याख्यानमला में जबलपुर के वरिष्ठ साहित्यकार, इतिहासकार राजेंद्र चंद्रकांत राय अंग्रेज शासनकाल में क्रूरतम अपराध के क्षेत्र में सक्रिय ठग एवं पिण्डारियों पर अपना व्याख्यान देगें स समाज की मूर्त एवं अमूर्त विरासत के संरक्षण, संवर्धन एवं इनके प्रति समाज में सजगता उत्पन्न करने की दृष्टि से क्रियाशील इंडियन नेशनल ट्रस्ट ऑफ आर्ट एंड कल्चरल हैरिटेज कटनी चेप्टर की स्थापना रायबहादुर हीरालाल जी की जयंती 1 अक्टूबर 2021 को हुई थी स अपने तीन वर्षीय कार्यकाल में कटनी चेप्टर द्वारा विरासत संरक्षण की दिशा में अनेक उल्लेखनीय कार्य किये हैं। अपनें स्थापना दिवस पर कटनी चेप्टर द्वारा इस वर्ष से रायबहादुर स्मृति व्याख्यामाला का शुभारम्भ किया जा रहा है। आयोजन के मुख्य वक्ता श्री राजेंद्र चंद्रकांत राय वरिष्ठ साहित्यकार एवं इतिहासकार हैं।

# सनशाइन एकेडमी समदरिया में काउंटर एक्टिविटी का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)

सनशाइन एकेडमी समदरिया में काउंटर एक्टिविटी का आयोजन किया गया इस एक्टिविटी में चार दुकानें लगाईं जो कि कृमश इस प्रकार है। फल की दुकान सब्जियों की दुकान डायटिशियन की दुकानश्केमिस्ट की दुकान लगाई गई । इसमें बच्चों ने अपने पसंद की दुकान से सामग्रियां ली और दुकानदार को पैसे दिएए दुकानदार की जगह शिक्षकों ने संभाली इस एक्टिविटी के उद्देश्य से बच्चों में हमारी दिनचर्या में होने वाली सामग्रियों का उपयोग क्यों करते हैं । फल सब्जी आदि को खरिदते समय हिसाब करते हैं इस एक्टिविटी से बच्चों का मानसिक विकास होता है क्या गतिविधि में विशेष बातों का ध्यान रखें। बच्चों को खरीदारी के लिए प्रेरित करें। बच्चा जब 3-4 साल का हो जाए तो उसे अपने साथ ले जाएं। उसे छोटी-छोटी खरीदारी के लिए भी प्रेरित करें। हो सकता है शुरू में खरीदारी के दौरान वह जोड़ने घटाने में भूल कर देए लेकिन धीरे.धीरे वह हिसाब करना सीख जाएगा। खरीदारी के दौरान किसी भी सामान का हिसाब उसके सामने जोड़ें अगर आप खुद खरीदारी कर रहे हैं और साथ में बच्चा है तो आप सामान का हिसाब-किताब बच्चे को दिखाते व सुनाते हुए जोड़ेंए ताकि वह भी आपको धेकर हिसाब करना सीख सके। शुरुआत में उंगलियों का सहारा ले सकते हैं। कम उम्र में हो सकता है बच्चा जोड़.घटा करने में उतना फास्ट न हो या फिर उसे इसमें दिक्कत आ रही हो। ऐसी स्थिति में आपको चाहिए कि खरीदारी के दौरान आप हिसाब को ऊंगलियों पर जोड़कर बच्चे को दिखाएं। ऊंगलियों पर जोड़.घटना करना बच्चे के लिए आसान होगा। वह आसानी से छोटे हिसाब करना सीख जाएगा। इस गतिविधि से बच्चों ने उत्साह उत्साहपूर्ण खरीददारी करने का गुण सिखा और सभी बच्चे खुश हुए फल की दुकान द्वारा सनशाइनर्स ने सभी को संदेश दिया की किस तरह फलों की आवश्यकता हमारे शरीर को है। केमिस्ट की दुकान द्वारा शनशाइनर्स ने दवाइयों और केमिस्ट की आवश्यकता हमारे जीवन में क्या है बताई। बच्चों ने दवाइयों व औषधियों का महत्व भी बताया। डाइटीशियन की दुकान द्वारा सनशाइनर्स ने किस तरह हमें हमारे जीवन में एक अच्छी डाइट की आवश्यकता होती है बताया। सब्जी की दुकान द्वारा सनशाइनरस ने बताया की किस तरह हमारे जीवन व रोज़ की दिनचर्या में सब्जियों का क्या महत्व है ए हर सब्जी का अपना अपना महत्व है, जैसे हरी सब्जियां लेने से शरीर में पौष्टिकता और तंदुरुस्ती रहती है। विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं ने बच्चों को प्रोत्साहित किया बच्चों का मार्गदर्शन किया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती जूही जैन स्कूल में उपस्थित रहीं एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।




# नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक प्रणाली से होगी दर्ज

**कटनी, (स्वतंत्रमत)।** नगरपालिक निगम कटनी में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति वर्तमान में मैनुअल आधार पर पृथक.पृथक उपस्थिति पंजी में दर्ज कराने की व्यवस्था संचालित थी।मध्यप्रदेश शासन द्वारा कार्यालयीन समय पर उपस्थिति के संबंध में प्रसारित निर्देशों के अनुसार निगमायुक्त शिशिर गेमावत ने आदेश जारी कर निगम के अधिकारी कर्मचारी की दक्षता और अन्य निगमों की भांति डिजिटलीकरण को महत्व देते हुये इस कार्य व्यवस्था में आंशिक परिवर्तन करते हुये बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति दर्ज करने की नवीन व्यवस्था लागू की है।अतः निगम के सभी नियमित विनियमित स्थाईकर्मी संविदाकर्मी निश्चित वेतन कर्मचारी श्रमिकों को विभागीय कार्य व्यवस्था के नियत समय में प्रतिदिन बायोमेट्रिक मशीन में उपस्थिति दर्ज कराने हेतु सभी विभाग प्रमुख नियंत्रणकर्ता को अधीनस्थ कर्मचारी की उपस्थिति दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए है। बायोमेट्रिक मशीन नगर निगम कार्यालय के अलावा बस स्टैंड ऑडिटोरियम, सामुदायिक भवन जालपा वार्ड, वीर सावरकर वार्ड स्थित जंगल दफ्तर स्थित पानी की टंकी, दुर्गा चौक खिरहनी ज़ोन क्रं.2 सामुदायिक भवन एनकेजे बजरिया, सामुदायिक भवन लखेरा, माधवनगर उपकार्यालय ज़ोन.4 सामुदायिक भवन नगर सुधार न्यास पर स्थापित की जाएगी। निर्धारित स्थानों पर सभी अधिकारी कर्मचारी को बायोमेट्रिक प्रणाली में अपनी उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य होगा।उपस्थिति प्रतिवेदन के आधार पर ही मासिक वेतन पारिश्रमिक आदि भुगतान किया जायेगा। अधिकृत नियंत्रणकर्ता अधिकारी का सामान्य नियंत्रण रहेगा जिसके सत्यापन के उपरांत ही स्थापना लेखा शाखा द्वारा परीक्षण उपरांत भुगतान हेतु प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जावेगी।

# त्यौहारों को लेकर एक्शन मोड में कोतवाली पुलिस

## शहर के मुख्य मार्गो के साथ साथ सुनसान ईलाकों में कोतवाली पुलिस का पैदल मार्च

कटनी, (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन भापुसे द्वारा आगामी आने वाले त्यौहारों नवरात्रि दशहरा को लेकर थाना क्षेत्र में लगातार भ्रमण करने एवं रेल्वे ट्रेक के आसपास ट्रेनों में हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने हेतु आवारा घूमने वाले संदिग्ध एवं अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर नजर रखते हुए उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आशीष कुमार शर्मा द्वारा थाना क्षेत्र के मुख्य मार्गो पर अपने दल.बल के साथ पैदल भ्रमण करते हुए संदिग्धों को चैक किया गया एवं पुलिस थाना जीआरपी के बल को हमराह लेकर रेल्वे स्टेशन कटनी, सर्कुलेटिंग एरिया में सर्चिंग की गई। साथ ही रेल्वे आउटर में घटित हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कटनी रेल्वे स्टेशन के सतना एवं जबलपुर एण्ड के आउटर पर सर्चिंग अभियान चलाकर संदिग्धों को चैक किया गया। ईलाका भ्रमण के दौरान शांति भंग करते हुए पाए जाने पर आरोपी सुमित निषाद पिता बदलू निषाद, सत्यम निषाद उर्फ दीपू पिता भैयालाल निषाद, जय उर्फ जग्गा निषाद पिता रमेश निषाद, रूपेश विश्वकर्मा पिता कमल विश्वकर्मा, अर्जुन उर्फ अज्जू यादव पिता दुर्गा प्रसाद यादव एवं अमरजीत तिवारी पिता राजकुमार तिवारी के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्यवाही की जाकर एसडीएम कटनी के न्यायालय में पेश किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व मार्गदर्शन में अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से अपराधियों में दहशत का माहौल है। थाना कोतवाली द्वारा लगातार अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की जाकर उन्हे बाउण्ड ओवर कराया जा रहा है ताकि आने वाले त्यौहारों में किसी प्रकार अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली आशीष कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी खिरहनी कुलदीप सिंह, पुष्पेन्द्र दाहिया, शशिभूषण दुबे, वीरेन्द्र सिंह,अनिल सेंगर, पुष्पराज सिंह, अनुराग सोनकर, नीरज तिवारी, उमेश सिंह, अरूण पाण्डेय, आरक्षक अजय प्रताप सिंह, मोहन मण्डलोई, सुधीर दुबे, अनिल गौतम, प्रवीण सिंह, चंद्रभान मौर्य एवं थाना जीआरपी के स्टाफ की अहम भूमिका रही।



# नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय मैचों की वापसी से दिग्गज खुश

**नई दिल्ली (वार्ता)।** एक दशक के इंतजार के बाद नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय मैच की वापसी से भारतीय हॉकी के पूर्व दिग्गज हरबिंदर सिंह और जफर इकबाल खासे उत्साहित हैं। नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 23 और 24 अक्टूबर को भारतीय हॉकी टीम ओलंपिक की रजत पदक विजेता का मुकाबला करेगी। अरसे बाद हो रहे इस मैच को देखने के लिये हॉकी इंडिया ने कई पूर्व हॉकी सितारों को न्योता भेजा है। भारत ने आखिरी बार जनवरी 2014 में मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हीरो हॉकी वर्ल्ड लीग का फाइनल खेला था।



### हरबिंदर सिंह ने कहा 1972 में दिल्ली में हॉकी खेली

ओलंपिक में 1964 टोक्यो स्वर्ण, 1968 मेक्सिको कांस्य और 1972 म्यूनिख कांस्य के विजेता पद्म हरबिंदर सिंह ने कहा 1972 में मैंने आखिरी बार राष्ट्रीय टीम के लिए दिल्ली में हॉकी खेली थी। मुझे याद है कि शिवाजी स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था और प्रशंसक खड़े होकर हमारा उत्साह बढ़ा रहे थे। मेरा मानना है कि बहुत सारे प्रशंसक भारत और जर्मनी का उत्साह बढ़ाने के लिए भी आएंगे। आखिरकार वे एक दशक के बाद एक उच्च-स्तरीय अंतर्राष्टीय मैच देखेंगे।

### हमारे युग में, हॉकी के बहुत बड़े प्रशंसक थे

1980 के मास्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता और 1982 में दिल्ली में एशियाई खेलों की रजत विजेता टीम के कप्तान जफर इकबाल ने कहा, हमारे युग में, हॉकी के बहुत बड़े प्रशंसक थे। नेहरू गोल्ड कप, एशियाई खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय मैचों जैसे आयोजनों में बहुत सारे समर्थक शामिल हुए और जिन विशाल स्टेडियमों में हम खेले, उनमें हमेशा उत्साह का माहौल था। जर्मनी एक कठिन टीम है, हमने उन्हें टोक्यो ओलंपिक में हराकर कांस्य पदक जीता। हाल ही में पेरिस में सेमी फाइनल में उनसे मुकाबला हुआ था, इसलिए मुझे यकीन है कि भारतीय उनसे आगे निकलने के लिए पूरा जोर लगायेगी। पिछले साल, चेन्नई ने पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की, जबकि रांची ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी की। आगामी नवंबर में, बिहार का राजगीर महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा।

### भारत एक ऐसी टीम है जो खेल में देर से गोल खाती है

हॉकी को देश के सभी हिस्सों में ले जाने की हॉकी इंडिया की पहल की सराहना करते हुये हरबिंदर ने कहा हाई-प्रोफ़ाइल मैचों को देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाना चाहिए, जिससे सभी क्षेत्रों के लोगों को टीम को लाइव एक्शन में देखने का मौका मिलेगा, साथ ही हमारे खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए तैयार रखा जा सकेगा। जफर इकबाल ने भी खेल प्रेमियों से बड़ी संख्या में आने का आग्रह करते हुए कहा, पहले आम धारणा यह थी कि भारत एक ऐसी टीम है जो खेल में देर से गोल खाती है लेकिन अब यह बदल गया है, हम सभी पहलुओं में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक हैं। सुविधाएं शीर्ष स्तर की हैं और मुझे यकीन है कि गेम दिलचस्प एक्शन से भरपूर होगा।

## केन विलियमसन को एक ही सेशल में दो बार करनी पड़ी बल्लेबाजी

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की बुरी हालत हो गई है। दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला गॉल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। मेजबान श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए खेल के तीसरे दिन 5 विकेट पर 602 रन बनाकर अपनी पारी को घोषित किया। इसके जवाब में जब न्यूजीलैंड की बैटिंग शुरू हुई तो पूरी टीम ताश के पत्तों की रह बिखर गई। न्यूजीलैंड की टीम दूसरे सेशन के खत्म होने से पहले ही 88 रन पर ही ढेर हो गई। न्यूजीलैंड की तरफ से सबसे ज्यादा मिचेल सैंटनर ने 29 रनों की पारी खेली। इसके अलावा 7 बल्लेबाज ऐसे रहे जो दहाई का आंकड़ा भी नहीं पार कर पाए। टीम के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन 53 गेंद खेलकर महज 7 रन बना सके। इसके साथ विलियमसन के नाम के एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज हो गया जिसे वह कभी याद नहीं रखना चाहेंगे। केन विलियमसन दुनिया के दिग्गज बल्लेबाजों में से एक हैं। विराट कोहली, जो रूट और स्टीव स्मिथ के साथ मॉर्डन डे क्रिकेट में वह फैब फोर में गिने जाते हैं, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैच में उन्हें करियर में पहली बार एक ही सेशन में दो बार बैटिंग के लिए उतरना पड़ा जो कि काफी शर्मनाक है।

# भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल बारिश ने धोया



**कानपुर (वार्ता)** भारत और बांग्लादेश के बीच सीरीज के दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल शनिवार को बारिश की भेंट चढ़ गया। बारिश और खराब मौसम के कारण पहले दिन भी सिर्फ 35 ओवर फेंके जा सके थे जिसमें बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में तीन विकेट खोकर 107 रन बनाये थे। कल रात से रुक रुक कर हो रही बारिश का क्रम आज सुबह करीब 11 बजे थम गया था हालांकि बीच बीच में हल्की बौछारों ने कवर को हटाने का मौका नहीं दिया। मैदानी अंपायरों ने दोपहर दो बजे मैदान का आखिर बार निरीक्षण किया और पिच क्यूरेटर से बात करने के बाद दिन के खेल को रद्द करने का औपचारिक ऐलान कर दिया। इससे पहले दोनो टीमे निर्धारित समय पर मैदान पर पहुंच गयी थीं मगर उन्हे ड्रेसिंग रुम से बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिला जिससे निराश होकर दोनो ही टीमे 1130 बजे के आसपास होटल लौट गयी थीं। मौसम विभाग ने रविवार सुबह भी बारिश के आसार जतायें है हालांकि दोपहर बाद मौसम साफ होने और धूप खिलने का अनुमान है जिसके चलते अभी भी मैच में रोमांच बने रहने की संभावना जतायी जा रही है।

# आईसीसी बैठकों में बीसीसीआई प्रतिनिधि चुनना एजीएम का मुख्य एजेंडा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड की रविवार को होने वाली 93वीं सालाना बैठक का मुख्य एजेंडा आईसीसी की बैठकों में भारत के दो प्रतिनिधियों का चुनाव होगा और निवर्तमान सचिव जय शाह के बाद नये सचिव की तलाश एजेंडे में नहीं है। बैठक इसलिये भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यूएई में महिला टी20 विश्व कप के बाद दुबई में आईसीसी कांक्लेव होने वाली है। महिला टी20 विश्व कप का फाइनल 20 अक्टूबर को दुबई में है और तब तक शाह बीसीसीआई सचिव पद पर रहेंगे। वह एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे। बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली का कार्यकाल खत्म होने के बाद से शाह आईसीसी बैठकों में भारत की नुमाइंदगी करते आये हैं।



**अध्यक्ष रोजर बिन्नी वैकल्पिक निदेशकः**-बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी वैकल्पिक निदेशक हैं जो बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईसीसी बैठकों में कर सकते हैं लेकिन अभी तक ऐसा हुआ नहीं है। उनके कार्यकाल का एक ही साल बचा है लिहाजा देखना होगा कि वह वैकल्पिक निदेशक बने रहेंगे या किसी और को नामित किया जायेगा। सचिव का चयन एजेंडे में नहीं हैं। यहां अंतरराष्टीय हवाई अड्डे के पास राष्टीय क्रिकेट अकादमी के नये परिसर के उद्घाटन के लिये एकत्र हुए सदस्य इस पर आपस में बात कर सकते हैं।

**अनिल और रोहन पर विचार हो रहा** :-फिलहाल दो नामों गुजरात क्रिकेट संघ के सचिव अनिल पटेल और रोहन जेटली पर विचार हो रहा है जो दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष भी हैं। समझा जाता है कि पटेल दौड़ में आगे चल रहे हैं। एजीएम में भारतीय क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि और आमसभा में से दो को शामिल करना , उप समितियों की नियुक्ति और 2024 . 25 के सालाना बजट को मंजूरी देना भी शामिल है। आईपीएल संचालन परिषद की बैठक भी यहां शनिवार को बुलाई गई है और इसमें रिटेंशन के नियम पर बात होगी।

## सब जूनियर चैम्पियनशिप में झारखंड और दिल्ली की जीत

**चंडीगढ (वार्ता)।** चंडीगढ़ में 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्टीय चैंपियनशिप के छठे दिन हॉकी झारखंड और दिल्ली हॉकी ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 42 में हॉकी झारखंड ने ले पुडुचेरी हॉकी को 13-0 से रौंद दिया। सबियन किरो और हेमरोम टिंटस ने गोल दागे। पूल एच के एक अन्य मुकाबले में दिल्ली हॉकी ने हॉकी हिमाचल पर 5-0 से जीत दर्ज की। आर्यन ने लगातार तीन गोल किये वहीं ताशू और नातिक राणा ने भी दिल्ली हॉकी के लिये योगदान दिया।

# त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की हार के साथ भारत का अभियान समाप्त

**मकाऊ (वार्ता)** मकाऊ ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल सेमीफाइनल में शनिवार को त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को चीनी ताइपे की हंग एन-त्जु और हसीह पेई शान से मिली हार के बाद भारत का अभियान भी समाप्त हो गया। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद को 54वीं रैंक की चीनी ताईपे की लड़कियों ने मात्र एक घंटे के खेल में 17-21, 21-16, 10-21 से घुटनो पर बैठा दिया। पहले गेम में अच्छी शुरुआत के साथ चीनी ताइपे की जोड़ी ने 13-8 की बढ़त बना ली। हालांकि, हंग और हसीह की जोड़ी ने अगले आठ में से छह अंक लेकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा और गायत्री ने दूसरे गेम में वापसी करते हुए शानदार खेल का मुजाहिरा किया और मैच में वापसी की। दूसरे गेम को भारतीय जोड़ी ने 21-16 से अपने नाम किया। बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के मकसद से, चीनी ताइपे की टीम ने निर्णायक गेम में एक बार फिर भारतीय शटलरों पर दबाव बनाते हुए उनके खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और 21-10 से इस गेम को अपने नाम किया। इस तरह से सेमीफाइनल मैच में जीत हासिल करते हुए उन्होंने फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। यह तीसरी बार है जब हंग और हसीह इस साल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टूर्नामेंट में त्रिशा और गायत्री को हराने में सफल रहे हैं। भारतीय जोड़ी को यूएस ओपन 2024 में दोनों टीमों की पहली भिड़ंत में जीत मिली थी, लेकिन ताइपे की जोड़ी कनाडा ओपन और चाइना ओपन में शीर्ष पर रही। त्रिशा और गायत्री जून में सिंगापुर ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 इवेंट के सेमीफाइनल में भी पहुंची थीं, लेकिन इस साल अभी तक कोई खिताब नहीं जीत पाई हैं।



## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नयी दिल्ली (वार्ता)** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.43 प्रतिशत की बढ़त लेकर 68.64 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.65 प्रतिशत उठकर 72.45 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# सोने पर शुल्क घटने के बाद बहनों को मंगलसूत्र खरीदने में समस्या नहीं होगी : गोयल

**मुंबई ।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सोना आयात शुल्क में भारी कटौती किए जाने के बाद महिलाओं को मंगलसूत्र खरीदने में कोई समस्या नहीं होगी। गोयल ने यहां आभूषण कंपनी मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सोना सस्ता होने के बाद महिलाएं अब अधिक वजनदार मंगलसूत्र भी खरीद सकती हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे बताया गया है कि (आयात शुल्क में कटौती के बाद) कारोबार में उछाल आया है। कारोबार में बहुत तेजी आई है। अब, मेरी राय में हमारी बहनों को अपने मंगलसूत्र (खरीदने में) मामले में कोई समस्या नहीं होगी और आप वजनदार मंगलसूत्र भी खरीद सकती हैं।''वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोने के आयात पर सीमा शुल्क में भारी कटौती की घोषणा की थी। इस तरह शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया गया है। गोयल ने कहा कि स्वर्ण उद्योग में शुल्क कम करने की बात हर चर्चा में छाई रहती थी और शुल्क कम करने की मांग होती रही थी। उन्होंने स्वर्ण एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) से विदेशों में आभूषण विक्रेताओं की दुकानों से भारतीय पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने में मदद करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे देश और पूरे क्षेत्र को मदद मिलेगी। गोयल ने 21,000 छात्राओं को छात्रवृत्ति की घोषणा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जीजेईपीसी से क्षेत्र-व्यापी योजना तैयार करने को कहा जिसमें कंपनियां लड़कियों की शिक्षा जैसे विशिष्ट मुद्दों पर एक साथ मिलकर भारत को एक विकसित देश बनाने में मदद करें।



## भारत ने गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध हटाया,

**नयी दिल्ली ।** केंद्र ने गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से हटा दिया। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। सरकार ने जुलाई 2023 में चावल की घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए प्रतिबंध लगाया था। निर्यातकों ने पाबंदी हटाने के फैसले की सराहना की और इसे क्षेत्र के लिए अहम करार दिया। 'राइस विला' के सीईओ सूरज अग्रवाल ने कहा, ''गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने का भारत का साहसिक फैसला कृषि क्षेत्र के लिए परिवर्तनकारी है।'' अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार ने 'पारब्वॉइल्ड' चावल पर निर्यात शुल्क भी 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है।

# सीमापार बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास में तेजी लाएंगे भारत और भूटान

**नयी दिल्ली ।** भारत और भूटान ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कुछ सीमा पार बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास में तेजी लाने के लिए चर्चा की। इनमें अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक एकीकृत जांच चौकी की स्थापना का मुद्दा भी शामिल रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल और भूटान के उद्योग, वाणिज्य एवं रोजगार मंत्रालय (एमओआईसीई) के सचिव दाशो ताशी वांगमो के बीच थिम्पू में हुई बैठक में इन मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उन्होंने बैठक की सह-अध्यक्षता करते हुए सीमापार और संपर्क के बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने का निर्णय लिया। इसमें जयगांव-फुंटशोलिंग में एक एकीकृत जांच चौकी की स्थापना और कोकराझार-गेलेफू और बानरहाट-समात्से के बीच रेल संपर्क शामिल है। बयान के अनुसार, दोनों सचिवों ने भूटान से भारत में कबाड़ के आयात के लिए एलसीएस (भूमि सीमा शुल्क स्टेशन) जयगांव की अधिसूचना, भारत-भूटान सीमा पर सीमा हाट की स्थापना, व्यापारियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने और भूटान से भारत में बोल्डर के आयात पर विचार-विमर्श किया। इसके अलावा, भूटान से भारत में आयात के लिए लकड़ी की तीन अतिरिक्त किस्मों को शामिल करने पर भी चर्चा हुई। साथ ही मार्च 2024 में हस्ताक्षरित भूटान खाद्य एवं औषधि प्राधिकरण (बीएफडीए) द्वारा प्रयोग किए जाने वाले आधिकारिक नियंत्रण को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा मान्यता देने के लिए समझौते के शीघ्र परिचालन पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान भूटान को उर्वरकों की आपूर्ति के लिए भूटान के राष्टीय बीज केंद्र और भारत के ब्रह्मपुत्र घाटी उर्वरक निगम लिमिटेड के बीच समझौते को जल्द अंतिम रूप देने पर भी चर्चा की गई।



# हवाई अड्डों की संख्या 2047 तक बढ़ाकर 350 करने की योजनाः नायडू

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने शुक्रवार को कहा कि सरकार 2047 तक देश में हवाई अड्डों की संख्या बढ़ाकर 350 करने तथा पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। नायडू ने विश्व पर्यटन दिवस पर यहां विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि उनका मंत्रालय ज्यादा से ज्यादा ऐसे स्थानों को जोड़ने पर काम कर रहा है जो आवागमन के साधनों की पहुंच से दूर हैं और अज्ञात स्थलों के नजदीक हैं। नायडू ने घरेलू संपर्क को बढ़ावा देने और विदेशी पर्यटकों के स्वागत के लिए हवाई अड्डों पर बेहतर सुविधाएं और गर्मजोशी भरा आतिथ्य प्रदान करने के सरकार के दृष्टिकोण की बात कही। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डों का 'देश के प्रवेश द्वार' होना इसकी वजह है। पर्यटन मंत्रालय के कार्यक्रम में उन्होंने कहा, आज हमारे पास 157 हवाई अड्डे हैं। ...लेकिन अगले 20-25 वर्षों में जब हम 2047 में वास्तविक 'विकसित भारत' देखेंगे, तब हम हवाई अड्डों की संख्या को बढ़ाकर 350 करना चाहते हैं। उन्होंने केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा 'चलो इंडिया' अभियान के तहत आने वाले समय में एक लाख विदेशी पर्यटकों को वीजा शुल्क से छूट दिए जाने की घोषणा के लिए पर्यटन मंत्रालय को बधाई दी। नायडू ने कहा, च्साल 2014 में भारत में 4.6 करोड़ यात्री आए, और हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़ाकर 157 हो जाने के बाद आज हम देश में लगभग सात करोड़ लोगों को आते हुए देख रहे हैं। इनमें से 35 प्रतिशत से अधिक लोग केवल छुट्टियों और मनोरंजन के लिए भारत आ रहे हैं।ज्ज उन्होंने हवाई यात्रा को आम आदमी के करीब लाने के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार की 'उड़ान' योजना की सराहना की।



# शक्कर में लिवाली,तेलों में नरमी, दलहन मजबूत

**इंदौर (वार्ता)।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में पूछपरख रही। खाद्य तेलों में नरमी दर्ज की गई। तिलहन ऊंचे रहे। दलहन मजबूत बने रहे। दालों में उठाव सुस्त बताया गया। इससे भाव कम हुए। चावल में कामकाज सुधार लिए रहा। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी रही इससे तेजी हुई। आज शक्कर में चार गाड़ी की आवक रही। खोपरा बूरा दिसावर के साथ ऊंचा रहा। साबूदाना में कामकाज बढ़ा रहा। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव बताया गया। खाद्य तेलों में लिवाली सुस्ती से नरमी दर्ज की गई। आज पाम तेल में भाव नीचे बोले गए। तिलहन में सोयाबीन में खरीदी बताई गई। संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन जिन्सों में कामकाज लगभग सामान्य वत बना रहा। दाल मिलों की बिकवाली से दालों में भाव कम हुए। आज तुअर दाल 5 से 10 रुपये किलो सस्ती बिकी। चावल में मांग बताई गई।शक्कर 3920 से 3960 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 200 से 220 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 3200 से 5500 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 200 से 270 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 5500 से 6000, पैकिंग में 6200 से 6400 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों निमाड़ी 5800 से 6050 सोयाबीन 4650 से 4700 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल इंदौर 1520 से 1540, सोयाबीन रिफाइंड 1255 से 1260, साल्वेंट 1195 से 1200, पाम तेल 1345 से 1350 रुपये प्रति 10 किलो।चना (कांटा) 7700 से 7750, चना विशाल 7450 से 7500, मसूर 5950 से 6000, तुअर निमाड़ी 9500 से 10100, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 10900 से 11100, तुअर (कर्नाटक) 10900 से 11100, मूंग 7800 से 8300, मूंग हल्की 7200 से 7700, उड़द 8000 से 8400, हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल। चना दाल 8750 से 9250, तुअर दाल सवा नंबर 12900 से 13000, तुअर दाल फूल 15000 से 15200, तुअर दाल बोल्ड 16000 से 16100, आयातित तुअर दाल 11800 से 11900, मसूर दाल 7150 से 7450, मूंग दाल 9700 से 10000, मूंग मोगर 10400 से 10700, उड़द दाल 10800 से 11100, उड़द मोगर 11300 से 11800 रुपये प्रति क्विंटल। बासमती 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000, दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7000 से 7500, मोगरा 4500 से 7000, बासमती सैला 7000 से 9500ह्व, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4700 से 5100 रुपये प्रति क्विंटल। रवा 1870, मैदा 1760, आटा 1730, चना बेसन 4900 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।



# कालाबाजारी करने वालों की खैर नहीं

## मुख्यमंत्री ने सोयाबीन उपार्जन, खाद उपलब्धता और वितरण की वीसी से की समीक्षा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उर्वरक की मांग बढ़ने पर कालाबाजारी, अवैध भंडारण, नकली उर्वरक निर्माण की संभावना रहती है। पुलिस का सहयोग लेते हुए निरीक्षण और चेकिंग की व्यवस्था को बढ़ाया जाए। कालाबाजारी करने वालों, मिलावट, मिस ब्रांडिंग और नकली उर्वरक खपाने वालों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए। उर्वरक अवैध परिवहन पर नियंत्रण के लिए एक जिले से दूसरे जिले में उर्वरक मूवमेंट पर सतत् निगरानी रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से सोयाबीन उपार्जन, खाद उपलब्धता और वितरण की वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग में कलेक्टर -कमिश्नर से चर्चा कर उक्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खरीफ 2024-25 के लिए प्रदेश में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्राइस सपोर्ट स्कीम में मध्यप्रदेश को सोयाबीन उपार्जन की दी गई स्वीकृति के लिए आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश में उपार्जन के समुचित बेहतर प्रबंध करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जाए ताकि आवश्यकतानुसार डीएपी के स्थान पर एनपीके, लिक्विड नैनो यूरिया के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए किसानों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टरों को निर्देशित किया कि राजस्व अमला जनप्रतिनिधियों के साथ फसलों की क्षति आंकलन सुनिश्चित करें। खाद भंडारण के लिए डबल लॉक की आवश्यकता होने पर कृषि उत्पादन आयुक्त से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमानक स्तर का खाद-बीज विक्रय, भंडारण और परिवहन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।



### उर्वरक वितरण के पुख्ता प्रबंध करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रबी 2024-25 के लिए खरीफ 2024 के अनुसार ही उर्वरक वितरण के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रबी 2024-25 के लिए भी पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं। सभी जिला कलेक्टर बेहतर तैयारी कर लें, वितरण व्यवस्था में कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय कर कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री मोदी के विज़न अनुरूप प्राकृतिक खेती को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया जाए। एनपीके और लिक्विड नैनो यूरिया के उपयोग के लिए किसानों को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करें।किसानों द्वारा इनके उपयोग से देश की अन्य राष्ट्रों पर निर्भरता भी कम होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खरीफ 2024 में एनपीके का उपयोग 45 प्रतिशत होने पर प्रसन्नता जताई जो कि वर्ष 2023-24 में मात्र 26 प्रतिशत था। उन्होंने जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट की मालवा क्षेत्र में खाद के 3 रैक और उपलब्ध कराने की मांग के अनुरूप कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खाद के व्यवस्थित वितरण के लिए अधिकारियों को डबल लॉक केन्द्रों पर अतिरिक्त बिक्री काउंटर खोलने के निर्देश भी दिए हैं।

### पोर्टल पर पंजीयन कराया जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राइस सपोर्ट स्कीम पर सोयाबीन उपार्जन की कार्रवाई संवेदनशीलता से करने को कहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित मात्रा के अतिरिक्त सोयाबीन का उपार्जन प्रदेश सरकार करेगी। प्रदेश में 25 सितम्बर से ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों के पंजीयन की कार्रवाई प्रारंभ हो गई है। अधिक से अधिक किसानों से पोर्टल पर पंजीयन कराया जाए। आगामी 20 अक्टूबर तक किसानों का पंजीयन होगा। इसके बाद उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की कार्रवाई 21 दिसम्बर तक होगी। किसानों से 25 अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2024 तक सोयाबीन का उपार्जन प्रदेश के 1400 केन्द्रों पर किया जाएगा। आवश्यकतानुसार इसमें परिवर्तन भी किया जा सकता है। किसानों को भुगतान ऑनलाइन किया जाएगा। प्रदेश में 7 जिले दतिया, भिंड, कटनी, मंडला, बालाघाट, सीधी एवं सिंगरौली को छोड़कर शेष सभी जगह सोयाबीन का उपार्जन होगा। इन जिलों से प्रस्ताव आने पर सोयाबीन उपार्जन पर विचार किया जाएगा।

### बैठक में जन-प्रतिनिधियों की सहभागिता

बैठक में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, कृषि उत्पादन आयुक्त मोहम्मद सुलेमान, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव परिवहन एस.एन. मिश्रा, अपर मुख्य सचिव कृषि अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय संजय शुक्ला, सचिव एवं आयुक्त कृषि एम. सेल्वेन्द्रन, आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम पी. खाड़े, संचालक कृषि अजय गुप्ता और एमपी मार्कफेड आलोक कुमार सिंह मौजूद थे। कॉन्फ्रेंसिंग से कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं जन-प्रतिनिधियों ने बैठक में वर्चुअल सहभागिता की।



# अल्पसंख्यक कल्याण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में बेहतर कार्य

**राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य ने की योजनाओं की समीक्षा**

**भोपाल।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य रिंचन लम्हों ने वीआईपी रेस्ट हाऊस भोपाल में अल्पसंख्यक समुदाय के धर्मगुरुओं के साथ बैठक में अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण के लिए शासन की योजनाओं एवं उनकी समस्याओं के निराकरण के संबंध में बैठक की। इस अवसर पर उपस्थित धर्म गुरुओं एवं समाज के सामाजिक प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सहायक संचालक अनिल सोनी ने विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक वर्ग के लिये जारी होने वाले जाति प्रमाण-पत्र अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा स्व-घोषित घोषणा-पत्र के आधार पर शपथ-पत्र को ही जाति प्रमाण-पत्र के रूप में मान्य करने का प्रावधान है। इस संबंध में पूर्व में ही भारत सरकार की अधिसूचना जारी हो चुकी है। अपर कलेक्टर प्रकाश नायक ने बताया कि अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण और शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। आयोग की सदस्य लम्हों ने बताया कि उन्होंने आयोग के कार्यों से पूरे देश में भ्रमण किया है। अन्य राज्यों की तुलना में मध्यप्रदेश में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम की प्रगति की प्रशंसा की। इस अवसर पर विभागीय निरीक्षक श्रीमती नेहा भूमरकर ने आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# जीवन में परोपकार और सेवा के काम करते रहें : कृष्णा गौर

## राजीव नगर में रक्तदान शिविर आयोजित




**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर कहा कि जब किसी की जिंदगी बचती है तो उस व्यक्ति को भी पूरे परिवार की दुआएं मिलती है। श्रीमती गौर प्राइम-वे हायर सेकेंडरी स्कूल राजीव नगर में आयोजित रक्तदान शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि सही अर्थों में मेरे जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के माध्यम से जन्मदिन को सफल और सार्थक कर दिया, जितने लोग रक्तदान करेंगे, वह किसी की जिंदगी बचाने का काम करेंगे। इस तरह के आयोजन स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ आने वाली पीढ़ी को भी परोपकार के कार्य से जोड़ती हैं। जीवन में जितना हम मदद करेंगे, जितना परोपकार करेंगे उतना हम प्रभु के आशीर्वाद पाने के हकदार भी होंगे, इसलिए हम अपने जीवन में लगातार परोपकार और सेवा के काम करते रहे। शिविर में नेत्र परीक्षण, रक्तदान शिविर, दंत परीक्षण, नियमित परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विवेकानंद शाखा और सेवा सदन आई हॉस्पिटल की मदद से आयोजित किया गया। स्थानीय पार्षद ममता विश्वकर्मा, पार्षद छाया ठाकुर, श्री प्रदीप लोधी, स्कूल की प्राचार्य सुनीता मंडलोई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। मंत्री श्रीमती गौर ने डॉक्टरों की टीम और रक्तदान करने वालों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया, साथ ही बच्चों को फल वितरित किए।

## मुख्यमंत्री ने कमल चावला को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के लाल कमल चावला को विश्व सिक्स रेड स्नूकर चैम्पियनशिप-2024 में पाकिस्तान के इकबाल असजद को 6-2 से हराकर विश्व चैम्पियन का खिताब हासिल करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में लिखा है कि यह ऐतिहासिक और स्वर्णिम विजय श्री कमल चावला के अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प और अटूट लगन का सुफल है, जिसने मां भारती को वैश्विक पटल पर गौरवभूषित किया है। उनकी यह असाधारण उपलब्धि सम्पूर्ण खेल जगत के लिए एक अथाह प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री कमल के नित नये कीर्तिमान रचते रहने की कामना भी की।

# जटिल ऑपरेशन में निश्चेतना की प्रगति से मिलेगी नई दिशाः शुक्ल

## रीवा में विशेषज्ञों के राज्य स्तरीय वार्षिक सम्मेलन का शुभारंभ

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि जटिल ऑपरेशन प्रक्रियाओं में निश्चेतना के क्षेत्र में हुई प्रगति अत्यंत कारगर साबित होगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में राज्य स्तरीय निश्चेतना विशेषज्ञों के 38वें वार्षिक सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से प्राप्त ज्ञान न केवल चिकित्सा शोध में योगदान देगा, बल्कि मरीजों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधाएं देने में भी मदद करेगा।

**चिकित्सकों के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध होगा:**-उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह सम्मेलन रीवा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के साथ प्रदेश के अन्य चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सकों के लिए भी ज्ञानवर्धक सिद्ध होगा।




उन्होंने सम्मेलन को चिकित्सा क्षेत्र में मील का पत्थर बताया और देश-विदेश से आए विशेषज्ञों का स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने स्मारिका का विमोचन भी किया और बाहर से आए निश्चेतना विशेषज्ञों का सम्मान किया।

**निश्चेतना के क्षेत्र में हुई नई प्रगति:**-मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल ने बताया कि इससे रीवा के चिकित्सकों को निश्चेतना के क्षेत्र में हुई नई प्रगति, रोग प्रबंधन और दर्द को कम करने वाली पद्धतियों के बारे में जानकारी मिलेगी। कांफ्रेंस में रीवा के चिकित्सकों द्वारा शोधपत्रों का प्रस्तुतिकरण भी किया जाएगा। इससे उनके शोध कार्यों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान मिलेगी।

**100 से अधिक निश्चेतना विशेषज्ञों शामिल:**-सम्मेलन में देश-विदेश से आए 100 से अधिक निश्चेतना विशेषज्ञों शामिल हुए। सम्मेलन में क्रिटिकल केयर, वेंटिलेटर प्रबंधन और दर्द रहित चिकित्सा के विभिन्न आयामों पर चर्चा की जायेगी। अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अरूण श्रीवास्तव, संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक राहुल मिश्रा, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव सहित देश-विदेश से आए निश्चेतना विशेषज्ञ और चिकित्सक उपस्थित रहे।

## 100 बिस्तरीय नवीन अस्पताल लिए वन विभाग से मिली स्वीकृति

**दमोह।** सांसद राहुल सिंह के प्रयासों से जिला चिकित्सालय में 100 बिस्तरीय अस्पताल भवन के निर्माण के लिए वन विभाग, दमोह की 1600 वर्ग मीटर भूमि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को हस्तांतरित कर दी गयी है। आगामी 5 अक्टूबर को सिंग्रामपुर में होने वाली कैबिनेट बैठक के दौरान मुख्यमंत्री भूमिपूजन करेंगे।

## स्वच्छता कार्यक्रम आज

**दमोह।** जिला प्रशासन दमोह और सभी सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से चलने वाले साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के अंतर्गत रविवार 29 सितंबर को प्रात: 7 बजे से 9 बजे तक पुराने कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।

# एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

**हटा।** 11 एमपी बटालियन एनसीसी सागर के कर्नल अरुण बल्हारा के निर्देशानुसार शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय सीएम राइज हटा के एनसीसी कैडेट्स द्वारा वर्ल्ड मेरीटाइम डे के उपलक्ष्य में एनसीसी अधिकारी चीफ आफीसर सत्येंद्र सिंह राजपूत फर्स्ट ऑफीसर प्रेम नारायण खेमरिया के मार्गदर्शन में एक सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारियों के साथ-साथ एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता विषय पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। सेमिनार के उपरांत विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक रैली का आयोजन किया। कैडेट्स द्वारा स्वच्छता के नारे लगाते हुए रैली का आयोजन किया। साथ ही विद्यालय परिसर एवं सड़कों पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। एनसीसी कैडेट्स के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना है एवं स्वच्छता का संदेश देना है। कैडेट्स के द्वारा आम लोगों को भी स्वच्छता का महत्व बताते हुए एसभी जल संसाधनों जैसे नदी तालाब इत्यादि को स्वच्छ रखने का भी संकल्प लिया गया। ज्ञात हो की 11 एमपी बटालियन एनसीसी सागर द्वारा अलग-अलग विद्यालय एवं महाविद्यालय में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत अलग-अलग जन जागरूकता कार्यक्रम कराए जा रहे है। इन्हीं कार्यक्रमों के तारतम्य में शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय सीएम राइज हटा में एनसीसी कैडेट्स द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मॉडल के प्राचार्य भूपेंद्र सिंह राजपूत द्वारा भी एनसीसी कैडेट्स को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस प्रोग्राम ऑफीसर तीन सुश्री श्रद्धा अग्रवाल मनीष चौरसिया सत्येंद्र सिंह परिहार श्रीमति ऋचा चौबे सीमा तिवारी यशोदा राय रेखा असाटी एएन स्वर्णकार विमल तिवारी अजीत रैकवार आदि अन्य शिक्षक गण भी शामिल हुए और अपने विचार एनसीसी कैडेट्स के सामने रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।




## अनुसूचित जाति विभाग विभिन्न मांगों को लेकर सौंपेगी ज्ञापन

**दमोह।** अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनंचद जैन एवं अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष अजय जाटव के नेतृत्व में प्रमुख कांग्रेसजन बिहार के नबादा जिले के कृष्णनगर में दबंगो द्वारा 15 दलितों के घर जलाये जाने पर शासन प्रशासन के मौन रहने पर एंव 1-1 करोड़ की मुआवजा राशि दिलाये जाने को लेकर कल 30 सितम्बर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट पहुंच कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेगे। साथ ही दमोह विधानसभा के समन्ना में हुए दुर्घटना में शोभानगर में 9 लोगों के मृतक परिवार को 10 लाख को मुआवजा राशि दिलाये जाने एवं

# सपा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**दमोह।** समाजवादी पार्टी ने शनिवार को दमोह जिले में किसानों के हितों की आवाज को बुलंद करते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पार्टी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट सीताराम यादव के नेतृत्व में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में किसानों को फसलों के लिए उचित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और आवारा पशुओं के कारण हो रहे सड़क हादसों में पशुओं और व्यक्तियों की हो रही मौतों को रोकने और उनकी सुरक्षा एवं प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई है। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष एड. सीताराम यादव, राम यादव, राजू यादव, शीतल राय, एड. अनरत सिंह लोधी, रामेश्वर कुशवाहा, जागेश्वर कुशवाहा, अजय राम यादव, राज यादव, शारदा यादव, गुड्डू यादव, राज यादव सहित समस्त समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सेवा से सीखो कार्यक्रम आयोजित

**दमोह।** खेल और युवा विभाग मध्य प्रदेश शासन की ओर से 17 से 2 अक्टूबर स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत सेवा से सीखो को कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीण युवा समन्वयक श्रीमती संतोषी पटेल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में सभी मरीजों को खिलाड़ियों द्वारा फल फ्रूट वितरित किए गए एवं शासकीय एमएलबी स्कूल पथरिया में स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत साफ सफाई कार्यक्रम किया गया। आयोजन में सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग से डॉ शशिकांत पटेल, डॉ देवेंद्र पटेल, डॉ ऐश्वर्या प्रताप सिंह, डॉ प्रियांशी पांचाल, डॉ हेमंत बहेरिया, पुष्पेंद्र बर्दिया हेमंत खरे ओंकार पटेल श्रद्धा चौहान, मंजू पटेल, ललित नामदेव, कल्पना, भारती सैनी, रोशनी श्रीवास्तव, स्कूल शिक्षा विभाग से सुभाष जैन प्राचार्य डॉ पुष्पेंद्र तिवारी, राजेश गर्ग, दीपक नामदेव , शोभा अहिरवार दिव्या शर्मा, एवं खिलाड़ियों में पूनम राठौर ,मोहिनी पटेल,नीलम, देवेंद्र राठौर, राहुल अहिरवाल, रानी विश्वकर्मा, भवानी विश्वकर्मा, डाली पटेल ने उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया।

# 'मां' की प्रतिमा गढ़ रहे बेटे

## शहर में तीन सौ से अधिक दुर्गा मूर्तियों का हो रहा निर्माण

**हटा।** आगामी तीन अक्टूबर को शारदेय नवरात्र को लेकर मूर्ति कलाकार मां दुर्गा के साथ अन्य प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे हैं। नवरात्रि के प्रथम दिन तो कहीं पाचवें दिन मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए पूजा पंडाल बनना शुरू गए हैं। सभी जगह तैयारियां जोरों पर है। वहीं मां दुर्गा समेत अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा पंडाल में स्थापित करने के लिए कारीगरों द्वारा मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शहर के रतन बजरिया, तीनबत्ती तिगड्डा, कमला नेहरू वार्ड, मुरली मनोहर वार्ड शास्त्री वार्ड सहित अन्य क्षेत्रों में करीब तीन सौ से अधिक मूर्तियां बनाई जा रही है। जो शहर के मुख्य स्थानों के अलावा टीकमगढ़, छतरपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित की जाएगी। इस बार अधिकांश मूर्ति सौम्य रुप में बनाई गई हैं सबसे ऊंची प्रतिमा 12 से 15 फीट की बनाई गई है। तीनबत्ती तिगड्डा के निकट दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देते हुए मूर्ति कलाकार सुनील चक्रवर्ती ने बताया कि क्षेत्र के लगभग 50 से अधिक प्रतिमाओं का निर्माण करने का जिम्मा मिला। लगभग सभी प्रतिमाएं बन गई हैं। प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कारीगर ने बताया कि इस बार सामग्री महंगी हो गई है। जिससे मूर्तियों के दाम भी बढ़ गए हैं। इस नवरात्रि पर्व पर सजावट को लेकर सभी नवदुर्गा उत्सव समितियों ने खासी तैयारी की है, नगर के सभी मुख्य मार्गों पर अधिक से अधिक लाइटिंग करने के फैसले लिए गए जिसमें सबसे ज्यादा अंधियारा बगीचा, चंडी जी मंदिर चौराहा, नाला गली थाना मंदिर चौराहए बड़ा बाजार में तैयारियां शुरू हो गई है।




**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भूखण्ड हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति अनीशा खान पति श्री अब्दुल हमीद खान के द्वारा हाथीताल कालोनी जबलपुर में भवन क्रमांक एल.आई.जी.-90 के हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त भवन श्रीमति लीलाम्मा मैथ्यू पति श्री के. व्ही. मैथ्यू के नाम आवंटित है। श्रीमति अनीशा खान पति श्री अब्दुल हमीद खान के प्राप्त आवेदन एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्रीमति अनीशा खान पति श्री अब्दुल हमीद खान के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भूखण्ड के हस्तांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर हाथीताल कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-90 श्रीमति अनीशा खान पति श्री अब्दुल हमीद खान के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/दावा साम्य नहीं होगा।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामांतरण /हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि धनवंतरी नगर कालोनी जबलपुर में भवन क्र. एच.आई.जी. 86 श्रीमति कृष्णा अग्रवाल पति श्री जगदीश अग्रवाल के नाम आवंटित है आवंटी श्रीमति कृष्णा अग्रवाल पति श्री जगदीश अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 22.05.2024 को हो गई है आवंटी के पुत्र श्री नीरज अग्रवाल द्वारा उक्त संपत्ति को शपथ पत्र के आधार पर लीज नामांतरण स्वंय के नाम करने हेतु आवेदन संलग्न दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन के हस्तांतरण / नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने पर धनवंतरी नगर जबलपुर स्थित भवन क्र. एच.आई.जी.- 86 श्री नीरज अग्रवाल पिता श्री जगदीश अग्रवाल के नाम हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/ दावा मान्य नही होगा।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

# कबड्डी में हितकारिणी गोविंदगंज, बीएमडी नर्सिंग और लॉ कॉलेज बने विजेता





## गोला फेंक में लॉ कॉलेज ने किया कमाल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी सभा और विद्या परिषद के संयुक्त तत्वावधान में अंतर विद्यालयीन और महाविद्यालयीन वार्षिक खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को कबड्डी और गोला एवं तवा फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हितकारिणी सभा के वरिष्ठ सदस्य देवेंद्र सिंह राजपूत और जिला अधिवक्ता संघ की एड. ज्योति राय रहीं। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त लोक अभियोजक एड. सरोज तिवारी रहीं। अध्यक्षता विद्या परिषद के सचिव एड. जयेश राठौर ने की। खिलाड़ियों से परिचय उपरांत प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कबड्डी में निर्णायक की भूमिका शान यादव, दिनेश तिवारी, रवि बेन, स्नेहा सिंगरहा, साक्षी विश्वकर्मा और अंशिका ने निभायी, जबकि गोला, तवा फेंक में निर्णायक की भूमिका विजय तिवारी, रोहित राणा, मोदिक रजक ने निभायी। कबड्डी में विद्यालय स्तर पर बालक वर्ग फाइनल मैच में हितकारिणी गोविंदगंज ने हितकारिणी सहजपुर को पटकनी दी।

***सहजपुर को दीक्षितपुरा ने हराया***- वहीं बालिका वर्ग में बाबू मनमोहनदास हितकारिणी कन्या शाला दीक्षितपुरा ने अपना दबदबा कायम रखते हुए हितकारिणी सहजपुर को परास्त किया। महाविद्यालय स्तर पर पुरूष वर्ग में हितकारिणी लॉ ने बेहद कड़े मुकाबले में हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज को हराया। वहीं महिला वर्ग में रोमांचक मुकाबले में हितकारिणी नर्सिंग कॉलेज की टीम ने हितकारिणी लॉ कॉलेज को पराजित कर अपना दबदबा कायम रखा। गोला फेंक प्रतियोगिता में महाविद्यालय स्तर पर पुरूष वर्ग में हितकारिणी लॉ कॉलेज के दीपांशु शुक्ला ने प्रथम, फार्मेसी कॉलेज के अंकित यादव ने द्वितीय और लॉ कॉलेज के अंकित चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं महिला वर्ग में लॉ कॉलेज की मासूम उपाध्याय ने प्रथम, दिव्यता बाजपेयी ने द्वितीय और बीएड कॉलेज की पूजा पट्टा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर खेल अधिकारी दिनेश सिंह ठाकुर, सीएस खंपरिया, राजेंद्र तिवारी, मीनाक्षी धूरिया, राजेश सेन, संयोजक विद्या परिषद नरेश तिवारी, सह संयोजक राजीव श्रीवास्तव सहित खिलाड़ी उपस्थित रहे ।



वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर सेमीनार

# सम्मान के साथ रानी की विरासत को संजोया जायेगा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती के अवसर पर उनके अविस्मरणीय जीवन पर चर्चा एवं उनके गौरवशाली इतिहास की विरासत को संजोने के लिए विशेष सेमीनार स्मार्चर्ट सिटी के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का उद्देश्य वीरांगना की वीरगाथा को साझा करना और विस्तारपूर्वक जन.मानस के समक्ष प्रस्तुत करना है। इसमें अनेक विद्वानों, लेखकों, इतिहासकारों ने तथ्योंम के आधार पर रानी दुर्गावती की कल्याणकारी कार्य उनके गौरव व विरासत को संरक्षित करने में अपने विचार दिए।

***रानी की प्रशासनिक दक्षता जानना जरूरी***- इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कहा कि रानी दुर्गावती जबलपुर की गौरव है और जबलपुर पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा उनके संबंध में प्रमाणित जानकारी आम जन तक पहुंचाने के लिए एक अच्छ् प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि वीरांगना रानी की गौरव गाथा प्राय: सभी जानते हैं लेकिन उसमें सबसे बड़ी बात उनकी प्रशासनिक दक्षता थी। उनकी सोच कई शताब्दियों से आगे थी। तत्समय साम्राज्य को लेकर लड़ाइयां खूब होती थीं। ऐसे समय में वीरांगना रानी ने सुशासन व जन कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। संगोष्ठी से अवश्य ही कुछ और प्रमाणित तथ्य हैं सामने आयेंगे जो उनकी गौरवगाथा को और सशक्त करेंगे। कार्यक्रम में जबलपुर पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सीईओ हेमंत सिंह और बियाँड स्टूडियो व फिल्मोत्थान ग्रुप के साथ संभाग के प्रतिष्ठित इतिहासकार और लेखक मौजूद थे।

## दुष्कर्म और ब्लैकमेल के आरोपित रेलवे अधिकारी की जमानत निरस्त

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेलवे मंडल के कार्मिक विभाग के अधिकारी विनोद कोरी को हाईकोर्ट से पूर्व में मिली जमानत निरस्त कर दी गई है रेलवे अधिकारी विनोद कोरी पर उनकी सहकर्मी महिला ने आरोप लगाया था कि उक्त अधिकारी ने उनके साथ दुष्कर्म किया और बाद में ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया मामले की रिपोर्ट बरेला थाने में की गई थी जिस पर बरेला पुलिस ने कार्यवाही करते हुए विनोद कोरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सत्र न्यायाधीश ने विनोद कोरी की जमानत याचिका निरस्त कर दी गई थी। उसके बाद हाईकोर्ट ने विनोद कोरी की गिरफ्तारी के लगभग दो महीने उपरांत उसे जमानत का लाभ दिया था। विनोद कोरी को मिली जमानत निरस्त करने पीड़ित महिला द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई महिला की तरफ से अधिवक्ता निखिल भट्ट ने न्यायमूर्ति श्री विशाल धगट की अदालत को बताया कि आरोपी का तबादला सागर कर दिया गया है लेकिन वो जबलपुर आकर पीड़िता का पीछा करते हुए उसको प्रताड़ित कर रहा है जिसके कारण पीड़ित महिला भय में जी रही है। आरोपी द्वारा इस बात का दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है कि पीड़िता अपने आरोपों से मुकर जाए। इस संदर्भ में अधिवक्ता निखिल भट्ट ने कुछ फोटोग्राफ भी अदालत के समक्ष पेश किए। न्यायाधीश विशाल धगट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि आरोपी अपनी जमानत का मिसयूज कर पीड़िता पर दवाब बनाने का प्रयास कर रहा है इन परिस्थितियों को देखते हुए विनोद कोरी को पूर्व में मिली जमानत निरस्त की जाती है।

## गढ़ा रामलीला में संत अर्चना व मुकुट पूजन आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** श्री रामलीला समिति गढ़ा के संचालक पं. अशोक मनोध्याय ने बताया कि समिति के तत्वावधान में 58 वाँ मंचन महोत्सव 29 सितंबर से रात्रि 8.30 बजे से आधुनिक आकर्षक साज सज्जा और पुरातन आर्दशो के साथ परम्परागत मुकुट पूजन और संत अर्चना से शुभारंभ होगा। इसमें सबसे पहले स्वामी नृसिंहपीठाधिश्वर डॉ. स्वामी नरसिंहदासजी महाराज की संत अर्चना होगी। इसके उपरांत मुकुट पूजन एवं नारद मोह की लीला का मंचन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री राकेश सिंह, विशिष्ट अतिथि संचालक ज्ञानोदय चिल्ड्रन एकेडमी मुकेश साहू होंगे। साथ ही प्रधान संपादक श्रीसनाढ्य संगम राजेश पाठक प्रवीण का अभिनंदन भी किया जाएगा। पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी रामलीला का मंचन विशाल साज-सज्जा के साथ होगा।

## अनन्या की आँख की हुई सफल सर्जरी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आठ वर्षीय अनन्या की दायीं आँख में हुये मोतियाबिंद की सफल सर्जरी आज शनिवार को जिला चिकित्सालय में की गई। बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला प्रबन्धक सुभाष शुक्ला ने बताया कि अनन्या की आंख के मोतियाबिंद की सर्जरी फेको पद्धति से जिला चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण अहिरवाल और उनकी टीम ने की। फेको पद्धति से सर्जरी के साथ ही अनन्या की आंख में लेंस का प्रत्यारोपण भी किया गया।

## राजस्व मामले में जबलपुर रेल मंडल अव्वल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर रेल मंडल ने पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में मालगाड़ियों द्वारा माल ढुलाई करके वाणिज्यिक आय अर्जित करके जोन में प्रथम स्थान अर्जित किया है। जिसके चलते चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के पांच माह ( 01 अप्रैल 2024 से 31 अगस्त 2024) में कुल 15.35 मिलियन टन माल लदान से मंडल को राशी 1459.37 करोड़ रूपये का रिकॉर्ड राजस्व प्राप्त हुआ है जो की पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 2.54 प्रतिशत अधिक है ।




## हितकारिणी डेंटल टीम ने लगाया फ्री कैम्प

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा गुरु रामदास खालसा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कुकरीखेड़ा बरेला में निशुल्क दंत परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे 102 से अधिक संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का दंत परीक्षण कर उन्हें दांतों की उचित देखभाल, सही खान पान एवम ब्रश करने के सही तरीकों से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्देशक डॉ.राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती गुरदीप कौर चंडोक और शिविर के आयोजक सुषमा भारती की उपस्तिथि में सम्पन्न हुआ। कैम्प में हितकारिणी डेंटल कॉलेज से डॉ.निहारिका बेंजामिन, डॉ.अविनाश बोस, डॉ.नेहा राय सहित अन्य डाक्टरों की उपस्थिति रही।

## पमरे महाप्रबंधक ने किया पौधारोपण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



स्वच्छ भारत एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत शनिवार को रेल्वे विद्युतीकरण कार्यालय के परिसर में मुख्य अतिथि पमरे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की उपस्थिति में पौधारोपण का कायक्रम आयोजित किया गया । उक्त कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील द्वारा ुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्काउट एवं गाइड के सदस्यों के द्वारा स्वच्छता पर एक पैरोडी एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया ।




## श्वानों, बिल्लियों को लगाया नि:शुल्क रैबीज टीका

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** शनिवार को विश्व रेबीज दिवस विकास खंड मुख्यालय सिहोरा में मनाते हुए श्वानो का नि:शुल्क एंटीरेबीज टीकाकरण किया गया। शिविर का अयोजन विकास खंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीता मनोचा के निर्देशन में किया गया। उनके द्वारा बताया गया की इस शिविर में लगभग 62 श्वानों और बिल्लियों का नि:शुल्क टीकाकरण किया गया। एनजीओ द्वारा निराश्रित श्वानो को भी टीका लगवाया गया। शिविर में कादरी, नितिन गर्ग शिवम् गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# ठेकेदार को बोगस बिल से मिले 45 लाख रुपये

### ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया प्रकरण, ग्रासविप्रा सिवनी का मामला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** उप पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ एव्ही सिंह द्वारा जानकारी दी गई है कि आवेदक बलजिंदर सिंह नैय्यर प्लाट नंबर 7 शिरके ले आउट राजनगर, कटोल रोड, नागपुर महाराष्ट्र द्वारा एक लिखित शिकायत अनावेदक ठेकेदार संजय सिंधी निवासी देवेन्द्र जैन स्कूल रोड 50, वर्धमान रोड, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ के विरूद्ध दर्ज कराई गई थी। जिसमें यह उल्लेखित था कि अनावेदक ठेकेदार द्वारा मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण सिवनी पीआईयू 1 अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य में व्यापक मात्रा में डामर के फर्जी बिल लगाकर, शासन से भुगतान प्राप्त कर करोड़ों रूपयों का आर्थिक लाभ प्राप्त किया गया है। उक्त शिकायत जांच हेतु जबलपुर ईओडब्ल्यू में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक एहीण सिंह को दी गई थी। जब शिकायत की जांच की गई तो यह तथ्य संज्ञान में आया कि अनावेदक सड़क निर्माण ठेकेदार श्री संजय सिंघी द्वारा मण्प्रण् ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरणए सिवनी में वर्ष 2016 में इनवाईस लगाकर कुल राशि 45,89, 331 रूपये का इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा जारी नहीं किये गये हैं। उपरोक्त फर्जी बिल मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के पैकेज में जिला सिवनी में सड़क निर्माण कार्य में डामर के लगाये गये हैं। संजय सिंघी को बिल 02 फरवरी 2016 को इनवाईस नंबर 684837880 का ही जारी किया गया है। इस प्रकार अनावेदक संजय सिंघी द्वारा लगाये गये 07 इनवाईस डामर के फर्जी कूटरचित करके कुल राशि 45,89,331 रूपये के मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण सिवनी में लगाकर भुगतान प्राप्त कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। इस कार्य में जो भी अधिकारी और सड़क ठेकेदार शामिल हैं उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## डीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सिहोरा विकासखंड के अंतर्गत संचालित गोसलपुर कस्बे में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा शनिवार को औचक निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रत्येक कक्षा का भ्रमण कर छात्र-छात्राओं से पढ़ाई का आंकलन किया साथ ही विद्यालय परिसर में साफ सफाई व्यवस्था को देखकर जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में फैली गंदगी अवस्था को 3 दिवस के अंदर दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## कोचिंग डिपो में सफाई मित्रों का जांचा स्वास्थ्य

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर रेल मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विवेक शील मंडल रेल प्रबंधक के निर्देशन में डॉ. निर्मला गुप्ता मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के मार्गदर्शन में शनिवार को रेलवे के कोचिंग डिपो जबलपुर में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. संदीप कुमार चौहान, मंडल चिकित्सा अधिकारी द्वारा रेलवे के कोचिंग डिपो जबलपुर में आउटसोर्स ऐजन्सियों के कुल 112 सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई।



## नहर में मिली अज्ञात की लाश

सिहोरा (स्वतंत्र मत)

गोसलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मढ़ोद स्थित बड़ी नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने पानी में शव तैरते हुए देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक जांच में मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष की बताई गई। पुलिस के मुताबिक मृतक नहर में पानी के तेज़ बहाव से तैरता हुआ दूसरे केनाल में फस गया तथा जिसकी मृत्यु का कारण पानी में डूबने से प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को पीएम के भिजवाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## विज्ञान मेला, आरोग्य एक्सपो 15 से 18 तक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** महाकोशल विज्ञान परिषद् के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर दीपक सक्सेना से महाकोशल विज्ञान मेला एवं आरोग्य एक्सपो 2024 के संबंध में भेंट की। इस दौरान महाकोशल विज्ञान मेला का ब्रॉशर का विमोचन किया गया। इस दौरान विज्ञान मेला एवं आरोग्य एक्सपो 2024 के संबंध में स्थान एवं तारीख निर्धारित की गई। उक्त मेला 15 से 18 नवम्बर 2024 को पशुचिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर के खेल परिसर में आयोजित किया जायेगा। जिसमें प्रादेशिक एवं देश की वैज्ञानिक और तकनीकी संस्थाएं जैसे इसरो, डीआरडीओ, आईसीएमआर, आईसीएआर, डीएसटी, डीबीटी इत्यादि लगभग 100 संस्थान अपने आधुनिकतम विज्ञान को प्रदर्शित करेंगे। इस अवसर पर महाकौशल विज्ञान परिषद के प्रांत अध्यक्ष प्रो.एसपी गौतम, प्रांत सचिव इंजी. प्रभात दुबे, प्रांत संगठन मंत्री अंकित राय आदि उपस्थित रहे।

# बिहार की किशोरी से दुष्कर्म, चालक अरेस्ट

### ट्रेन में हुई थी मुलाकात, एक महिला भी शामिल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



एक 17 वर्षीय बिहार निवासी किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने शनिवार को एक ऑटो ड्राइवर और महिला को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक 2 दिन पहले किशोरी बिहार से अपने घर में बिना बताए ट्रेन में बैठकर मुंबई जा रही थी। वह काम की तलाश में निकली थी। शुक्रवार सुबह कटनी स्टेशन में नाबालिग की मुलाकात सीधी की रहने वाली 34 साल की महिला से हुई। कुछ देर में दोनों के बीच बात होने लगी। किशोरी ने महिला को घर में पैसों की दिक्कत बताई। महिला ने कहा कि जबलपुर में भी काम मिल सकता है, वो भी वहीं जा रही है। चाहे तो वह भी साथ में चल सकती है। जिसकी बातों में आकर किशोरी जबलपुर रेलवे स्टेशन में उतर कर ऑटो से तीन पत्ती चौक पहुंची। उतरते ही उसकी मुलाकात ऑटो चालक पनागर देवरी निवासी अनुष केवट से हुई।

### पूछते-पूछते पहुंची थाने

आरोपी अनुष केवट ने काम दिलाने की बात कहते हुए दोनों को पहले तो देवरी स्थित अपने घर खाना खिलाने ले गया। इसके बाद पनागर में काम दिलाने के बहाने दोनों को ले गया। इसके बाद सुनसान जगह ले जाकर लड़की के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान महिला ऑटो में बैठी रही। किशोरी को वहीं पर छोड़कर भाग गया, जबकि महिला भी चली गई। वारदात के बाद लोगों से पूछते-पूछते किशोरी पनागर थाने पहुंची। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने महिला और आरोपी अनुष केवट को गिरफ्तार कर लिया है।




हितकारिणी प्रकाशन लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा, स्थानीय सम्पादक- महेश महदेल** * *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**